वर्ष : 07 अंक : 01

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

सोमवार, 01 जुलाई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### आबकारी घोटाला : कविता की जमानत अर्जी पर फैसला आज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। इस मामले में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा एक जुलाई को दोपहर 2:30 बजे फैसला सुनाएंगी। उन्होंने 28 मई को कविता की दोनों जमानत अर्जियों पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। कविता ने निचली अदालत के छह मई के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें भ्रष्टाचार के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन मामले में उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी गई थी।

### बारामूला में सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

**बारामूला।** बारामूला जिले में गुलमर्ग पर्यटक स्थल के ऊंचे इलाकों में संदिग्ध लोगों की गतिविधि के बाद सुरक्षाबलों ने रविवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों ने गुलमर्ग के अफरवत इलाके में बंदूकों के साथ दो लोगों को देखे जाने की सूचना मिलने के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। एहतियात के तौर पर अधिकारियों ने गोंडोला केबल कार के दूसरे चरण को बंद कर दिया है और पर्यटकों से उस क्षेत्र में न जाने को कहा है। खबर लिखे जाने तक पहले चरण तक केबल कार सेवाएं चालू थीं और सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान भी जारी था।

### एनआईए ने राजौरी में कई स्थानों पर ली तलाशी

**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को रियासी आतंकवादी हमले के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर तलाशी ली। आतंकवादियों और ओजीडब्ल्यू के बीच संबंधों को दर्शाने वाली कई वस्तुएं जब्त की गईं है। एनआईए ने आतंकी साजिश का पता लगाने के लिए जब्त सामग्री की जांच शुरू कर दी है। आतंकवादियों ने 9 जून की शाम को रियासी जिले के पौनी इलाके में शिव खोरी से कटरा जा रही यात्रियों की बस पर गोलीबारी की थी, जिससे बस पास की एक खाई में गिर गई थी, जिसमें एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी। एनआईए ने गृह मंत्रालय के आदेश पर 15 जून को जांच का जिम्मा संभाला था। एजेंसी ने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स से जुड़े पांच स्थानों की रविवार को तलाशी ली।

# आज से लागू हो रहे तीन नए कानून, अपराध पर कसेगी लगाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देशभर में 1 जुलाई से तीन नया आपराधिक कानून लागू होने जा रहा है। इसके तहत फरियादी घर बैठे गंभीर आपराधिक मामलों में ई-एफआईआर कर सकता है। इस नए नियम के तहत एफआईआर दर्ज करवाने से लेकर बयान देने तक पूरी प्रक्रिया फरियादी के लिए आसान हो जाएगी। तीनों नए कानून वर्तमान में लागू ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। यह नए कानून के नाम भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) हैं। इसी साल फरवरी में इन तीनों आपराधिक कानूनों को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इन कानून के लागू होने से कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

- हत्या-रेप जैसे गंभीर अपराधों में घर बैठे तुरंत होगी ई-एफआईआर




### दुष्कर्म के दोषियों को फांसी तक की सजा

नये आपराधिक कानून के अंतर्गत नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषियों को फांसी की सजा तक दी जा सकती है। वहीं नाबालिग के साथ गैंगरेप करने को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इस कानून के अनुसार राजद्रोह को अब अपराध नहीं माना जाएगा। इन नये कानून में मॉब लिंचिंग के दोषियों को भी सजा के प्रावधान हैं। जब 5 या उससे ज्यादा लोग जाति या समुदाय के आधार पर किसी की हत्या करते हैं तो उन्हें उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी।

### भारतीय न्याय संहिता

भारतीय न्याय संहिता 163 साल पुराने आईपीसी की जगह लेगा। इस कानून के सेक्शन 4 के अंतर्गत सजा के तौर पर दोषी को सामाजिक सेवा करनी होगी। शादी का धोखा देकर यौन संबंध बनाने पर 10 साल की सजा और जुर्माना का प्रावधान है। साथ ही नौकरी या अपनी पहचान छिपाकर शादी के लिए धोखा देने पर भी सजा होगी। संगठित अपराध जैसे अपहरण, डकैती, गाड़ी की चोरी, कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, आर्थिक अपराध, साइबर-क्राइम के लिए भी कड़े सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता में राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले काम पर भी कड़ी सजा दी जाएगी।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 1973 के सीआरपीसी की जगह लेगा। इस कानून के जरिए प्रक्रियात्मक कानून में महत्वपूर्ण बदलाव किये गए हैं। इस कानून के मुताबिक अगर किसी को पहली बार अपराधी माना गया तो वह अपने अपराध की अधिकतम सजा का एक तिहाई पूरा करने के बाद जमानत हासिल कर सकता है। ऐसे में विचाराधीन कैदियों के लिए तुरंत जमानत पाना मुश्किल हो जाएगा। हालांकि, यह कानून आजीवन कारावास की सजा पाने वाले अपराधियों पर लागू नहीं होगा। इस कानून के अंतर्गत कम से कम सात साल की कैद की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच अब अनिवार्य हो जाएगा। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स अपराध वाली जगह से सबूतों को इकट्ठा और रिकॉर्ड करेंगे। वहीं अगर किसी राज्य में फोरेंसिक सुविधा का अभाव होने पर दूसरे राज्य में इस सुविधा का इस्तेमाल किया जाएगा।

### भारतीय साक्ष्य अधिनियम

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के साक्ष्य अधिनियम की जगह लेगा। इस कानून में कई बड़े बदलाव किये गए हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को लेकर नियमों को विस्तार से बताया गया है और द्वितीय सबूत को भी शामिल किया गया है। अब तक इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स की जानकारी एफिडेविट तक ही सीमित होती थी। पर अब इसके बारे में कोर्ट को विस्तृत जानकारी देनी होगी। कोर्ट को बताना होगा कि इलेक्ट्रॉनिक सबूत में क्या-क्या शामिल है।

## हूल दिवस कार्यक्रम : भोगनाडीह से हेमंत सोरेन ने भरी हुंकार, बोले

# राज्य के खनिज का पहले झारखंडी करेंगे इस्तेमाल, फिर जायेगा बाहर

संवाददाता

**रांची/साहिबगंज।** हूल दिवस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने साहेबगंज के भोगनाडीह से हुंकार भरते हुए भारतीय जनता पार्टी पर कई हमले किये। उन्होंने हूल दिवस पर सिदो-कान्हू, फूलो-झानो की धरती से कहा कि कि केंद्र की राजग सरकार लगातार उनके खिलाफ साजिश रच रही है। केंद्र सरकार झारखंड विधानसभा चुनाव समय से पहले कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की चंपाई सोरेन सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं होने देना चाहते। हमने जब झारखंड का बकाया पैसा मांगा, तो मुझे गलत इल्जाम में जेल भेज दिया गया। अब इडी-सीबीआई और जेल-फांसी जैसे जुमलों से हमलोग डरने वाले नहीं हैं। आने वाले चुनाव में ऐसा परिणाम हमलोग देंगे कि विकास की गति और बढ़ेगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में हमलोग ऐसा कानून बनायेंगे कि खनिज संपदा में यहां के स्थानीय लोगों को हक मिले। केंद्र सरकार हमारे जल, जंगल, जमीन को बेचना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

- केंद्र समय से पहले करना चाहती है राज्य में विधानसभा चुनाव
- समारोह के दौरान कई योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास
- लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण



### चंपाई, हेमंत, कल्पना ने सिदो–कान्हू पार्क में अमर वीर शहीद सिदो–कान्हू एवं चांद–भैरव की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन भोगनाडीह पहुंचे। यहां तीनों नेताओं ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साहिबगंज जिले के बरहेट स्थित भोगनाडीह में सीएम चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने सिदो-कान्हू पार्क में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू एवं चांद-भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया।

### तेजी से हो रहा है झारखंड का विकास : चंपाई सोरेन

मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद की महागठबंधन वाली सरकार में राज्य में विकास की गति काफी तेज है। हमने 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन देना शुरू कर दिया है। युवाओं को सरकारी नौकरी दे रहे हैं। 25 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किये जा रहे हैं।

### पंचकठिया में किया योजनाओं का शिलान्यास–उद्घाटन

हूल दिवस पर ये सभी नेता बरहेट के पंचकठिया क्रांति स्थल गए। वहां पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करके शहीद सिदो-कान्हू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आयोजित समारोह में योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।



### बिहार के बाद अब झारखंड में भी बह गया भ्रष्टाचार का पुल

# गिरिडीह : पहली ही बारिश में निमार्णाधीन ब्रिज ध्वस्त

संवाददाता

- अरगा नदी पर 5.5 करोड़ की लागत से बन रहा है पुल

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के अरगा नदी पर निमार्णाधीन पुल शनिवार की रात भरभराकर गिर गया। यह पुल 5.5 करोड़ की लागत से देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर भेलवाघाटी सड़क के डुमरीटोला और कारीपहरी गांव के बीच बन रहा था। इसका निर्माण ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन एजेंसी करा रहा था लेकिन यह मॉनसून की पहली बारिश भी झेल नहीं सका और धराशायी हो गया।

बताया जाता है कि गिरिडीह और जमुई को जोड़ने वाला फतेहपुर से भेलवाघाटी पुल पांच साल बाद भी पूरा बन तो नहीं पाया लेकिन इससे पहले ही मानसून की बारिश में इसका एक बड़ा हिस्सा गिर जरूर गया। पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने रविवार को बताया कि ये उनके कार्यकाल से पहले की योजना है। ठेकेदार की भारी लापरवाही के कारण पुल का एक स्पेन धंस कर गिरा। इस मामले में वे ठेकेदार पर कार्रवाई के लिए लिखेंगे।

पुल गिरने के कारण ही अब गिरिडीह और जमुई जाने के रास्ते का रहा-सहा कसर भी खत्म हो गया। स्थानीय लोग रविवार को जब लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो देखा की पुल का हिस्सा गिरा पड़ा है। लोगों ने इसकी जानकारी मुखिया को दी। उल्लेखनीय है कि फतेहपुर से भेलवाघाती को जोड़ने वाले इस पुल और सड़क का शिलान्यास पांच साल पहले किया गया था। कंस्ट्रक्शन एजेंसी पांच साल में पूरा काम तक नहीं करा पाई है।

## सीएम 1500 करोड़ की परियोजनाओं का कल करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन दो जुलाई को राज्यवासियों को 1500 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इस अवसर पर जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग व भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। उप राजधानी दुमका से योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन होगा। इसका सबसे अधिक लाभ संथाल के सभी छह जिलों को मिलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सड़क-पुल व प्रखंड भवन सहित सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इनमें कई नई योजनाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को देखते हुए तीनों विभाग तैयारी कर रहे हैं। संबंधित जिला प्रशासन को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है।

## अमरनाथ यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था रविवार सुबह जम्मू से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। 6619 यात्रियों का तीसरा जत्था 319 वाहनों के दो सुरक्षा काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7000 से अधिक सेवादार स्वयंसेवक तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें जोड़ने का फैसला किया है।

## नौसेना प्रमुख चार दिनी बांग्लादेश दौरे पर रवाना

# द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते तलाशेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 4 जुलाई तक बांग्लादेश की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना और नौसेना सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशना है।

एडमिरल त्रिपाठी ढाका में अपने समकक्ष बांग्लादेश नौसेना के प्रमुख एडमिरल एम नजमुल हसन के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। साथ ही 4 जुलाई को चटगांव में बांग्लादेश नौसेना अकादमी (बीएनए) में होने वाली पासिंग आउट परेड की समीक्षा भी करेंगे। यात्रा के दौरान सीएनएस बांग्लादेश सेना और वायु सेना के प्रमुखों, प्रधान स्टाफ अधिकारी सशस्त्र बल प्रभाग और बांग्लादेश सरकार के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे।

- नौसेना प्रमुख बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर ढाका पहुंचे एडमिरल
- चटगांव में बांग्लादेशी नौसेना की पासिंग आउट परेड की समीक्षा भी करेंगे



अपनी यात्रा के दौरान सीएनएस ढाका के राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे और कुछ प्रमुख रक्षा सुविधाओं का दौरा करेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर जाकर परिचालन संबंधी बातचीत, द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास, क्षमता निर्माण, क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं। नौसेना प्रमुख की इस यात्रा से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच दोस्ती के बंधन और मजबूत होंगे।

## मन की बात : 'चीयर4भारत' हैशटैग से करें पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित : प्रधानमंत्री

# योग, भारतीय भाषा, संस्कृति का प्रसार गौरव का क्षण : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें।

श्री मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित श्रृंखला 'मन की बात' के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा, 'दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और वो भी हिन्दी में। 'कुवैत रेडियो' पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहां तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहां के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।'




### पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में पेरिस ओलंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनायें दी। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में मेडल के साथ-साथ लोगों का दिल भी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक खेलों में अपने प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने हर भारतीय का दिल जीत लिया। इसके बाद से ही खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारियां कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल इस बार अधिक खेलों में भाग ले रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने लोगों से 'चीयर4भारत' हैशटेग पर अपनी शुभकामनायें भेजने के लिए कहा।

### 'हुल दिवस' पर सिद्धो–कान्हू को किया याद

उन्होंने 30 जून को आदिवासी समुदाय के त्योहार 'हुल दिवस' के बारे में बात की और कहा कि यह दिन वीर सिद्धु-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है। वीर सिद्धो कान्हू ने हजारों संथालियों को एकजुट कर 1855 में अंग्रेजों का मुकाबला किया था।

### 'एक पेड़ मां के नाम' बना एक अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने 'मां के साथ एक पेड़ लगाने' की जो शुरुआत की थी वह अब एक अभियान बन गया है और तेजी से गति पकड़ रहा है जिससे मां को भी सम्मान मिल रहा है और धरती मां की भी रक्षा हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि उनके लिए खुशी की बात है कि उनका 'मां के साथ पेड़ लगाने' का आह्वान अभियान बन गया है और बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर मां के साथ पेड़ लगाने का फोटो शेयर कर रहे हैं। मां के सम्मान और धरती के संरक्षण के लिए इसे और तेज करने की जरूरत है।

## सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को यहां 30वें सेना प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्हें जनरल मनोज पांडे के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जो चार दशकों से भी अधिक लंबी विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत हो गये। जनरल मनोज पांडे ने यहां साउथ ब्लाक स्थित रक्षा मंत्रालय के कार्यालय में जनरल द्विवेदी को सेना की कमान सौंपी। जनरल पांडे का कार्यकाल पिछले महीने पूरा होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें एक महीने का सेवा विस्तार दिया गया था।

चालीस वर्षो से सेना में कार्यरत जनरल द्विवेदी एक कुशल सैन्य नेता हैं। वह सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) के पूर्व छात्र रहे हैं और उन्हें 1984 में जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। उन्हें उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी थिएटर कमानों में कार्य करने का अनूठा गौरव प्राप्त है।

जनरल द्विवेदी ने ऐसे समय में सेना की कमानी संभाली है जब वैश्विक भू-रणनीतिक माहौल निरंतर बदल रहा है, तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते चरित्र के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां अधिक स्पष्ट हो रही हैं। जनरल द्विवेदी को प्रभावी ढंग से योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने का भरपूर अनुभव है।

# महिला मरीज को बंधक बनाने का मामला, जेनेटिक अस्पताल के डायरेक्टर सहित अन्य पर मामला दर्ज

संवाददाता

**रांची।** राजधानी के जेनेटिक अस्पताल में मरीज को बंधक बनाकर रखने के मामले में अस्पताल के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल समेत अन्य के खिलाफ रंगदारी मांगने, बंधक बनाने, गाली-गलौच करने, जातिसूचक गाली देने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। खूंटी निवासी मंगलू सिंह की शिकायत पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मंगलू की पत्नी सुनीता कुमारी को खूंटी सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया। रांची पहुंचने के बाद एक अज्ञात ऑटो वाला रिम्स में सही इलाज नहीं होने का हवाला देते हुए पत्नी को जेनेटिक अस्पताल ले गया, जहां ऑपरेशन करने की बात कही गई। जेनेटिक अस्पताल की तरफ से दवाई का खर्चा छोड़ 1.2 लाख रुपये का खर्च बताया गया। 28 मई को 90 हजार रुपये जमा किये। ऑपरेशन के बाद 31 मई को 30 हजार, तीन जून को 50 हजार जमा कराया। साथ ही दवा के खर्च के रूप में 34 हजार रुपये अलग से दिये। मंगलू के मुताबिक, जब उसने पत्नी और बच्चे को छोड़ने के लिए कहा तो जेनेटिक अस्पताल के राजा खान व डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने उसे धमकी देते हुए रंगदारी के तौर पर एक लाख 60 हजार रुपये देने की बात कही। यह भी कहा कि जब पैसे मिलेंगे तब पत्नी व बच्चा को छोड़ेंगे। जब वह रोने लगा तो बच्चे को घर ले जाने के लिए दे दिया लेकिन पत्नी को बंधक बनाकर अस्पताल में रख लिया। जब भी वह पत्नी से मिलने अस्पताल जाता था तो राजा खान उसे जातिसूचक गाली देते हुए भगा देता था।



### सीआइडी की टीम ने अस्पताल से बच्चे को छुड़वाया था

मंगलू जब डायरेक्ट मनोज अग्रवाल के पास गया तो पीछे से राजा खान भी वहां पहुंच गया। फिर गाली देते हुए कहा कि एक लाख 60 हजार रुपये नहीं दोगे तो तुम्हारी पत्नी को जाने नहीं देंगे। अस्पताल में तुम्हारी पत्नी से झाड़ू-पोछा करवाकर पैसे वसूल करेंगे। बाद में उसकी शिकायत पर सीआइडी की टीम अस्पताल आयी और बच्चे को छुड़वाया। हॉस्पिटल से मुक्त होने के बाद सुनीता ने कहा कि उसे जनरल वार्ड में रखा गया था। साथ ही पैसा मंगवाने के लिए गलत व्यवहार किया जाता था। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने बरियातू बूटी रोड स्थित जेनेटिक अस्पताल में बकाया बिल जमा नहीं करने पर नवजात की मां (महिला मरीज) को बंधक बनाये जाने को गंभीरता लेते हुए जांच के आदेश दिये हैं। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को जवाब देने का निर्देश दिया।

## शहीदों के परिजनों की सुध लेने वाली एक मात्र झामुमो: अश्विनी



वरीय संवाददाता

**रांची।** हूल दिवस के मौके पर रविवार को झामुमो रांची जिला समिति द्वारा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्री अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में कांके रोड स्थित सिध्दो कान्हू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके अश्विनी शर्मा ने कहा कि झारखंड के तमाम शहीदों को सम्मान और शहीद के परिजनों की सुध लेने वाली पार्टी एक मात्र झामुमो ही है। हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में हुल क्रान्ति के महानायकों, शहीदों एवं शहीदों के परिजनों की सुध ली गई। सभी शहीद स्थलों को सौंदर्यीकरण किया गया। छूटे हुए शहीद स्थलों को सौंदर्यीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अग्रसर हैं। इस मौके पर जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू समनुर मंसुरी, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, रामानंद बेदिया, कलाम आजाद, डॉ तालकेश्वर महतो, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, मंटू लाला, अरुण वर्मा, महानगर उपाध्यक्ष राधा हेंब्रम, राधा बाउरी, हर्ष कुमार, मनोहर कुजूर आदि शामिल थे।

## एक नजर

### दो जुलाई से पुरी के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रांची।** रथ यात्रा को लेकर रेलवे ने ओडिशा के पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। रेलवे की ओर से चक्रधरपुर डिवीजन में तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसमें से एक ट्रेन बादामपहाड़ स्टेशन से पुरी के बीच चलेगी। इस दौरान इस ट्रेन का ठहराव रायरंगपुर, टाटानगर, घाटशिला और भद्रक में भी होगा। यह ट्रेन दो जुलाई से 19 जुलाई तक एक दिन छोड़कर चलेगी। वहीं दो ट्रेन दो जुलाई से 19 जुलाई तक राउरकेला और पुरी के बीच चलेगी, जिसमें से एक ट्रेन चक्रधरपुर होते हुए चलेगी। वहीं दूसरी ट्रेन झारसुगड़ा, संबलपुर होते हुए पुरी के लिए रवाना होगी।

### एक वृक्ष मां के नाम लगाएं: संजय

**रांची।** रविवार को प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को बूथ संख्या 26 पर सुना साथ ही अपने माता जी के नाम पर एक वृक्ष भी लगाया एवं लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को आभार जाताया जो मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। इस मौके पर लोगों ने भी प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना। जिसमे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 30 जून का ये दिन बहुत महत्वपूर्ण है इस दिन हमारे आदिवासी भाई-बहन 'हूल दिवस' के तौर पर मनाते हैं। यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के अदस्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने कहा कि वीर सिद्धो-कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का जी-जान से मुकाबला किया, और जानते हैं ये कब हुआ था? ये हुआ था 1855 में, यानी ये 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी दो साल पहले हुआ था, तब झारखंड के संथाल परगना में हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाया था।

### खट्ट्री मिठ्ठी यादों के साथ ब्राइडल स्टोरी 2.0 का हुआ समापन



**रांची।** राजधानी के डंगरा टोली चौक स्थित स्वर्णभूमी बैंकवट सभागार में जीतो की ओर से चल रहे दो दिवसीस आयोजित ब्राइडल स्टोरी 2.0 का समापन कई खट्ट्री मिठ्ठी यादों के साथ हुआ। मेला के दौरान एक छत के निचे कई अन्य राज्यों के स्टोल पर लोगों ने अपनी जरुरतों का सामानो की खरीदारी की। जहां पर एग्जीबिशन में 111 स्टॉल्स प्रदर्शित किए गए थे। जिसमें कपड़े, आभूषण, जूते चप्पल, बैग, घर के आंतरिक सज्जा के समान के स्टोल लगाए गये थे। मेला में आने वाले लोगो ने मला को भरपूर सराहा और अपने जरूरत के सामानों की खरीदारी की। इसमे ग्राहकों को 10 हजार की खरीदारी पर एक निश्चित उपहार दिया गया। इसके अलावा लकी ड्रा के माध्यम से चुने गए विजेताओं को चांदी के सिक्के दिए गये। वहीं खाने के लिए भी तरह-तरह के स्टॉल्स लगाए गए थे। जीतो लेडीज विंग की के अपेक्स की अध्यक्षता श्रीमती संगीता लालवानी के द्वारा जीतो धनबाद महिला शाखा का उद्घाटन किया गया।

### आरपीएफ ने एक नाबालिग को बचाया

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन फूड प्लाजा के पास एकनाबालिग को बचाया है। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी दिगंजय शर्मा ने रविवार को बताया कि आरपीएफ पोस्ट रांची और नन्हे फरिश्ते टीम के जरिये ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत जांच के दौरान फूड प्लाजा के पास एक नाबालिग लड़की को देखा गया। उसे डरा सहमा देख उससे कारण पूछा गया तो वो ठीक से जवाब नहीं दे पाई । बाद में तमाम औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उसे सीडब्ल्यूसी रांची के समक्ष पेश किया गया और फिर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार प्रेमाश्रय रांची को सौंप दिया गया। नाबालिग लोहरदगा की रहने वाली है।

### भाजपा दे रही सक्षम आदिवासी नेतृत्व : विष्णु

**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताने वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने सोरेन परिवार को जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाला परिवार कहा। विष्णु देव ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि देशभर में जिस तरह से भाजपा, सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है। यह देशभर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है। जीवनभर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है। विष्णु देव ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है। यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गये हैं। सोरेन परिवार का रिश्वत कांड भी अभी तक जनता भूली नहीं है। हेमंत सोरेन को यह समझ लेना चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है।

सुदेश ने संताल हूल के महानायक सिद्धो-कान्हू को अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा

## हूल विद्रोह इतिहास की सबसे बड़ी क्रांति, इसे भुलाया नहीं जा सकता

एजेंसी

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अंग्रेजी सरकार की गलत नीतियों और महाजनी प्रथा के विरोध में हुए हूल विद्रोह ने देश में आजादी की लड़ाई का शंखनाद किया था। हूल विद्रोह इतिहास की सबसे बड़ी क्रांति है। इसे भुलाया नहीं जा सकता। सुदेश कुमार महतो रविवार को जोन्हा में हूल दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संताल हूल के महानायक सिद्धो कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान बोल रहे थे।



महतो ने कहा कि संताल हूल के दौरान वीर शहीद सिद्धो-कान्हू के नेतृत्व में हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत दी। इतिहास के पन्नों में उन सभी वीर शहीदों को उचित स्थान दिलाने के लिए हम सभी को आगे आने होगा। हमारा उद्देश्य इन वीरों की गाथा को राज्य ही नहीं, बल्कि देश के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाना है।

महतो ने कहा कि यह वक्त सभी झारखंडियों को एकजुट कर एक नई सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना जागृत करने की है। वीर शहीदों के स्वशासन के सपनों को साकार कर समृद्ध और खुशहाल झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने के लिए हमें मिलकर एक नई हूल क्रांति की नींव रखनी होगी। रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में हूल दिवस के मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने अमर वीर शहीद सिद्धो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड के वीरों ने कभी भी बाहरी दखल, जुल्म और अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया। अपने हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करना हर झारखंडी की पहचान है।

स्टेशन रोड के होटल रॉयल रेसिडेंसी में पुलिस का छापा

## नौ सेक्स वर्कर, होटल मालिक और मैनेजर मिथुन गिरफ्तार

संवाददाता

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेसिडेंसी में छापामारी कर सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस होटल से धंधा के लिए रखी गयी नौ लड़कियों व होटल के मालिक हरमीत सिंह खुराना और होटल के मैनेजर मिथून गोराई को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक जिले के पुलिस कप्तान चन्दन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी की स्टेशन रोड गुरुद्वारा के बगल वाली गली स्थित होटल रॉयल रेजिडेंसी में ग्राहकों को अय्याशी के लिए लड़कियां परोसी जाती है। यह भी जानकारी मिली थी की बीच बीच में इन्हें होटल से हटा भी दिया जाता है। होटल में लायी गयी सभी लड़कियां बंगाल की रहने वाली हैं जिन्हे वहां का बंगाली मैनेजर मिथून गोराई मैनेज करता है।

एसएसपी श्री सिन्हा को रविवार को दिन में खबर मिली की इस वक्त भी होटल में कई लड़कियां मौजूद हैं। इसके बाद उन्होंने सिटी डीएसपी केबी रमन के नेतृत्व में चुटिया थाना प्रभारी व महिला थाना प्रभारी के साथ टीम गठन कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस टीम दोपहर 12.30 बजे योजना के तहत होटल में धावा बोली पुलिस सबसे पहले होटल कैपिटल रेसिडेंसी के पीछे बंसल प्लाजा में रहने वाले रॉयल होटल के मालिक हरमीत सिंह खुराना उर्फ प्रिंस और मैनेजर मिथून गोराई को सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया, इनकी निशानदेही में पुलिस टीम होटल के एक एक कमरे व गुप्त स्थानों को खंगाला जहां से सेक्स का धंधा कराने के लिए छिपा कर रखी गयीं एक एक कर कुल नौ लड़कियां निकलती गयीं , जिन्हें टीम में शामिल महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



## बदलते भारत की गाथा है मन की बात : मरांडी

संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 111वें संस्करण का प्रसारण रविवार को हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मन की बात को अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सुना। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना प्रवास के दौरान शिकारीपाड़ा के पलमा में कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन कार्यक्रम आम जनता से जुड़ाव का अनूठा कार्यक्रम है। विश्व के किसी राजनेता के द्वारा प्रति माह जनता से ऐसा प्रत्यक्ष संवाद नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा। मन की बात कार्यक्रम बढ़ते भारत-बदलते भारत की गाथा है।



मरांडी ने कहा कि देश सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा। भारत का सांस्कृतिक गौरव बढ़ रहा है। दुनिया का भारत के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने हुल क्रांति और उसके महानायक सिदो कान्हु से भारत की जनता को परिचित कराने के लिए आभार प्रकट किया।

### संस्कृति से परिपूर्ण संवाद मन की बात : बाउरी

गोंदा मंडल स्थित रॉक गार्डन बूथ पर मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम भारत के सामर्थ्य और संस्कृति का संवाद है। उन्होंने कहा कि आज के 111वें संस्करण में विकसित भारत की सोच है। शहीदों की गाथाएं हैं। जनता का परिश्रम है। सांस्कृतिक विरासत है। इसके अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## बच्चों का एक दिवसीय समर कैंप हुआ संपन्न



संवाददाता

**रांची।** सेवा भारती रांची भाग -4 के अन्तर्गत चलने वाले बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों का एक दिवसीय समर कैंप सेवा निकेतन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भिन्न भिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें बच्चों ने उत्सुकता से भाग लिया। समर कैंप में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सेवा भारती के समर कैंप में आए सभी बच्चों को पठन सामग्री भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर आशा लकड़ा पूर्व महापौर रांची एवं सदस्य राष्ट्रीय जनजातीय आयोग भारत सरकार ने कहा कि सेवा भारती के माध्यम से सेवा बस्तियों में संचालित बाल संस्कार केंद्र संस्कार का वातावरण बनाने का अतुलनीय कार्य किया जा रहा है। साथ ही वरिष्ठ अतिथि निर्मल कौर पूर्व आईपीएस कहा कि कार्यों में लगे कार्यकर्ताओं एवं समाज का योगदान सराहनीय है। बच्चों के बाल मन में ही कुशल व्यवहार, संस्कारों का बीजारोपण से कर्तव्यनिष्ठ नागरिक का नवनिर्माण किया जा रहा है। सेवा भारती रांची महानगर भाग 4 के सचिव मिथिलेश्वर मिश्रा ने कहा कि एक दिवसीय समर कैंप में बस्ती की मस्ती का आनंददायक कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने खूब मस्ती किया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का प्रयत्न किया गया।

## कांग्रेस ने हूल दिवस पर सिद्धो कान्हू को अर्पित की श्रद्धासुमन

संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को हूल क्रांति दिवस पर सिद्धो कान्हू पार्क में संथाल हूल के अमर नायक सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा और कांग्रेस भवन में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धो-कान्हू और चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान तथा आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आंदोलन 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आंदोलन था, जिसमें संथाली अपनी मातृभूमि की खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुये हूल से पूरे संथाल में ऊर्जा का संचार हुआ, जिसने तत्कालीन अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी थी।



## केंद्रीय मंत्री सेठ ने की रेल परियोजनाओं की समीक्षा

संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रांची रेल मंडल में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने रेल अधिकारियों से रांची, हटिया, नामकुम, टाटीसिल्वे, गंगाघाट, मुरी, सिल्ली और पिस्का स्टेशन के उन्नयन कार्य की जानकारी ली। इस दौरान रांची रेलवे स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्य का अवलोकन किया और दिशा-निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक में नगड़ी, नयासराय, हटिया पुलिस मुख्यालय के समीप निमार्णाधीन आरओबी की गति प्रगति की रिपोर्ट और नामकुम अंडरपास पर चर्चा हुई। केतारी बगान ओवरब्रिज निर्माण को लेकर हुई कार्रवाई, सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण में आ रही समस्या और उसके समाधान पर भी बातचीत हुई। मंत्री ने सिल्ली में बांसारूली के समीप बनने वाले अंडर पास पर चर्चा और इलू रेल लाइन के प्रस्ताव पर हुई गति प्रगति की जानकारी ली।

रेलवे जंक्शन मुरी से बिसरिया गांव तक सड़क निर्माण की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई पर चर्चा की गयी। इसमें तेजी लाने का निर्देश मंत्री ने दिया। कडरू, सेंबरटोली के समीप अंडरपास निर्माण के दौरान रास्ता बंद होने से आदिवासी परिवारों को हो रही समस्या पर चर्चा करते इसका समाधान करने को डीआरएम, रांची रेल मंडल को कहा गया। इस मौके पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल और मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा सहित अन्य भी मौजूद थे।

### डालसा ने टीम गठित कर पीड़ित परिवार को पहुंचायी सहायता

**रांची।** 12 वर्ष की दिव्यांग के साथ गैंगरेप की घटना के मामले पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया था तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया हैं कि वह तत्काल पीड़ित तथा पीड़ित के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलंब एक टीम गठित कर पीड़ित तथा पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। इस आदेश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची कमलेश बेहरा ने एक टीम गठित किया, जिसमें पीएलवी अनिता देवी और सम्पा दास को नियुक्त किया गया है। कमलेश बेहरा, सचिव डालसा, पीएलवी अनिता देवी व सम्पा दास ने पीड़ित के परिवार से रिम्स में मुलाकात किया और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

## एक नजर

### ऑल इंडिया रजवार इम्प्लॉइज एसोसिएशन की बैठक में संगठन का हुआ विस्तार



**बोकारो।** ऑल इंडिया रजवार इम्प्लॉइज, एक्स इम्प्लॉइज एसोसिएशन (पी) की बैठक रविवार को बोकारो सिटी पार्क के डेफोडिल्स रेस्टोरेंट में डिलेश्वर रजवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न स्थानों से आऐ सदस्यों ने संगठन की मजबूती, संगठन विस्तार, महिलाओं की भागीदारी, मेधावी छात्रो को प्रोत्साहित करने, दहेज प्रथा, नशामुक्ति, कोष संग्रह, समाज को विकसित करने व अन्य कई ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया गया। इस दौरान कृष्ण रजवार, मनोहर कपरदार, अजीत कपरदार, लखन रजवार महासचिव, संजय रजवार, राजू रजवार, डिलेश्वर रजवार, सुरजन कपरदार संरक्षक के द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सर्व सम्मति से संगठन का विस्तार कर विश्वनाथ रजवार, विकास रजवार और मनोहर कपरदार को नयी जिम्मेदारी देते हुए कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। संगठन में एडीशनल एडवाइजर के पद पर कृष्णा रजवार का ध्वनिमत से चयन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मनोहर कपरदार ने किया, जबकि मंच संचालन सुरजन कपरदार के द्वारा किया गया। इस दौरान संजय कपरदार को सर्व सम्मति से संगठन का मीडिया प्रभारी चयनित किया गया।

### शिक्षक संघ बोकारो ने भारतीय टीम को दी बधाई

**बोकारो।** झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ जिला इकाई बोकारो ने रविवार को जिलास्तरीय गूगल मीट बैठक का आयोजन कर विजेता भारतीय टीम को बधाई दी। बधाई बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के टीम भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बैठक का संचालन करते हुए संघ के सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा ने भारतीय टीम की अद्भुत खेल क्षमता की प्रशंसा की तथा सभी ग्यारह खिलाड़ियों के संपूर्ण प्रयास की सराहना की। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के उपाध्यक्ष डॉ० शशिकांत पाण्डेय ने भारतीय टीम की अविस्मरणीय जीत पर हर्ष व्यक्त किया एवं टीम को बधाई दी। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के संयुक्त सचिव डॉ० शक्ति पद महतो, राजेश कुमार विश्वकर्मा ने टीम की जीत से मिली नई ऊर्जा का महत्व रेखांकित किया तथा कप्तान रोहित शर्मा एवं हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या के योगदान का उल्लेख किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे, जिला संघ के सदस्य वाणिज्य के पीजीटी शिक्षक जय प्रकाश रजक, पीजीटी जीव विज्ञान राजीव रंजन ने कहा कि भारतीय टीम की विश्व कप जीत ने प्रत्येक भारतीय को सीखकर देश के लिए कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय टीम के विश्व कप जीतने पर संघ के संरक्षक डॉ० अजय कुमार पाठक, उपाध्यक्ष दीपा पंकज लाटा एवं इर्वि रानी, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, प्रमंडलीय प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार, विद्यालय प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह एवं कृपा शंकर महतो, संघ के सदस्य ललन कुमार झा, मुकेश कुमार गुप्ता एवं शक्ति सिंह ने भी हर्ष व्यक्त किया है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा ने किया।

### 12 लाभुकों के बीच किया गया शुकर का वितरण

**बोकारो।** कसमार प्रखंड मुख्यालय के पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत रविवार को 12 लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया गया। इस अवसर पर कसमार प्रमुख नियोति कुमारी दे ने सभी 12 लाभुकों के बीच एक नर व चार मादा सुकर का वितरण करते हुए उसका पालन करते हुए आय को बढ़ाने की बात कही। प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में है। जिसका लाभ लेकर पशुपालक सुकर पालन कर अपने रोजगार को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। पशुपालन पदाधिकारी डॉ० स्वेच्छा अखोरी व डॉ० ललीता कुमारी ने बताया कि सभी 12 लाभुकों को 90 व 75 प्रतिशत अनुदानित राशि में प्रति लाभुक को एक युनिट में एक नर व चार मादा सुकर दिया जा रहा है। इस दौरान लाभुकों को सुकर पालन करने की विधि बता कर उसके बीमारी तथा रोकथाम की जानकारी दी गई। मौके पर डॉ० ललीता कुमारी, अनुज कुमार, विजय कुमार महतो, ब्रजेश कुमार महतो, सुमित कुमार महतो, दीपनारायण महतो, फागु घांसी, अर्जुन सोरेन, सुगिया देवी, तुलसीदास महतो, रंजीत,घांसी, जीतनी देवी सहित अन्य लाभुक मौजूद थे।

### एनएसएस स्वंयसेवकों ने किया पौधरोपण

**कथारा।** केबीकॉलेज के एनएसएस स्वंयसेवकों ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के द्वारा उपलब्ध कराए गए पौधे को रविवार को कॉलेज परिसर में लगाया। इस दौरान हर एक व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाने को लेकर प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रोफेसर इंचार्ज प्रो० गोपाल प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के क्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो० प्रभाकर ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को जागरूक व गम्भीरता पूर्वक सचेत होने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अति आवश्यक हो गया है कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना जरूरी है। इसलिए हर एक व्यक्ति एक पेड़ लगाने का संदेश दिया। मौके पर स्वयंसेवकों में मिलन कुमार गुप्ता, पीयूष कुमार मंडल, सुमीत कुमार सिंह, तस्लीम अख्तर, शहजादी सगुफा, प्रज्ञा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, संजना कुमारी, शालिनी चौधरी, श्रुति कौर, कुमकुम कुमारी, तनीषा प्रवीण, युवांशि कुमारी शामिल थी।

# दुर्घटना को हत्या का रूप देकर फंसाने का आरोप

## तिलैया गांव के सैकड़ों लोग पहुंचे कसमार थाना

## ग्रामीणों ने कहा पुलिस प्रशासन परेशान ना करें



संवाददाता

**बोकारो।** कसमार- पेटरवार मुख्य सड़क में मंगलवार की रात फार्मटांड़ के पास हुई मंजुरा निवासी मिथिलेश कुमार महतो की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में तिलैया के ग्रामीण रविवार को कसमार थाना पहुंचे। इस दौरान एक पक्ष के द्वारा हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को थाना का घेराव करते हुए हंगामा किया गया और एक सप्ताह के अंदर मामले का पदार्फाश करने की बात कही गई थी। अब इस घटना में जिन युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है उसके परिजनों ने रविवार को कसमार थाने पहुंचकर सड़क दुघर्टना को एक पक्ष द्वारा झूठा हत्या का मामला दर्ज कर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया गया है। थाना में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दूसरे पक्ष के लोगों ने कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो से मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए इस मामले का जल्द उद्भेदन करने की बात कही। जरीडीह थाना क्षेत्र के तिलैया निवासी विवेक कुमार महतो को इस घटना में पुलिस प्रशासन द्वारा बेवजह परेशान करने की बात कही गई। थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि 25 जून को मृतक मिथिलेश अपने घर से कसमार के सुईयाडीह बिजली का काम करने गया था। जब युवक देर रात घर नहीं पहुंचा तो स्वजनों के खोजबीन के दौरान सड़क किनारे एक बाईक मिली और उसी के कुछ दूरी पर मृतक का शव मिला। इस घटना में एक युवक सुमित कुमार प्रजापति पर हत्या का आरोप लगाया गया है। जबकि अन्य किसी भी युवकों पर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन इस घटना के बाद बेवजह अन्य युवकों को पुलिस प्रशासन बार-बार थाने बुलाकर परेशान कर रही है। इस घटना से युवकों के परिजन भयभीत हैं। जिस कारण मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। विवेक कुमार महतो ने थाने में बताया कि इस मामले से मेरा कोई लेना-देना नहीं है ना ही जिस युवक पर मृतक के पिता द्वारा हत्या का मामला दर्ज किया गया है उससे कोई सरोकार है। मामले में थाना पहुंचे ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि मामले की एक-एक विंदु पर पुलिस काम कर रही है। कोई भी निर्दोष व्यक्ति को मामले में फंसाया नहीं जायेगा। पुलिस की जो प्रक्रिया है, उसी के आधार पर अन्य युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही थी। एक सप्ताह में घटना का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

### बोकारो में हूल दिवस पर याद किए गए वीर शहीद सिद्धो-कान्हू

# विकास के लिए शहीदों की संघर्ष गाथा को याद रखना जरूरी: योगो



संवाददाता

**बोकारो।** रविवार को आदिवासी-मूलवासी समाज सतनपुर द्वारा सराय बुरु (पहाड़ी) और पोंड टुंगरी बांधगोड़ा दोनों पहाड़ों के बीच सिदो-कान्हू चौक में हूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम सीके मुर्मू की अगुवाई में किया गया। संचालन रामकुमार मांझी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत नायेके जगदीश मांझी द्वारा पूजा अर्चना कर हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सिदो-कान्हू के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर संकल्प लिया।

संबोधित करते हुए समाजसेवी योगो पूर्ति ने कहा सिदो-कान्हू के योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं। उनके संघर्ष की गाथा को जिस दिन हम भुला देंगे, झारखंड का विकास नहीं हो पाएगा। सतनपुर मुखिया कालीपद सिंह ने कहा अपनी जमीन, संस्कृति और देश को अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार से बचाने के लिए संथाल के महानायक सिदो-कान्हू के नेतृत्व में विद्रोह का आगाज हुआ था।

रामदयाल सिंह ने कहा झारखंड में 30 जून का खास महत्व है। इसी दिन संताल धनुर्धारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहली जंग का आगाज किया था, जिसे संताल विद्रोह या संताल हूल के नाम से याद किया जाता है। इतिहास के पन्नों में ऐसे सिपाही विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई माना जाता है। सतनपुर पंसास वासुदेव माझी, संतोष बाउरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान चंद्रकांत पूर्ति, रामनाथ हेंब्रम, आकाश समद, पंकज माझी, मंजूबाला सोरेन, मंजू कुमारी सोरेन, दशमी देवी, सोनिया देवी, शकुंतला कुमारी, निशा कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

# विस्थापितों व बेरोजगारों की समस्याओं के निदान को लेकर कमेटी गठित



संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के होसिर यूथ सेंटर में रविवार को बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी एवं समाजसेवी चितरंजन साव की अध्यक्षता में ओएनजीसी कंपनी द्वारा विस्थापितों एवं रैयतो की बैठक रखी गई, जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंडस्तरीय एक कमेटी का निर्माण किया गया और ओएनजीसी द्वारा प्रभावित लोगों के लिए उचित मुआवजा एवं शिक्षित युवाओं को रोजगार से कैसे जोड़ा जाए इस पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सीएसआर मद के तहत प्रभावित क्षेत्र का विकास करने की मांग की गई। समाजसेवी चितरंजन साव ने ओएनजीसी कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षित युवाओं को रोजगार एवं प्रभावितों को उचित मुआवजा नहीं देती है तो आने वाले समय में कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। बैठक में जिप अध्यक्षा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका आवेदन लिया। उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं, उनका तत्काल निवारण किया जाएगा। बोकारो डीसी के समक्ष रखकर उनकी समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा उन्होंने दिलाया। मौके पर मिथुन चंद्रवंशी, विद्यानंद प्रसाद, रंजीत कुमार, करण कुमार, समाजसेवी मोहम्मद असूल, रंजीत कुमार, करण रविदास, रविदास दुलार साव, शुभम प्रसाद, राहुल सिंह, राहुल सिंह, गोल्डी कुमार, सूर्यप्रकाश चौधरी, प्रकाश राम, राजेंद्र साहू, दुखलाल प्रजापति, गुलाबचंद्र प्रजापति तथा कई ग्रामीण उपस्थित है।

# इस मानसून लोगों में पौधे बांटकर जागरूक करेगा संस्थान



## अधिकाधिक पौधारोपण व नई वाटिका के निर्माण का भी निर्णय

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्थित पर्यावरण-मित्र आश्रम में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की बैठक में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष मानसून में संस्थान के सदस्यों द्वारा ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण एवं आमजन को पौधों का वितरण कर उन्हें वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किए जाने का निर्णय लिया गया। संस्थान द्वारा माता शीलवंती स्मृति वाटिका का निर्माण किया जाएगा, जिसमें संस्थान के सभी सदस्यों सहित आमजन को भी अपनी मां की स्मृति में एक एक पौधा लगाने हेतु आग्रह किया जाएगा। मां की याद में पौधारोपण करने वालों को संस्थान द्वारा पौधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि वृक्षारोपण के प्रति आमजन में जागृति पैदा करने हेतु पर्यावरण-मित्र रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा जगह-जगह छोटी छोटी सभाओं के माध्यम से सबोंको यह समझाया जाएगा कि वृक्षों के बगैर हमारा अस्तित्व ही मिट जाएगा, क्योंकि ऑक्सीजन इन्हीं से मिलता है और बिना ऑक्सीजन हम पल दो पल भी जिंदा नहीं रह सकते हैं। साथ ही पेड़ ही वर्षा के भी कारक हैं। प्रदूषण, ताप और जहरीली गैसों से हमारी रक्षा तो करते ही हैं साथ ही फल, फूल और अनेकों औषधियां भी इनसे प्राप्त होती हैं। वृक्ष लगाना और उन्हें बचाना सबों का दायित्व है। बैठक में संस्थान के महासचिव शशिभूषण ओझा 'मुकुल', सचिव अधिवक्ता रमण कुमार ठाकुर, सहसचिव अभय कुमार गोलू, सहसचिव विजय त्रिपाठी, दिनेश सिंह, शंकर यादव, सरोज तिवारी, रवींद्र राय, शत्रुघ्न सिंह, जितेंद्र कुमार, तपन पाढ्या, अनिल कुमार, अरुण उपाध्याय सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे ।

# आदिवासियों के संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है हूल दिवस : सचिन महतो

## आजसू ने हूल दिवस मनाकर हूल के नायकों को किया याद



संवाददाता

**बोकारो।** संथाल की पुण्यभूमि से हूल का शंखनाद अन्याय और दासता से मुक्ति की विजयगाथा उन नायकों का पवित्र स्मरण आज भी हम सबों का मार्गदर्शन करता है। उक्त बातें आजसू पार्टी के बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने चास के आईटीआई, मोड़ स्थित वीर शहीद सिध्दो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होनें कहा कि आज ही के दिन 30 जून 1855 में अंग्रेजों के खिलाफ हमारे महान क्रांतिकारी सिध्दो-कान्हू ,चांद- भैरव, फुलो-झानो ने संथाल परगना के साहिबगंज जिले भोगनाडीह गांव से अंग्रेजो के खिलाफ विद्रोह का ऐलान किया था, जिसमें सिद्दो-कान्हो ने करो और मरो का नारा एवं अंग्रेज हमारी माटी छोड़ो का नारा दिया था।

इसी बहुजन आंदोलन को हम हूल दिवस के रूप में मनाते हैं। वहीं इस अवसर पर चास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन स्थित फुदनीडीह में लक्ष्मण शर्मा, कुंदन शर्मा, अनुज रजवार, विक्रम मुंडा, अर्जुन माँझी, गौतम कुमार शर्मा, आशीष कुमार शर्मा, मनबोध शर्मा, राजेश शर्मा, अखिलेश शर्मा, आदित्य शर्मा, सहित अन्य ने आजसू पार्टी पर आस्था और विश्वास रखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सेक्टर 8 राय चौक के समीप सूरज चौधरी के नेतृत्व में जितेंद्र कुमार, सलमान खान, तोतन, पिनटू कुमार, वाजिद इकबाल, जीत कुशवाहा, कुदंन कुमार, मुन्ना कुमार, अश्विनी कुमार, अमरजीत कुमार, चंदन कुमार, सहित अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर केंद्रीय सचिव दुर्गा चरण महतो, संजय चक्रबर्ती, जिला उपाध्यक्ष अनिल झा, संतोष कुमार महतो, जिला सचिव विकाश महथा, बंकू बिहारी सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष अहमद सौदागर, चास नगर अध्यक्ष अभय शर्मा, चास नगर महासचिव वीरेंद्र हरि, मोहित सिंह, पप्पू सिंह, अंकित पांडे, अजय गोस्वामी, देवीलाल महतो, तापेश महतो, राजेश बनर्जी, रमेश सिंह,सुजीत तिवारी, युधिष्ठिर महतो, अमीन महतो, मुन्ना ओझा, विजय चटर्जी, हर्ष तिवारी, अखिलेश पांडे, नवीन सिंह, तारा स्वर्णकार, मोनू राय, मंतोष राय आदि उपस्थित थे।

# बीएसएल के ठेका मजदूर करेंगे सात को सांसद का अभिनंदन

संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के ठेका मजदूरों की मांगों को लेकर प्रस्तावित हड़ताल की तैयारी को लेकर रविवार को चास के बांधगोड़ा साइट में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि ठेका मजदूरों की ज्वलंत मांगों को लेकर बीएसएल में 11 जुलाई के हड़ताल के वास्ते 19 जून को नन एनजेसीएस यूनियनों ने हड़ताल नोटिस दिया है, लेकिन प्रबंधन बेखबर है। वहीं ठेका मजदूरों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। ठेका मजदूर चाहते हैं कि मेडिकल के नाम पर छंटनी बंद हो, कट मनी बंद हो, प्लांट में निधन पर आश्रित को एक नियोजन मिले। साधु शरण ने कहा कि ठेका मजदूर सेल के रीढ़ हैं। कम वेतन सुविधा पर मुनाफा दे रहे हैं। फिर भी उनके खिलाफ साजिश हो रही है। मजदूरों ने निर्णय लिया है कि नव निर्वाचित सांसद ढुलू महतो का 7 जुलाई को सेक्टर 12 क्लब में अभिनंदन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम गोप ने किया। मौके पर संदीप कुमार आश, जीसी गोप, उमाशंकर गोप, सपन रजवार, के रजवार, सुभाष दास, सुफल बाउरी, डी गोप, ए गोप, बाबू लाल, अजीत गोप, लालदेव गोप, छोटे लाल गोप, शंकर गोप, एम रजवार के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

# साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी आयोजित

## कवि बुद्धिनाथ झा ने मैथिली में रचित ऊं महाभारत का युद्ध प्रसंग सुनाया



संवाददाता

**बोकारो।** चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी शनिवार की शाम वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा के चीरा चास स्थित आवास अंजनी अपार्टमेंट में हुई। मैथिली में ऊं महाभारत महाकाव्य के रचयिता बुद्धिनाथ झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी में अरुण पाठक, राजीव कंठ, शंभु झा, शैलजा झा, विश्वनाथ झा आदि ने मानवीय संवेदना, धर्म परायणता, रीति, व्यवहार, लोकाचार से संबंधित रचनाओं का पाठ कर सबको आकर्षित किया।

रचनागोष्ठी की शुरूआत ओंकार शंकर झा, हिमांशु शंकर झा व आराध्या द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना से हुई। तत्पश्चात कवयित्री शैलजा झा ने मैथिली में 'कादो-माटि', 'स्त्रीधन', 'ठहक्काक गाछ', कवि राजीव कंठ ने 'सभ सं पैघ काज' व 'बाल्टी', शंभु झा ने साहित्यलोक की रचनागोष्ठी से संबंधित अपने अनुभव व 'नन्दुबबा', अमन कुमार झा ने कहानी 'मोलभाव' व 'कहबाक अछि जे', अरुण पाठक ने अपनी हिन्दी कविता 'पत्रकारिता' सुनाकर सबकी वाहवाही ली। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए बुद्धिनाथ झा ने अपनी रचना :ऊं महाभारत' महाकाव्य से युद्ध प्रसंग से अश्वथामा व द्रोणाचार्य से संबंधित काव्य पाठ सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी।

कवि अरुण पाठक ने कहा कि यह बोकारो वासियों के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि यहां बुद्धिनाथ झा जी जैसे महान साहित्यकार हैं, जिन्होंने मैथिली भाषा में तीन खंडों में 'ऊं महाभारत' महाकाव्य की रचना की है। यह महान ग्रंथ उन्हें सदैव विशिष्ट रचनाकार के रूप में स्थापित रखेगा।कवयित्री शैलजा झा ने कहा कि श्री बुद्धिनाथ झा बोकारो सहित संपूर्ण मिथिला वासियों के लिए गौरव हैं। अमन कुमार झा, राजीव कंठ व अधिवक्ता विश्वनाथ झा ने भी श्री बुद्धिनाथ झा को मिथिला की धरोहर बताया।

# बीएसएल में अधिकारी हुए प्रोन्नत



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सहायक प्रबंधक, प्रबंधक, परामर्शदाता और वरीय प्रबंधक स्तर के कुल 266 अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। सूत्रों के अनुसार ई-1 से ई-2, ई-4 से ई-5 स्तर के अधिकारियों को प्रमोशन मिला है। इनमें सहायक प्रबंधक को प्रबंधक, प्रबंधक को वरीय प्रबंधक, परामर्शदाता को वरीय परामर्शदाता, वरीय प्रबंधक को सहायक महाप्रबंधक तथा वरीय परामर्शदाता को मुख्य परामर्शदाता के रूप में प्रोन्नति मिला है। यह प्रोन्नति 30 जून 2024 से प्रभावी हो चुकी है। इस प्रोन्नति में बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार पांडेय वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) से सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के रूप में प्रोन्नत किए गए हैं। श्री पांडेय को अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी ने प्रोन्नति पत्र प्रदान किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनके साथ-साथ प्रोन्नति किए गए सभी अफसरों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### जिला स्तरीय टीएलएम मेला में बेरमो के शिक्षक को मिला दूसरा स्थान



**बेरमो।** जिला स्तरीय निपुण समागम 2024 में टीचर लर्निंग झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल बोकारो का एक दिवसीय जिला स्तरीय टीएलएम मेला सीएम एसओई रामरुद्रा प्लस टू हाई स्कूल चास में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बोकारो जिला के सभी प्रखंडों के शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें गणित भाषा में मध्य विद्यालय जरीडीह बस्ती बेरमो के शिक्षक बिनोद बिहारी विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे के द्वारा शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आगे पांच जुलाई 2024 को रांची में होने वाले निपुण समागम राज्य स्तरीय मेला में जिला बोकारो की ओर से भाग लेने का अवसर मिला है। उनके इस सफलता पर बेरमो अनुमंडल के सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

### आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया हूल दिवस

**डुमरी/गिरिडीह।** आजसू पार्टी की इसरी बाजार स्थित प्रधान कार्यालय में रविवार को हूल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी के उपस्थित कार्यकताओं ने अंग्रेजों के साथ लडाई में सिद्धो-कान्हू,चांद भैरव एवं फूलों झानों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। विधानसभा प्रभारी ने कहा कि उपरोक्त बलिदानियों का बलिदान हम सभी को अपने देश,प्रदेश और मिट्टी से प्रेम की प्रेरणा व सीख देता रहेगा। इस दौरान आजसू प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार महतो,रीना कुमारी सहायक शिक्षक डीलचन्द महतो,टिंकु महतो,सुजीत कुमार माथुर,विजय कुमार, पिन्टु वर्मा,दीपक जैन, दौलत कुमार,रंजीता देवी,पिंकी कुमारी,कंचन देवी,बब्लू सोनी, शाहीद अंसारी,तुलसी राम महतो आदि उपस्थित थे।

### राहुल बने जमसं के बीएंडके क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य

**बेरमो।** जेबीसीसीआई के सदस्य सह जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने जमसं के बीएंडके क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य राहुल कुमार को मनोनीत किया है। उन्होंने इसका पत्र बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक को भेज दिया है। पत्रकारो के पूछने पर राहुल कुमार ने बताया कि सीसीएल के कोयला मजदूरों और असंगठित मजदूर को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं दिलाने का पहल करेंगे। कहा कि यूनियन के द्वारा जो जिम्मेवारी मिली है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा।

### स्वस्थ जीवन हीं परिवार के लिए है वरदान : श्वेता सिंह



**पिंड्राजोरा ।** स्वस्थ जीवन ही परिवार के लिए वरदान हैं। परिवार अगर स्वस्थ है तो वह परिवार सुखी परिवार है। जिस परिवार में बीमारी अपना घर बना लेता है वह परिवार के लिए जीवन अभिशाप बन जाता है। उक्त बातें शिविर की मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह ने रविवार को चास प्रखंड अंतर्गत कल्याणेश्वर उच्च विद्यालय बहादुरपुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर तथा दवा वितरण शिविर को संबोधित करते हुए कही। निःशुल्क चिकित्सा शिविर तथा दवा वितरण शिविर का आयोजन समाजसेवी श्वेता सिंह व श्री सवेश्वरी समुह रांची और बोकारो शाखा तथा औघड़ भगवान राम आश्रम बोकारो सेक्टर 6 के संयुक्त तत्वावधान आयोजित किया गया। कल्याणेश्वरी उच्च विद्यालय में लगा शिविर मे नेत्र ,उदर,हृदय, मस्तिष्क , हड्डी, स्त्री रोग के अलावे हैम्योपैथिक और आयुर्वेदिक के विशेषज्ञो द्वारा सेवा दिया गया। क्षेत्र के सोनाबाद, घटियाली, जाला, बहादुरपुर, कदुवागोड़ा, चितामी, चाकुलिया सहित अन्य गांवो के ग्रामीणों ने शिविर में पहुंच कर चिकित्सा का लाभ लिया। शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह बोकारो सिविल सर्जन दिनेश कुमार, पीएचसी प्रभारी चास डॉ० अनिल कुमार आदि डॉक्टरों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं श्री सर्वेश्वरी समुह के संस्थापक सह गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्वेता सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समुह झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्य और शहरो में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करता है।

## नियोजन, मुआवजा व पुनर्वास की मांग

# विस्थापितों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन आंदोलन

संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के कारो बस्ती के विस्थापितों ने रविवार से नियोजन, मुआवजा व पुनर्वास की मांगों को लेकर कारो माइंस का उत्पादन अनिश्चितकालीन ठप आंदोलन शुरू किया। यहां विस्थापितों ने प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। विस्थापितों ने एक स्वर में कहा कि प्रबंधन से अब विस्थापित आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। आंदोलन की सूचना पाकर बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार व बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार धरना स्थल पर पहुंचे। परंतु बीएंडके महाप्रबंधक के नहीं पहुंचे जाने के कारण आंदोलनकारियों से वार्ता नहीं हो सकी। विस्थापित सोहनलाल मांझी ने कहा कि प्रबंधन की नीति सिर्फ कोयला उत्पादन करना है। उन्हें विस्थापितों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। गांव के विस्थापित अपने अधिकार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कहा कि हर बार बैठक में प्रबंधन मिनट्स बनाती है



परंतु उस पर अमल नहीं करती है। कहा कि 30 मार्च को बंदी के दौरान प्रबंधन द्वारा लिखित अपील के साथ यह आश्वासन दिया गया था कि विस्थापितों का लंबित नियोजन देने व आदर्श आचार संहिता के बाद ग्रामसभा कर वंशावली बनाया जायेगा। परंतु तीन माह का वक्त बीत जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा अब तक कोई पहल नहीं किया गया है।

कहा कि प्रबंधन द्वारा अजय गंझू, संजय गंझू, मेघलाल गंझू का नियोजन का मामला को बेवजह लंबित रखा गया है। हेमलाल महतो व संजय गंझू ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन विस्थापितों का जमीन अधिग्रहण कर नौकरी मुआवजा, पुनर्वास एवं बेरोजगारों को रोजगार देने का झूठा आश्वासन देकर हमारी जमीन से कोयला निकाल रही है। अनेकों घर खाली करा दिया गया लेकिन अब तक नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास नहीं दिया गया। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि कारो के खुदी गंझू और मोदी गंझू के परिवार का वंशावली सत्यापन नहीं होने से उनके परिवार को अधिकार नहीं मिल पा रहा है।

इसी तरह साहिदा खातुन, सोरामुनि देवी का घर तोड़कर मुआवजा का भुगतान अब तक नहीं किया गया। कहा कि प्रबंधन मंदिर शिफ्टिंग के दौरान बेरोजगारों को लोडिंग पॉइंट, चेक पोस्ट, लिफ्टिंग में काम देने का भरोसा दिलाया था। परंतु इस पर अब तक कोई अमल नहीं किया गया। वहीं आउटसोसिंग कंपनी में कार्य करने के बाद भी मनोज तुरी, मुकेश हेम्ब्रम, गौतम महतो का दो-दो माह का मानदेय अब तक भुगतान नहीं किया गया और उन्हें काम से भी बैठा दिया गया। कहा कि जब तक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक विस्थापित हटने वाले नहीं है। विस्थापित आंदोलन स्थल पर ही सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर खा पी रहे हैं और आंदोलन को सफल बना रहे हैं। इधर बंदी की सूचना मिलते हीं कारो परियोजना के मैनेजर जीएन सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को समझा बुझा कर आंदोलन वापस लेने का आग्रह किया। परंतु विस्थापित अपनी मांग को लेकर अड़े हुए हैं। समाचार लिखे जाने तक विस्थापित परियोजना परिसर में ही आंदोलन पर डटे हुए थे।मौके पर जीबू विश्वकर्मा, मेघलाल गंझू, अजय गंझू, कुलदीप गंझू, खगेश्वर रजक, लखन हांसदा, राजू सिंह, मिथलेश गंझू, चैता गंझू, कुंवर मांझी, ममता देवी, गीता देवी, गुड़िया देवी, कामिनी देवी, सोरमुनि देवी, भूखली देवी, मीना देवी, फागुनी देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी आदि मौजूद थे।

### सर्प दंश से सिजुआ की महिला की मृत्यु

**दुगदा।** चंद्रपुरा प्रखंड के सिजुआ गांव में सर्प दंश से स्व० छत्रु महतो की 60 बर्षीय पत्नी कुंती देवी की मौत ईलाज के दौरान डीवीसी अस्पताल चंद्रपुरा में हो गयी। बताते चलें कि सिजुआ गांव की कुंती देवी शनिवार की शाम को घर के पीछे बारी में सब्जी रोपने के लिए सफाई कर रही थी। उसी वक्त विषैले साप ने काट लिया। सर्प दंश की घटना को कुंती देवी ने अपने परिजनों को बतायी तब पुत्र शंकर महतो ईलाज के लिए डी भी सी अस्पताल चंद्रपुरा ले आए। जहां पर डॉक्टरो ने इलाज शुरू किया।लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए बोकारो जेनरल अस्पताल रेफर करने की बात कही। इसी दौरान संध्या सात बजे कुंती देवी मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर बोकारो झरिया ओ पी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में ले कर अंत्यपरीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल चास भेजा। सर्प दंश से कुंती देवी की मौत होने की खबर गांव में पहुँचते हीं पूरे गांव में मातम फैल गयी।

## ढोरी बस्ती रेहवाघाट में जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

संवाददाता

बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी बस्ती रेहवाघाट में जमीन विवाद में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें दो लोग बुरी तरह घायल भी हुए हैं। जिसका लिखित आवेदन बेरमो थाना में शनिवार की देर शाम दोनों पक्षों ने दिया है। घायल द्वारिका महतो ने बताया कि तेनुघाट व्यवहार न्यायालय द्वारा मालिकाना हक मिलने के बाद शनिवार को अपने जमीन का घेराव कर रहे थे।

इस दौरान राम अवतार गिरि नामक व्यक्ति ने अपने अन्य सहयोगों के साथ आकर काम रोकते हुए मुझे और मेरी भावा के साथ मारपीट की।

जिससे हम घायल हो गये और स्थानीय अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराया। श्री महतो का कहना है कि राम अवतार गिरि मेरे जमीन को अपना जमीन बताकर बाधा डाल रहा है। जबकि जमीन की मापी भी



हुई और जमीन का कागजात और रसीद मेरे पास है। जबकि रेहवाघाट निवासी राम अवतार गिरि ने थाना में दिये आवेदन में कहा कि तेनुघाट केस संख्या 49/2000 में रामाअवतार गिरि और धन्नु महतो के साथ केस चल रहा था।

धन्नु महतो की मृत्यु होने के बाद अब उनके बेटे द्वारिका महतो और झब्बुलाल महतो के साथ केस चल रहा है। शनिवार को सुबह द्वारिका महतो और झब्बुलाल महतो विवादित जमीन पर घेराव कर रहा था। इस दौरान जब मैं रोकने गया कि घेर-घेराव क्यों कर रहे हो तो द्वारिका महतो ने पीछे से मेरे सर पर कुल्हाड़ी से वार किया। जिससे मेरा सर फट गया और बहुत सारा खून बहा। स्व० धन्नु महतो के पुत्र द्वारिका महतो, झब्बूलाल महतो, धन्नु महतो, द्वारिका महतो की पत्नी शांति देवी, झब्बूलाल महतो की पत्नी बसंती देवी, उसके पुत्र सुनील महतो व अजय महतो ने मिलकर मारपीट की। यह मामला न्यायालय में कई वर्षों से चल रहा है।

सरकारी अमीन आने के बाद हीं जमीन की मापी होगी। घटना की सूचना पाकर बेरमो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों से पूछताछ किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को बेरमो सीओ के पास जाकर अपना कागजात प्रस्तुत करने की बात कही।

## पलरा में पंद्रह दिवसीय सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण सम्पन्न




संवाददाता

**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड के केन्दुआ पंचायत के ग्राम पलरा में सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सोहराय पेंटिंग का पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए जमुआ के थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने कहा कि महिलाओं की आमदनी बढाने के लिए नाबार्ड और आइडिया संस्था का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आमदनी बढेगी तो महिलाओं का घर में सम्मान बढेगा।उन्होंने कहा कि सोहराय पेंटिंग झारखंड की महत्वपूर्ण कला है जो हमारे पूर्वजों से चला आ रहा है। इस कला और संस्कृति को बचाना बहुत जरूरी है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक चुंगलो की शाखा प्रबंधक श्रुति सिन्हा ने कहा कि पहले महिलाएं जूट बैग निर्माण की ट्रेनिंग ली और अब उसमें जब सोहराय पेंटिंग हो जाएगा तो उस बैग की कीमत दोगुनी हो जाएगी। इस काम में जो भी पूंजी लगेगा बैंक देने के लिए तैयार है। जेएसएलपीएस जमुआ के बीपीओ वैल्यू एडिशन के एम हुसैन ने कहा कि इस मशीनरी युग में अपनी कला और संस्कृति को बचाना चुनौती से कम नहीं है। जमुआ में पलरा की महिलायें अपने स्वरोजगार के साथ कला और संस्कृति को भी बचाने का काम कर रही है। सरकार भी ऐसे कार्यों को बढ़ावा देती है। जेएसएलपीएस के आईपीआरपी बालेश्वर सिंह ने कहा कि महिलाएं बहुत मेहनती होती हैं। ये जूट बैग, फोल्डर फाइल बनायेगी फिर उसमें सोहराय पेंटिंग से इस क्षेत्र और गिरिडीह जिला का नाम रौशन होगा। सरकार का ब्रांड में भी यह जूट बैग बिकेगा। ट्रेनिंग देने हजारीबाग से आई पार्वती देवी ने कहा कि महिलायें सोहराय पेंटिंग का ट्रेनिंग पूरी ईमानदारी से सीखी हैं। जूट बैग में सोहराय पेंटिंग हो जाने से उसकी कीमत बढ जाएगी । महिलायें पंद्रह दिनों में सोहराय पेंटिंग में फूल पती , गमला, मछली, हिरण , हाथी, मोर आदि का चित्र बनाना और पेंटिंग का काम सीखी हैं।

आइडिया के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर खुशी शर्मा ने कहा कि सोहराय पेंटिंग झारखंड की प्राचीन कला है। पहले मिट्टी घर के दिवालों में सोहराय पेंटिंग किया जाता था। स्थानीय मुखिया आशा देवी और केन्दुआ एफपीओ के डायरेक्टर रंजीत कुमार मंडल ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की आमदनी बढाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नाबार्ड और आइडिया संस्था ईमानदार प्रयास कर रही है। प्रशिक्षण का आयोजन नाबार्ड एवं आइडिया के सहयोग से किया गया।

## आजसू पार्टी ने फुसरो में मनाया हूल दिवस

संवाददाता

**बेरमो।** आजसू पार्टी फुसरो नगर कमिटी द्वारा रविवार को करगली गेट स्थित पार्टी कार्यालय में हूल दिवस मनाया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की। यहां पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। पार्टी के वरीय नेता धनेश्वर महतो ने कहा कि इस दिन का खास महत्व है। इसी दिन संताल धनुर्धारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले जंग का आगाज किया था। जिसे संताल विद्रोह या संताल हूल के नाम से याद किया जाता है। फुसरो नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने कहा कि इतिहास के पन्नों में ऐसे सिपाही विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई माना जाता है। लेकिन सिपाही विद्रोह से दो साल पूर्व झारखंड के संताल परगना में क्रांति की शुरूआत हुई। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ अंग्रेजी हुकूमत और महाजनों के



शोषण और अत्याचार से तंग आकर वीर नायक सिद्धो, कान्हु,चांद, भैरव फूलो झानो एवं चानकू महतो के नेतृत्व में विद्रोह का एलान किया गया था। कहा कि अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबराकर उनका दमन प्रारंभ किया। चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला। इसके बाद सिद्धो और कान्हु को भोगनाडीह में हीं पेड़ से लटकाकर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी गयी। संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल हूल दिवस मनाया जाता है। मौके पर बेरमो प्रखंड अध्यक्ष मंजूर आलम, फुसरो नगर प्रभारी शक्ति प्रसाद महतो, सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान, बेरमो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा महतो, उपाध्यक्ष वीरू हरि, नगर सचिव मनोज कुमार, वार्ड प्रभारी शशि चौहान, सुनील कुमार, खेतको पंचायत के कृष्णा नायक, सुभाष यादव, अशोक कुमार, सनी कुमार, सूरज कुमार, युवा नेत्री प्रियंका गुप्ता, नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

### जेंडर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो।** जेंडर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कसमार प्रखंड की किशोरियों के बीच सहयोगिनी संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि किशोरी तथा लड़कियों के बीच जेंडर को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए किशोरी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में 35 वां प्रांतीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

# कबड्डी में चतरा प्रथम, बोकारो सेक्टर नौ द्वितीय स्थान पर रहा

संवाददाता

बोकारो। पंडित बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर दुगदा में 35 वां प्रांतीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता 2024 का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय मंत्री राम अवतार नारसरिया, प्रांतीय खेल संरक्षक सुरेश मंडल, धनबाद विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडेय, विद्यालय के सचिव ऋषिकांत तिवारी एवं प्रधानाचार्य रामाकांत राणा ने संयुक्त रूप से हनुमंत पूजन, दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय प्रमुख रामअवतार नारसरिया ने हूल दिवस की बधाई



देते हुए सिद्धू-कान्हू, चांद भैरव की वीर गाथा का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा एक? दूसरे के पूरक हैं। खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और एक स्वस्थ शरीर में हीं स्वस्थ मन का वास होता है।

खेल हमें राष्ट्रभक्ति ,सरलता ,समानता के लिए प्रेरित करता है। शिशु मंदिर में पढ़ने वाले भैया-बहन अपने संस्कारों के लिए जाने जाते हैं। तीन दिवसीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में बाल वर्ग भैया कबड्डी में प्रथम स्थान चतरा, द्वितीय 9 डी बोकारो और तृतीय स्थान देवनगर दुगदा को प्राप्त हुआ।

बाल वर्ग बहन कबड्डी में प्रथम स्थान गिरिडीह, तृतीय लोहरदगा, किशोर वर्ग कबड्डी भैया में प्रथम स्थान गिरिडीह, द्वितीय मोरहाबादी एवं तृतीय कुम्हारटोली हजारीबाग ने प्राप्त किया। किशोर वर्ग बहन कबड्डी में प्रथम स्थान रतनपुर टुंडी, द्वितीय स्थान झुमरी तिलैया एवं तृतीय देवनगर दुग्दा को प्राप्त हुआ। तरुण वर्ग भैया कबड्डी में प्रथम स्थान सिनीडीह, द्वितीय स्थान देवनगर दुगदा एवं तृतीय स्थान 9? डी बोकारो को प्राप्त हुआ। बाल वर्ग भैया खो-खो में प्रथम स्थान लोहरदगा, द्वितीय स्थान गुमला एवं तृतीय स्थान कुम्हारटोली को प्राप्त हुआ। बाल वर्ग बहन खो-खो में प्रथम स्थान चतरा, द्वितीय स्थान कुम्हारटोली एवं तृतीय स्थान चाईबासा को प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग भैया खो-खो में प्रथम स्थान लोहरदगा, द्वितीय स्थान चतरा एवं तृतीय स्थान कुम्हारटोली ने प्राप्त किया। किशोर वर्ग बहन खो-खो में प्रथम स्थान कुल्ही, द्वितीय स्थान मधुपुर एवं तृतीय स्थान चाईबासा को प्राप्त हुआ।

## गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य : अमल दास

संवाददाता

**बोकारो।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने तथा शिक्षा व स्वास्थ्य की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निर्देशानुसार बोकारो जिला के छह गरीब लड़कियों चास प्रखंड के भवानीपुर साइड निवासी अजीत महतो की पुत्री भवानी कुमारी, उलगाड़ा निवासी रामकृष्ण महतो की पुत्री अलोमानी कुमारी, सतनपुर गांव के मगाराम बाउरी की पुत्री रेखा कुमारी, कसमार प्रखंड के चैनपुर गांव के रामधन कपरदार की पुत्री सीमा कुमारी, रंगामाटी गांव गौतम चैटर्जी की पुत्री रूपा कुमारी, तैलाया रामडीह गांव के अयोध्या मुर्मू की पुत्री अनीता कुमारी की शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच हजार रूपए का चेक एवं एक एक साडी ग्रामीणों की उपस्थिति में संस्थापक अमल दास एवं उनके सहयोगी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो सौंपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए प्रभारी ने कहा कि संस्था की



शुरूवात 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी में की गई थे। आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल में भी संस्था कार्य कर रही है। संस्था स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर का सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही है। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था का एक उद्देश्य यह भी है कि गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ा जाय। ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो। इसे देखते हुए संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोलने जा रही है। बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी जन कल्याणकारी कार्य कर रही है। मौके पर जिला प्रभारी अशोक दास, उप जिला प्रभारी श्रीकांत दास, एसोसिएट आशा देवी, ममता बाउरी, रेणुका बाउरी सविता महतो,पार्वती देवी के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

## सावित्री देवी ने वरवा अड्डा में 75 वें वन महोत्सव का उद्घाटन किया



**धनबाद।** इंडियन ऑयल के तत्वाधान में गणेश पेट्रोल स्टेशन एनएच-2 वरवा अड्डा में आयोजित 75 वें वन महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि धनबाद से नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी ने अपने हाथों पौधों की पूजा कर पौधरोपण कर किया। इस वन महोत्सव के अवसर पर सावित्री देवी ने उपस्थित सभी लोगों से पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा कि आज आधारभूत संरचना के हो रहें विकास में एवं बढ़ती शहरीकरण के कारण करोड़ो की संख्या में पेड़ कट रहें है जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। जिसका परिणाम कहीं सुखाड़, कहीं बाढ़, कहीं त्रासदी, जलवायु परिवर्तन तथा धरती का तापमान बढ़ रहा है। पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है। इस समस्या का एक हीं समाधान है कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाया जाय। प्रकृति तभी पूर्ण रूप से संतुलित रहेगी जब धरती पर 33% वन क्षेत्र होगा।

## गोपालपुर पंचायत भवन में दूसरा नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन



**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड के गोपालपुर पंचायत भवन में रविवार को मुखिया शिखा नाग के द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की शुरूआत गोपालपुर पंचायत की मुखिया शिखा नाग व मुखिया प्रतिनिधि स्वपन नाग ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने ब्लड प्रेशर, शूगर, ब्लड टेस्ट व कई तरह की छोटी मोटी जांच करवाई। इस शिविर में आए सभी डॉक्टरो का मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि द्वारा फूल व बुके देकर स्वागत किया गया। इस संबंध में गोपालपुर पंचायत की मुखिया शिखा नाग ने कहा कि यह हमारे पंचायत में दूसरा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित है, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों का सभी तरह का चेकअप किया जा रहा है और दवाई भी मुफ्त दी जा रही है।

## धनबाद सांसद का लखनऊ में शानदार स्वागत



**धनबाद।** ढुल्लू महतो के संसदीय कार्यवाही के साप्ताहिक अवकाश के दौरान रामलला के दर्शन कर वापस दिल्ली लौटने के दौरान लखनऊ में भाजपा कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया और जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर माननीय सांसद ढुल्लू महतो ने उपस्थित सभी भाजपा कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपलोगो द्वारा मिले इस आत्मीय स्नेह व सम्मान को कभी भूलूंगा। यह भाजपा परिवार के आदर्श व संस्कार को दशार्ता है।

## जागेश्वर मेडिकल परिसर में हुल दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**कतरास।** गोमो रोड स्थित जागेश्वर मेडिकल परिसर में हुल दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी तोपचांची की ओर से संथाल हूल के महानायक सिद्धे-काहूं, चांद-भैरव,फूलो-झानो का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ने वाले हम सभी के पूर्वजों ने देश एवं झारखंड में हो रहे शोषण, जुल्म व अत्याचार से मुक्ति दिलाने में शहीद हो गए। उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। प्रमोद कुमार महतो एवं संचालन आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने किया। सिद्धो- काहू के तस्वीर पर श्रद्धांजलि देने वालों में केंद्रीय सदस्य दयालचंद्र महतो, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष रमेश मुनि यादव, आजसू के संस्थापक सदस्य शिव शंकर शर्मा,रास बिहारी प्रमाणिक, झारखंड आंदोलनकारी गिरधारी प्रसाद महतो, सूरजमल निराला समेत दर्जनों आजसू पार्टी के कार्यकर्तागण शामिल रहे।

### उप विकास आयुक्त ने की जिला टास्क फोर्स की बैठक

# टीकाकरण को लेकर सिविल सर्जन को दिए निर्देश

### सभी घरों में जहां 5 वर्ष के बच्चे हैं उनको ओआरएस और जिंक टेबलेट देना है



संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर के द्वारा रूटीन टीकाकरण, वीपीडी निगरानी, आईडीसीएफ एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य समेत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम डीडीसी ने सिविल सर्जन डॉ० चंद्रभानु प्रतापन से नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। जिसके उपरांत डब्लूएचओ से डॉ० अमित कुमार तिवारी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान आईडीसीएफ प्रोग्राम निर्धारित तिथि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाने हेतु चर्चा की गई। इस प्रोग्राम का उद्देश्य बच्चों में डायरिया के रोकथाम एवं प्रीवेंटिव मेजर को सुदृढ़ करना है। इस प्रोग्राम के दौरान सभी घरों में जहां 5 वर्ष के बच्चे हैं उनको ओआरएस और जिंक टेबलेट देना है और यह सुनिश्चित करना है कि डायरिया के लक्षण दिखने पर इसका उपयोग किया जा सके।। बैठक के दौरान डीडीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को खसरा एवं रूबेला संबंधित मामलों की पहचान हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं सर्विलेंस सिस्टम में सुधार के तहत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आने वाले बच्चों जिनमे घमौरी के साथ-साथ बुखार के लक्षण हो उन्हें चिन्हित कर डीआरसीएचओ एवं डब्लूएचओ के चिकित्सकों के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं उप विकास आयुक्त ने आम जनों तक खसरा एवं रूबेला से संबंधित विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने एवं किसी भी बच्चे में इसका लक्षण दिखने पर त्वरित रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान डीडीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को नियमित टीकाकरण के तहत होने वाले प्रत्येक कार्य को सरकार के वहक्ठ पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ० चंद्रभानु प्रतापपन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, डब्लूएचओ से डॉ० अमित कुमार तिवारी समेत सभी सीडीपीओ एवं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे।

## 15 वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने स्वर्ण व कास्य पदक जीत क्षेत्र का नाम रौशन किया



संवाददाता

**सिन्दरी।** 15 वीं राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता 12 से 14 जून उज्जैन मध्य प्रदेश में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। धनबाद से इस प्रतियोगिता में द राइट ट्रेक ताइक्वांडो अकैडमी से 5 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें 2 स्वर्ण पदक तथा 2 काश्य पदक प्राप्त हुआ। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी प्राची सिन्हा तथा आराध्या पांडेय काशय पदक विजेता खिलाड़ी रजत मंडल तथा श्रुति शर्मा व अकैडमी के खिलाड़ी अयान देय ने उम्मदा प्रदर्शन करते हुए राज्य तथा सिन्दरी व घनबाद जिला का नाम रौशन किया है। इसके लिए कोच विशाल पंडित, रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर, एफसीआइ के जीएम देवदास अधिकारी, भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा, भारतीय ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष तथा झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा, महासचिव कमलेश पांडेय, सचिव सुमीर शर्मा, भारतीय ताइक्वांडो संघ से अश्विनी शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के रेफरी चीफ अमर बावरी तथा विजय शंकर विश्वकर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमुना कुमार पासवान, रेफरी ज्योति कुमारी, रोनित सिंह, सुमित शर्मा,उदय कुमार पंडित आदि सभी ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्राची सिन्हा, आराध्या पांडेय ,दिया मंडल ,आरुषि ,श्रुति शर्मा ,पुष्पा महतो ,रजत मंडल ,अयान दें, हार्दिक पीयूष गिरी, अंशुमन गोराई, श्रेष्ठा आदि शामिल हुए।

## बीएसएस महिला कॉलेज और लॉ कॉलेज धनबाद में चलाया गया छात्रवृत्ति अभियान



संवाददाता

**धनबाद।** मयूर शेखर झा के नेतृत्व में उनकी गैर-सरकारी संस्था बेहतर झारखंड जो कि एक अग्रणी गैर-सरकारी संस्था है उसके कार्यक्षेत्र के तहत मयूर शेखर झा की एक पहल ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और राज्य में विकलांग व्यक्ति के योग्य छात्रों को सशक्त बनाने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से एक छात्रवृत्ति अभियान धनबाद में चलाया गया। बेहतर झारखंड कार्यक्रम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए धनबाद के विभिन्न कॉलेजों में छात्रवृत्ति अभियान चल रहा है। आज का अभियान लॉ कॉलेज और बीएसएस महिला कॉलेज।धनबाद में आयोजित किया गया, जहां बेहतर झारखंड के प्रतिनिधियों ने छात्रों के लिए एक जानकारी सत्र आयोजित किया। सत्र में छात्रवृत्ति की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों की व्यापक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, छात्रों को आवेदन पत्र भरने और उनके किसी भी प्रश्न का उत्तर देने में सहायता के लिए कॉलेज परिसर के भीतर एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित की गई। बेहतर झारखण्ड से सूरज कुमार, मकसूद अंसारी, सूनिल गुप्ता, निखिल आनंद, जितेन्द्र, अंकित, रौशन आदि वालंटियर मौजूद थे। इस छात्रवृत्ति पहल का उद्देश्य वंचित छात्रों के लिए वित्तीय बाधा को दूर करना है, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। बेहतर झारखंड की कार्यकर्ता त्रिशाला शांडिल्य ने दोनों कॉलेज के प्रधानाचार्यो से बातचीत की। प्रधानाचार्य कमल किशोर पाठक, ला कॉलेज ने कहा कि हमें इस छात्रवृत्ति अभियान पर बेहतर झारखंड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के साथ सहयोग करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह पहल हमारे योग्य छात्रों को बहुत आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का मौका मिलेगा। वही बीएसईएस महिला कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ करुणा ने कहा कि यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम झारखंड के शैक्षिक परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए बेहतर झारखंड की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

## कुमीर्डीह में हूल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन




संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो धनबाद समिति द्वारा जिला कार्यालय, कुमीर्डीह में हूल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने की एवं संचालन जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने किया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा सिधो कान्हू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तदोपरांत सभी ने तस्करी पर पुष्प अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुएं जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि आज के दिन हीं आदिवासी भाइयों सिद्धो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में भोगनाडीह में लगभग 50,000 आदिवासियों ने 30 जून 1855 को महाजनी प्रथा और ब्रिटिश बंदोबस्त नीति के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। इस विद्रोह का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत द्वारा आदिवासियों के कृषि कर के नाम पर 50 से 500 प्रतिशत वसूलना बंद करवाना था। आदिवासियों ने एकजुट होकर अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और यह निष्कर्ष निकाला कि वे खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे और भू-राजस्व नहीं देंगे। इसके मद्देनजर स्थानीय जमींदारों और अंग्रेजी सरकार से आए उद्यमियों को मौत के घाट उतार दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य कंसारी मंडल, धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला सह सचिव एजाज अहमद, टिंकू अंसारी,भरत कालिंदी,पवन माझी, राकेश मसिह,जूनेद आलम सहित अन्य मौजूद थें।

## अजीत कुमार मिश्र को अध्यक्ष विद्यापति परिषद चुना गया

**सिन्दरी।** विद्यापति परिषद सिंदरी का वार्षिकोत्सव चुनाव वरिष्ठ सह संस्थापक सदस्य मदन मोहन झा की अध्यक्षता में परिषद प्रांगण में रविवार को संपन्न हुआ। इसके अध्यक्ष पुनः अजीत कुमार मिश्र को सर्वसम्मति से चुना गया है।

अध्यक्षता कर रहे मदन मोहन झा ने बताया कि सिंदरी पुलिस की उपस्थिति में निष्पक्ष चुनाव कराकर नयी कमेटी का गठन किया गया है। इसमें संरक्षक डी सी चौधरी, उपाध्यक्ष भास्कर झा और राजगोविंद झा, महासचिव चंद्रशेखर झा, सचिव हेमंत ठाकुर और नीरज झा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार झा को चुना गया है। परिषद के नये 15 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य का निर्वाचन होना तय है। आम सभा में बैठक कर तय किया गया है कि परिषद का चुनाव प्रत्येक वर्ष मार्च महीने के अंतिम रविवार को होना तय है। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखकर चुनाव प्रक्रिया और नयी कमेटी का गठन तीन महीने बाद किया गया है।

## झामुमो धनबाद महानगर समिति ने किया हुल दिवस समारोह का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो धनबाद महानगर समिति के नेतृत्व में धनबाद परिषदन में हुल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंटु कुमार चौहान ने कहा कि सिदो-कान्हू ने 1855-56 में ब्रिटिश सत्ता, साहुकारो, व्यपारियों व जमींदारो के अत्याचारों के खिलाफ एक विद्रोह कि शुरूवात की जिसे संथाल विद्रोह या हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है। संथाल विद्रोह का नारा था करो या मरो, अंग्रेजो हमारी माटी छोड़ो। आज के दिन को हीं पूरे राज्य में हुल दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, महानगर अध्यक्ष मंटु कुमार चौहान, उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, वकील दास, संयुक्त सचिव सुदीप दत्ता, राजेश तुरी, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, बुद्धिजीवी अध्यक्ष राजू प्रमाणिक, उपाध्यक्ष विष्णुदेव विश्वकर्मा,जितेन सिन्हा,संयुक्त सचिव संजीव कुमार, रंजीत रजक, शिवप्रकाश ,दिनेश कुमार, मुकेश कुमार सिंह,विवेक कुमार, अनुराग कुमार, अनिल मल्लिक संग अन्य शामिल हुए।

# सत्य परेशान कर सकता है पराजित नहीं: अनुपमा सिंह



संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए आज पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में मिलकर पुष्प गुछ देकर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी और कहा कि लोकसभा के चुनाव से पूर्व साजिशों के तहत हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष इनके धमकियों से डरे नहीं दबें नहीं बल्कि झारखंड और आदिवासियों की आवाज बुलंद करते रहे। झारखंड के लोगों के पक्ष में नीतियां बना रहे थे। जिसे केंद्र सरकार में खलबली घबराहट भरी हुई थी एवं लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के साथ में प्रचार प्रसार न कर पाए। चुनाव प्रभावित करने की साजिश का हीं नतीजा था कि बिना किसी सबूत के 5 महीने मोदी सरकार ने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर पहले दबाव बनाया, भय दिखाकर सरकार गिराने की साजिशे रची, जब उसमें सफलता नहीं मिली तो अंत में झूठे आरोप लगाकर भूमि घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में फंसाकर केंद्र की सरकार ने झारखंड के सबसे लोकप्रिय आदिवासी बड़े नेता को जेल भेजने का काम किया। लेकिन भगवान के घर देर है अंधेर नहीं।

हाई कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि किसी भी रजिस्टर/ राजस्व रिकॉर्ड में उक्त भूमि के अधिग्रहण और कब्जे में याचिकाकर्ता की प्रत्यक्ष भागीदारी का कोई संकेत नहीं है। आज सच्चाई की जीत हुई है। उनके बाहर आने से महागठबंधन एवं कार्यकताओं में नई ताकत और नई ऊर्जा का संचार होगा। मैं विश्वास दिलाती हूं कि झारखंड की जनता इस बार भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

## जालान हॉस्पिटल धनबाद के ब्लड बैंक के डॉक्टर्स एवं उनके सहयोगियों को सम्मानित किया गया



संवाददाता

**धनबाद।** रोटी बैंक युथ क्लब व भूली ब्लड डोनर ग्रुप धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में एशियन द्वारकादास जालान हॉस्पिटल धनबाद के ब्लड बैंक के डॉक्टर्स एवं उनके सहयोगियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राज सिन्हा उपस्थित थे। उनके द्वारा ब्लड बैंक के सदस्यों को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ हीं जीवन रेखा ट्रस्ट के सचिव राजीव शर्मा के द्वारा केक काटकर सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। मौके पर राजीव शर्मा ने कहा कि आज रोटी बैंक के द्वारा ब्लड बैंक के कर्मचारियों को सम्मानित करने का जो कार्य किया गया है वह बहुत हीं सराहनीय है। हम सभी संस्थाओं के लोग रक्तदान के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने कहा कि कुछ दिन पहले उन्होंने एनएमसीएच हॉस्पिटल में भी ब्लड बैंक के सदस्यों को सम्मानित किया। आज एशियाई द्वारिका दास जालान हॉस्पिटल में सभी को सम्मानित किया गया। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि उन लोगों को भी सम्मान मिलना चाहिए, जिनके वजह से हमें रक्त संग्रह करने में सहूलियत मिलती है। भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष रवि सिंह का भी इस सम्मान समारोह में महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर रोटी बैंक यूथ क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें। - महर्षि अरविन्द**

## राहुल गांधी की नई जिम्मेदारी!

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन गए हैं। दस वर्षों में पहली बार विपक्ष को नेताप्रतिपक्ष का पद मिला है। राहुल गांधी के रूप में एक मुखर चेहरा मोदी सरकार के सामने चुनौती पेश कर रहा है। उन्हें पहली बार कई महत्वपूर्ण कमेटियों में बतौर नेताप्रतिपक्ष अपनी राय रखनी है। ऐसे में उनकी स्थिति और मिजाज पूरी तरह बदल गए हैं। अब राहुल गांधी का अंदाज भी बदला हुआ नजर आ रहा है। जो राहुल पिछले कई महीनों से सफेद टी शर्ट में दिखाई दे रहे थे, वे अब सफेद कुर्ते और पायजामा में नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने पिछले दो सालों से इस तरह के कपड़े छोड़ दिए थे। भारत जोड़ो यात्रा के वक्त जिस सफेद शर्ट को उन्होंने इतना प्रमोट किया था, उसे चुनाव दर चुनाव जारी भी रखा। संसद में शपथ के दौरान भी इस बार राहुल गांधी ने दूसरे नेताओं से इत्तर जींस और टी शर्ट पहन रखी थी। लेकिन नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद वे कुर्ते पायजामे में नजर आ गए। 25 साल से राजनीति में सक्रिय चल रहे राहुल अभी तक एक बार भी किसी संवैधानिक पद पर नहीं बैठे।

वे चाहते तो सन 2004 में ही मंत्री बन जाते, उन्हें ऑफर तक दिए गए, लेकिन हर बार राहुल गांधी ने उसे नकार दिया। ऐसे में यह पहली बार है जब राहुल गांधी एक संवैधानिक पद संभाल रहे हैं। उनके पास इसका कोई पहले का अनुभव नहीं है, ऐसे में किस तरह से वे इस नई भूमिका में खुद को ढालते हैं, यह देखना होगा। राहुल गांधी कई बार अति उत्साह में जरूरत से ज्यादा बोल जाते हैं, जितने मानहानि के मामले उनके खिलाफ दर्ज है, वो इस बात का प्रमाण हैं। लेकिन बतौर नेता प्रतिपक्ष उनकी जिम्मेदारी अब और ज्यादा बढ़ गई है। उन्हें आएदिन पूरा होमवर्क करना पड़ेगा, सिर्फ कुछ कागज पढ़ देने से, तीखे हमले कर देने से काम नहीं चलने वाला है। तथ्य का जवाब तथ्य से देना होगा, तर्क का जवाब अपने तर्कों से देना होगा। जब तक राहुल ऐसा नहीं करेंगे, नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद भी उनकी स्वीकार्यता नहीं बढ़ेगी।नई चुनौती इस बार विपक्ष को एकजुट रखने की भी है। यह सही बात है कि इस बार मोदी सरकार के पास अपने दम पर बहुमत नहीं है, उन्हें अपने एनडीए के साथियों के सहारे सरकार चलानी पड़ रही। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इंडिया गठबंधन में भी दरारें मौजूद हैं जो किसी भी विवाद के समय बढ़ सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो राहुल गांधी की चुनौती काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। नेता प्रतिपक्ष एक ऐसा पद है जहां पर विपक्ष की सफलता पर अगर क्रेडिट मिलता है तो हर विफलता पर भी उतनी ही ताकत के सात हार का ठीकरा भी फोड़ा जाता है।

कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता के रूप में तो राहुल गांधी का बचाव कई बार हो चुका है। सन् 2014 में हार हुई तो राहुल की नेतृत्व के बजाय मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर को जिम्मेदार बता दिया गया था। जब सन 2019 में हार मिली तो न्याय योजना और राष्ट्रवाद नेरेटिव को जिम्मेदार ठहराया गया। लेकिन अब जब राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में हैं, उनकी जवाबदेही सबसे ज्यादा रहेगी। विपक्ष क्या करता है, उसका क्या परिणाम रहता है, हर बात का उत्तर राहुल गांधी के पास होना चाहिए। ऐसे में इस चुनौती से पार पाना भी कांग्रेस नेता के लिए आसान नहीं रहने वाला। उन्हें नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता के रूप में तालमेल बैठाना पड़ेगा। हाल के लोकसभा चुनाव में यूपी से लेकर राजस्थान तक में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा है, ऐसे में उसे और बेहतर करने के लिए राहुल गांधी की आक्रमता के साथ-साथ उनका जमीनी प्रचार जारी रहने जरूरी है। लेकिन बतौर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अब सदन की ज्यादा से ज्यादा चचाओं में शामिल होना होगा, उन्हें सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगी। 17वीं लोकसभा में उनकी उपस्तिथि सिर्फ 51 प्रतिशत दर्ज की गई थी और वे सिर्फ.8 चर्चाओं में शामिल हुए थे। लेकिन यह लचर स्थिति बतौर नेता प्रतिपक्ष नहीं रह सकती।

## चिंतन-मनन

### उसका अभिमान नाश कर के छोड़ता है

जब व्यक्ति अपार धन-दौलत और आलीशान भवनों का मालिक हो जाता है तो वह स्वयं को औरों से अलग महसूस करने लगता है। ऊंचेपन की भावना के कारण वह किसी को कुछ नहीं समझता। यही भाव अभिमान है जो उसके रोम-रोम से दिखाई देता है। इस स्थिति में शेष लोग उसके लिए अवशेष हो जाते हैं। सिक्खों के पंचम गुरु अर्जन देव जी ने अपनी रचना में ऐसे लोगों को मूर्ख, अंधा व अज्ञानी माना है। जब ऐसी स्थिति आ जाती है तो वह अराजक होकर अत्याचार पर उतारू हो जाता है। गरीब और कमजोर उसके शिकार होते हैं। गुरु अर्जन देव ने अपने समय में ऐसे अत्याचारों को देखा और सामना भी किया। उनके अनुसार व्यक्ति कितना भी ऊंचा क्यों न हो जाए, अभिमान उसका नाश करके ही छोड़ता है। हृदय में गरीबी यानी विनम्रता का वास जरूरी है। इससे सारे लोकों में सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने इन पवित्र विचारों को अपनी कालजयी रचना सुखमनी साहिब में यूं लिखा है-जिस कै हिरदै गरीबी बसावै। नानक ईहा मुकतु आगै सुखु पावै। वास्तव में अभिमान निर्माण का नहीं, विनाश का लक्षण है। व्यक्ति स्वयं को महत्ता देने लगता है। अपनी अराजकता से वह आस-पास के लोगों को भी संप्रमित कर देता है। इसी आग में विकास डूबकर विनाश में परिवर्तित हो जाता है। प्राचीन काल में रावण, कंस, कौरव आदि अभिमान के ही मिथ्या जाल में फंसे थे। धार्मिक हों या राजनीतिक, आज भी कई समूह उसी राह पर बढ़ रहे हैं। अभिमान इन्हें गिरावट का ही ग्राफ दिखा रहा है, बढ़ने का नहीं। गुरु अर्जन देव के अनुसार अगर ऐसे विनाशकारी भाव से बचना है तो अपने आचार-व्यवहार में नम्रता को प्रथम स्थान देना होगा। उन्होंने आगे नम्रता को लाने का उपाय भी बताया है। अमीरी हो या गरीबी, हर हाल में व्यक्ति को उस अकाल शक्ति के निकट स्वयं को महसूस करना चाहिए-सदा निकटि निकटि हरि जानु। हर मनुष्य का कर्तव्य बनता है कि जिस अकाल शक्ति से उसकी उत्पत्ति हुई है वह स्वयं को उसके साथ जुड़ा रखे। यह भाव व्यक्ति को ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होना सिखाता है, जिससे विनम्रता का जन्म होता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**वृष** : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**मिथुन** : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी।

**सिंह** : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या** : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला** : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**धनु** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकर** : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा।

**कुंभ** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मीन** : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

# रोजगार, किसान, गांव और मध्यम वर्ग पर फोकस हो बजट

**डॉ. उमेश प्रताप सिंह**

बजट सरकार के वित्त का सबसे विस्तृत ब्यौरा होता है जिसमें सभी स्रोतों से प्राप्त राजस्व और सभी मदों पर किया गया व्यय सम्मिलित होता है। आय-व्यय के विवरण सरकार के समष्टिभावी आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के हिसाब से तैयार किये जाते हैं। इसलिए बजट सरकरी नीतियों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होता है। बजट के पहले भाग में सामान्य आर्थिक सर्वेक्षण और नीतियों का ब्यौरा होता है और दूसरे भाग में आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष करों के प्रस्ताव रखे जाते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आने के बाद अप्रत्यक्ष करों के संदर्भ में निर्णय जीएसटी काउंसिल ही लेती है।इसलिए अब आम लोगों के लिए बजट की उत्सुकता पहले की अपेक्षा कम हो गई है। हां, जो लोग प्रत्यक्ष कर दे रहे हैं, उनके लिए अवश्य इसकी उत्सुकता अधिक होती है। सरकार के व्यय करने के कार्यक्रमों और नीतियों के सन्दर्भ में भी अब जनता अधिक जागरूक है।

उच्च संवृद्धि, तेजी से बढ़ता विनिर्माण क्षेत्र, नियंत्रित मुद्रास्फीति और बजट अनुमानों की तुलना में राजकोषीय घाटे में कमी से लगता है कि इस समय देश में आर्थिक हालात अच्छे हैं। हालांकि रुपये का थोड़ा सा अवमूल्यन हुआ है और भुगतान संतुलन का चालू खाता घाटा जीडीपी का लगभग 0.7% है। परन्तु विदेशी मुद्रा भंडार 665.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। तो फिर बजट में मोदी सरकार के सामने चुनौती इस विकास को बनाए रखने और मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे को संबोधित करने की है। स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी सेवाएं दोगुना खचीर्ली हो गई हैं जिनसे हरेक व्यक्ति प्रभावित हो रहा है। परन्तु आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 5 प्रतिशत से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय नहीं बढ़ रही है। बजट में अन्य गतिविधियों के अतिरिक्त अलग से रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्रों एवं व्यवसायों पर विशेष रूप से फोकस करना चाहिए। 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार भले हुआ हो, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से भ्रष्टाचार कम होने का दावा भले ही किया जा रहो, परन्तु जमीनी वास्तविकता यह है कि सुगमता एवं स्वतंत्रता के साथ व्यवसाय करने की जद्दोजहद कम नहीं हुई है, राज्य एवं जिला स्तरों पर भ्रष्टाचार बढ़ गया है और लगातार बढ़ती अफसरशाही ने इन्स्पेक्टर राज को मजबूत किया है।

बजट में कर में छूट और सामाजिक व्यय में वृद्धि की उम्मीद है। पिछले बजटों में पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे जीडीपी को बढ़ावा मिला। परन्तु पूंजीगत व्यय रोजगार पैदा करने और आय बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है इसीलिए उपभोग व्यय में कमी आयी। सरकार ने जिस प्रकार से विभिन्न मंत्रालयों का बंटवारा किया है और पुरानी नीतियों को जारी रखने का संकेत दिया है उससे नीतियों में बजट के दौरान बहुत बदलाव की संभावना नहीं है। आशा है कि सरकार राजकोषीय संतुलन को साधते हुए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं लाएगी, क्योंकि अर्थव्यवस्था में आर्थिक समृद्धि को तेज करने के लिए यह आवश्यक है। साथ ही उन क्षेत्रों और उद्योगों में निवेश बढ़ाने पर अधिक फोकस करेगी जहां रोजगार सृजन की संभावना अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में राजकोषीय नीति के दो मुख्य उद्देश्य रहे हैं, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करके पूंजी निर्माण में वृद्धि करना और राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत से घटाकर वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत करना है।सरकार ने पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर और विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यय को कम करके अपने व्यय करने की प्रवृति में थोड़ा बदलाव किया। समग्र बजट में पूंजीगत व्यय का हिस्सा कोरोना काल के लगभग 12 प्रतिशत से बढ़कर अब 23 प्रतिशत से अधिक हो गया है। केंद्र सरकार के लिए सकल घरेलू उत्पाद के लिए पूंजीगत व्यय का अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में 1.7 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2023 -24 में लगातार बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गया। सापेक्षिक रूप से, खाद्य सब्सिडी, मनरेगा, और पीएम किसान जैसे कुछ प्रत्यक्ष कल्याण कार्यक्रमों के लिए आवंटित धन 1.7 प्रतिशत से घटकर जीडीपी का 1.2 प्रतिशत हो गया।

इन वर्षों में, पूंजी निर्माण तेजी से बढ़ा है-वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2023 -24 के बीच इसमें 29.5 प्रतिशत की संचयी वृद्धि हुई। इसी अवधि के दौरान, उपभोग, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है,में केवल 17.5 प्रतिशत की संचयी वृद्धि ही हुई। अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों से उपभोग की मांग के बीच गंभीर विरोधाभास के भी प्रमाण हैं। आर्थिक रूप से मजबूत वर्ग ने विभिन्न प्रीमियम वस्तुओं और सेवाओं की मजबूत मांग दिखाई है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की मांग अभी तक कोविड के झटके से उबर नहीं पाई है। पूंजी निर्माण और निर्माण गतिविधि में विस्तार रोजगार पैदा करने के बजाय अधिक पूंजी और प्रौद्योगिकी संचालित रहा है। पूंजीगत व्यय के लिए सरकार के लगातार दबाव के बावजूद, उपभोग और मांग में मजबूत वृद्धि नहीं होने के कारण निजी निवेश में कोई भी सार्थक वृद्धि नहीं हो रही है। इसलिए,बजट में मांग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी व्यय के पुनः आवंटन की एक उचित नीति की आवश्यकता है। चुनाव में झटका खायी मोदी सरकार द्वारा इसीलिए अगले बजट में आवास, ग्रामीण सड़कें, आजीविका बढ़ाने आदि जैसे कार्यक्रमों के लिए अधिक धन आवंटित किया जा सकता है या मांग को बढ़ावा देने के लिए घरेलू क्षेत्र पर करों में छूट दी जा सकती है, जो आवश्यक भी है। चुनाव का सन्देश बड़ा स्पष्ट है कि जब तक आर्थिक संमृद्धि का लाभ समाज के निचले वर्ग के वंचितों और बेरोजगारों तक नहीं पहुंचता है तब तक वे भारत के सिर्फ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर संतुष्ट नहीं हो सकते। बल्कि उनके लिए रोजगार के अवसरों के लिए सरकार को प्रयास करना ही होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनकी वास्तविक आय में लगातार वृद्धि हो। आर्थिक वृद्धि के साथ तेज गति से उत्पादक रोजगार तैयार करने पर बजट को फोकस करना चाहिए। रोजगार में वृद्धि कार्यकारी आयु के लोगों में वृद्धि की दर से अधिक होनी चाहिए। रोजगार सृजन के लिए सिर्फ आर्थिक संवृद्धि पर निर्भर रहने की जगह तेज रोजगार सृजन के द्वारा आर्थिक संवृद्धि तेज करने की रणनीति पर चलना होगा। सरकार पहले ही निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए जीडीपी के तीन प्रतिशत के बराबर पूंजीगत व्यय कर रही है, अब बेहतर कारोबारी वातावरण तैयार करने और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने पर ध्यान देना चाहिए।भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना में सुधार तथा ई-कॉमर्स एवं डिजिटल भुगतान प्रणालियों के तेजी से विस्तार का उपयोग करके अधिक रोजगार सृजन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

सापेक्षिक रूप से देखा जाए तो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों को मिलाकर मध्य वर्ग पर करों का भार सबसे अधिक है। हाल के वर्षों में व्यक्तिगत आयकरदाता के लिए वास्तविक कर भार में बढ़ोत्तरी हुई है। इस समय आय कर का योगदान निगम कर से अधिक हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध निगम कर 9.11 लाख करोड़ रुपये था, जबकि शुद्ध आयकर 10.44 लाख करोड़ रुपये था। इसीलिए आय कर में छूट की अपेक्षा कई वर्ष से की जा रही है। 5 लाख से 20 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को राहत देने की आवश्यकता है।

# अवैध धर्मांतरण : राष्ट्र को बर्बाद करने का मार्ग



**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

दुनिया मुस्लिम कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ रही है, जिस पर तलवार की नोक पर धर्मांतरण करने का आरोप है। एक खामोश क्रांति चल रही है, जिसके बारे में हममें से कोई भी जानना नहीं चाहता। यह इतनी सहज और सुनियोजित है कि लोगों को इसका अंदाजा ही नहीं है और वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। कई ईसाई मिशनरियाँ धर्मांतरण के उद्देश्य से अनुसूचित जाति और जनजातियों को निशाना बना रही हैं। इन मिशनरियों को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण तत्व उनकी वित्तीय और सहायता प्रणाली है। दो से अधिक वर्षों से, कई ईसाई मिशनरियों ने सनातन धर्म को मिटाने और भारत में ईसाई धर्म को स्थापित करने की कोशिश की है। 19वीं सदी के मिशनरी और आज के मिशनरी के बीच एकमात्र अंतर यह है कि पहले वाले ने सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा की, जबकि बाद वाले स्पष्ट कारणों से चुप हैं।

प्यू रिसर्च के अनुसार, अधिकांश भारतीय ईसाई (54%) कर्म में विश्वास करते हैं, जो ईसाई अवधारणा नहीं है। कई भारतीय ईसाई पुनर्जन्म (29%) और गंगा नदी की शुद्धिकरण शक्ति (32%) में भी विश्वास करते हैं, जो दोनों ही प्रमुख हिंदू सिद्धांत हैं। भारतीय ईसाइयों के लिए अन्य धर्मों से जुड़ी प्रथाओं का पालन करना भी लोकप्रिय है, जैसे दिवाली मनाना (31%), या माथे पर बिंदी लगाना (22%), जिसे आमतौर पर हिंदू, बौद्ध और जैन महिलाएं पहनती हैं। वे आधिकारिक तौर पर भारत की आबादी का केवल 2.5% हिस्सा हैं। दक्षिण भारत देश के लगभग आधे ईसाइयों का घर है, जबकि भारत के विरल आबादी वाले पूर्वोत्तर में ईसाई आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं, जहाँ अधिकांश ईसाई आदिवासी समुदायों के सदस्य हैं। यह विश्लेषण क्या कहता है। आधिकारिक संख्या और अध्ययनों के अनुसार, सभी धर्मांतरित लोगों में से आधे से अधिक हिंदू हैं। एक परेशान करने वाली और चिंताजनक सच्चाई यह है कि, इन औपचारिक धर्मांतरित लोगों के अलावा, कई एससी, एसटी और अन्य हाशिए पर पड़े गरीब लोग जो ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए हैं, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपना धर्म नहीं बदला है क्योंकि उन्हें डर है कि वे सरकारी लाभ खो देंगे, जिसका अर्थ है कि कुल धर्मांतरण बहुत अधिक है। धर्मांतरण कानूनी है, लेकिन यह जानबूझकर हिंदुओं, देवताओं और संस्कृति के प्रति घृणा पैदा करके किया जाता है। यह मानवता के साथ कैसे तालमेल बिठा सकता है? समाज के लिए सेवा निःस्वार्थ होनी चाहिए, अन्यथा यह हमारे समाज के दुर्बलों की सेवा यानी भगवान की सेवा होने के झूठे विश्वास की आड़ में मानवता और सनातन संस्कृती को खत्म करने की एक और चाल है।

धर्मांतरण का मुख्य लक्ष्य भारत पर शासन करने के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में काम करना है। दुर्भाग्य से, संविधान में अभी भी इन धर्मांतरित हाशिए के ईसाइयों के लिए आरक्षण को खत्म करने का प्रावधान शामिल नहीं है। बहुसंख्यक धर्मांतरित लोग 'ईसाई कट्टरपंथियों' की तरह काम करते हैं। उन्हें दूसरों को प्रेरित करना सिखाया जाता है। वे अपनी विवेकपूर्ण सोच कौशल खो चुके हैं और चाहते हैं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। उनमें से कई मंदिर से मिठाई नहीं खाते, मंदिर परिसर में नहीं जाते, अपने घरों या कार्यस्थलों में भगवान की छवियों की उपस्थिति पसंद नहीं करते और त्योहारों पर दूसरों को बधाई नहीं देते। 'ईसाई विशेषज्ञ' उन्हें बहुत अच्छे तरीके से 'धार्मिक शिक्षा' देते हैं। ब्रेनवॉशिंग बहुत व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। नए धर्मांतरित व्यक्ति शायद ही कभी धार्मिक कार्यक्रमों या रविवार की प्रार्थनाओं को छोड़ते हैं। उनकी जीवनशैली 'धार्मिक शिक्षक' द्वारा निर्धारित की जाती है। शुरूआत में कुछ दिनों के लिए, धर्मांतरित लोगों को आमतौर पर पैसे या अन्य उपहार मिलते हैं। धर्मांतरित व्यक्ति आमतौर पर उन लोगों को धर्मांतरित करने का प्रयास करते हैं जो उनके करीब हैं या जिन्हें समस्याएँ हैं। यह नेटवर्क मार्केटिंग के समान ही काम करता है।

अब्राहमिक धर्मों में एक बुनियादी नियम हैः अपने धर्म को एकमात्र सच्चे धर्म के रूप में फैलाना। एक धर्मनिष्ठ ईसाई का मानना है कि अधिक से अधिक लोगों का धर्म परिवर्तन करके, वह उन्हें अनंत नरक से बचा रहा है। ईसाई धर्म के पास प्रभावी विपणन तंत्र है। गरीबी, झूठे आख्यान और ज्ञान की कमी गरीब हिंदुओं को ईसाई मिशनरियों को अपनी पारंपरिक मान्यताओं को छोडने के लिए प्रेरित करती है। ईसाई लगभग कुछ भी न करने के बदले में अनंत जीवन का सौदा करते हैं। जो हिंदू सनातन धर्म से परिचित नहीं हैं, उन्हें ईसाई धर्म अधिक तार्किक लगता है और वे तर्कों में आसानी से पराजित हो जाते हैं। पश्चिमी और गोरे लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली हर चीज अच्छी है, भले ही हीन मानसिकता हो।

ईसाई चर्च के एक पादरी जो मानवता में विश्वास करते हैं और धर्मांतरण का विरोध करते हैं, उन्होंने कहा भगवान की पूजा करने का केवल एक ही तरीका बताकर इस दुनिया को उबाऊ क्यों बनाया जाए? यह दुनिया हर चीज में विविधता से परिभाषित होती है। भगवान ने इस तरह से पृथ्वी का निर्माण किया है, तो आप इसकी विविधता और सुंदरता को क्यों खत्म करना चाहते हैं? हिंदू धर्म में बहुत विविधता और सुंदरता है और यह परंपरा विश्व धर्म विविधता की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि आप भारत से हिंदू धर्म को हटाते हैं, आप भारत की आत्मा को लूटते हैं, जो अपनी विविधता से प्रतिष्ठित है। मुझे अच्छा नहीं लगता जब कोई बच्चे को उसकी माँ से दूर ले जाता है। किसी भी स्थिति में मेरे इसाई भाइयों, दुनिया में पहले से ही बहुत सारे ईसाई हैं।

कौन-सी कार्रवाई आवश्यक है? किसी भी ऐसे मिशनरी संस्था, संघटना को वित्त पोषण देना बंद करें जो खुद को सेवाभावी के रूप में पेश करते हैं और वेटिकन के सभी वित्त का उपयोग लोगों को जबरन ईसाई धर्म के प्रति आकर्षित करने और उन्हें लुभाने के लिए करते हैं। हर गांव, कस्बे में गुरुकुल और आधुनिक शिक्षा प्रणाली वाले अधिक केंद्रीय विद्यालय बनाएं (एनईपी 2020)।

भगवद् गीता, रामायण, महाभारत, गौतम बुद्ध, गुरु गोविंद सिंह, भगवान महावीर और वह सब सिखाएं जो इस महान राष्ट्र को एकजुट करने और संस्कृति को मजबूत करने में मदद करता है। ईसाई धर्म या किसी अन्य धर्म में किसी भी जबरन या धर्म-विरोधी विमर्श निर्माण कर धर्मांतरण को प्रतिबंधित करने वाले कानून पारित करें; देश में नाजायज मिशनरी गतिविधि पर सख्त प्रतिबंध लगाएं। विदेशी कार्यकर्ता और एजेंसियां किस तरह से फर्जी विमर्श का इस्तेमाल करके सामूहिक धर्मांतरण को अंजाम दे रही हैं और वे हिंदू लोगों को किस तरह से देखते हैं।

समय के संकेत (Signs of the Times) शीर्षक वाले एक वीडियो में, जिसे चर्च ऑफ द हाइलैंड्स ने 22 अगस्त, 2022 को अपने आधिकारिक अकाउंट पर अपलोड किया, क्रिस होजेस ने भारत में हिंदू आबादी को 'खोए हुए लोग' के रूप में संदर्भित किया। उन्होंने कहा कि उनके एक मिशनरी ने उन्हें बताया कि भारत ग्रह पर उन जगहों में से एक है जहां खोए हुए लोगों की सबसे बड़ी संख्या है जो असंबद्ध और अप्राप्य दोनों हैं। उन्होंने उनके लक्ष्य को उजागर किया और बताया कि कैसे भोले-भाले लोगों को ईसाई धर्म में परिवर्तीत करने के लिए धोखा दिया जाता है। उन्होंने खुद 3,931 आउटरीच टीमों को संगठित किया, जो 15 उत्तरी भारतीय राज्यों में प्रचार करने के लिए बिखर गए और मसीहा के रूप में प्रकट हुए। इसलिए वे बीमारी का बहाना करने वाले, साधारण ईसाइयों पर अपना हाथ रखते थे, और बीमार लोग तुरंत ठीक हो जाते थे। उन्होंने बताया कि कैसे मिशनरी कमजोर लोगों का शोषण करने के लिए भूत-प्रेत के कब्जे के अंधविश्वास का इस्तेमाल करते हैं।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : जब तांगा था प्राण के पास

**अजय कुमार शर्मा**

प्रख्यात खलनायक एवं चरित्र अभिनेता प्राण एक आम भारतीय की तरह हॉकी, क्रिकेट और फुटबॉल खेलने और देखने के तो शौकीन थे ही उनकी अन्य कई रुचियां भी थीं। उनके शौक इतने विविधतापूर्ण थे और एक-दूसरे से ऐसे घुले-मिले थे कि उन सबके मेल से उन जैसे अनोखे व्यक्तित्व का निर्माण होना लाज़िमी था। वह फुर्सत होने पर बागवानी करते, किताबें पढ़ते। कहीं बाहर शूटिंग के लिए जाते तो पाइप और छड़ियां इकट्ठी करते। जानवरों और अच्छी गाड़ियों से भी उन्हें बेहद प्यार था। प्राण और उनकी पत्नी दोनों को ही कुत्तों से बेहद प्यार था। शादी के बाद उनकी पत्नी जब दिल्ली से लाहौर गईं तो उनके ताऊजी की बेटी ने उन्हें एक जर्मन शेफर्ड कुत्ता उपहार में दिया था ताकि प्राण के काम पर चले जाने के बाद उन्हें घर में अकेलापन न लगे।

विभाजन के चलते यह कुत्ता उन्हें लाहौर छोड़ना पड़ा जिसका दुख उन दोनों को आजीवन रहा। वह कहते थे विभाजन में मुझसे छीनने वाली सबसे मूल्यवान चीजों में से एक मेरे कुत्ते थे। फिर जब से बम्बई में उनका अपना घर हुआ उनके परिवार में हमेशा कुत्ते रहे। बांद्रा में कई अल्सेशियन के साथ उनके पास बोंजो नामक एक गोल्डन रेट्रिवर तथा एक जेट ब्लैक कोकर स्पेनियल तथा सफेद पामेरेनियन भी था जिन्हें वह व्हिस्की और सोडा कहते थे। कुछ समय उनके पास सिल्की सिडनी का जोड़ा था जिसे उन्होंने लैला-मजनूं का नाम दिया था। शूटिंग से लौटने पर यह सारे कुत्ते भौंककर उनका स्वागत किया करते थे। इन सात कुत्तों के लिए उन्होंने अपने घर में एक विशेष कैनल का भी निर्माण कराया था। इतना ही नहीं कई बार वे शूटिंग से भी कई जानवर जैसे तोता, हिरण और बंदर भी घर ले आए। कुछ समय उन्होंने रेस के लिए घोड़े भी पाले।

प्राण को बागवानी का भी शौक था। उन्हें गुलाब का फूल बेहद पसंद था जिसकी अच्छी किस्म लाने के लिए वह पुणे की नर्सरी तक जाते थे। उन्हें कैक्टस का भी शौक था। उनके बगीचे में तीन से चार सौ तरह के कैक्टस थे, 10 - 12 फीट ऊंचे से लेकर दो-तीन इंच छोटे तक। फलों के पेड़ों में चीकू, नींबू ,आम, नारियल, शरीफा तो उनके बगीचे में थे ही वह गन्ना भी उपजाते थे। प्राण को गाड़ियों का बहुत शौक रहा। फिल्मों में काम शुरू करने से पहले लाहौर में उनके पास एक साईकिल और एक तांगा था जिसका जिक्र उर्दू के मशहूर लेखक सआदत हसन मंटो ने कुछ इस तरह किया है, प्राण काफी सुंदर थे और अपने सलीकेदार फैशनेबल कपड़ों तथा शानदार तांगे के लिए लाहौर में काफी लोकप्रिय थे। उन दिनों वे शाम को तांगे पर सैर किया करते थे। फि ल्मों में काम शुरू करने के बाद उन्होंने लाहौर में एक मोटर साईकिल भी खरीदी जिसके एक्सीडेंट केस में फंसने पर 25 रुपए का जुमार्ना भी हुआ था जिसे मजिस्ट्रेट ने उनकी सुंदर आँखें देखकर 5 रुपए कर दिया था। बम्बई में उनके द्वारा खरीदी गई पहली गाड़ी ₹हिलमैन₹ थी जो उन्होंने 1951 में ₹बहार₹ फिल्म के प्रीमियर से कुछ दिन पहले ही खरीदी थी।

उसके बाद उन्होंने 'क्रिस्टल', एम.जी. रोडस्टर और 'शेवरलेट' भी ली। उनके पास 1930 से पहले बनी दो आस्टिन विंटेज कारें भी थीं। प्राण के पास पाइप का भी विपुल संग्रह था। धूम्रपान छोड़ने पर उन्होंने उन्हें अपने यार-दोस्तों को बांट दिया। उनके पास छड़ियों का भी विशाल संग्रह था। वे जब भी कहीं जाते वहां से अलग-अलग तरह की छड़ियाँ लाने की कोशिश करते। प्राण का उर्दू शायरी का ज्ञान और उनके शेर पढ़ने की कला भी जगजाहिर थी और इसके चलते वे अपने सह कलाकारों में बेहद लोकप्रिय भी थे। मनोज कुमार ने एक बार बताया था कि प्राण साहब को अनगिनत शेर याद थे। उन्हें असगर गोंडवी, फैज फैज अहमद फैज, फिराक गोरखपुरी और जोश मलीहाबादी जैसे शायरों के कलाम मुँह जुबानी याद थे। प्राण के पास पुस्तकों का भी बेहतरीन संग्रह था और उनकी रुचि भी विस्तृत थी। अनेक उपन्यासों से लेकर अनेक शास्त्रीय ग्रंथ भी उनके संग्रह में थे। 'अरेबियन नाइटस' और 'द एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका' के सभी कीमती भाग भी उनके पास थे। प्राण साहब शराब के भी बेहद शौकीन थे। शूटिंग से घर आने के बाद नहा-धोकर वे नियमित रूप से शराब पीया करते थे।

## सूडोकू नवताल- 7113

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# केंद्रीय अध्यक्ष पंकज शुक्ला के प्रयास से राज्य के 2600 बीआरपी सीआरपी की मांग कैबिनेट से हुआ परित

## महासंघ ने राज्य सरकार के प्रति जताया आभार

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बीआरपी सीआरपी महासंघ झारखंड प्रदेश के चिर परिचित मांग एवं लंबे संघर्ष के बाद चंपई सोरेन सरकार द्वारा दिनांक 28 जून 24 को कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली एवं मानदेय वृद्धि के प्रस्ताव को पास कर दिया गया। जिस प्रस्ताव को बीआरपी सीआरपी के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री



आदरणीय स्वर्गीय जगन्नाथ महतो ने शुरू किया था उसका कैबिनेट से पास होना बीआरपी सीआरपी के लिए निकट भविष्य में मिल का पत्थर साबित होगा।

कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी के नियमावली एवं मानदेय वृद्धि स्वीकृति मिलने पर महासंघ के अध्यक्ष पंकज शुक्ला एवं महासचिव अमर खत्री ने संयुक्त रूप से श्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा का आभार प्रकट किया है एवं आगे भी सरकार से उम्मीद रखती है की बीआरपी सीआरपी के जो मांगे छूट गई है उसे भी जल्द पूरा करने का भरोसा जताया है। इस अवसर पर महासंघ के उपाध्यक्ष विनय हालदार, गणेश गौतम एवं कोषाध्यक्ष अशोक पाल ने भी सरकार एवं शिक्षा सचिव का आभार जताया है। बीआरपी सीआरपी महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री को कैबिनेट के तुरंत बाद अंग वस्त्र एवं बुके देकर सचिवालय में आभार जताया। उसके पश्चात माननीय मंत्री बेबी देवी एवं उनके पुत्र अखिलेश महतो का भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव जय नंदन प्रसाद, जितेंद्र सिंह, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, निरंजन सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष किशोर दुबे, प्रभात रंजन दुबे, संतोष सिंह, चंदन कुमार, संजय रजक, कृटी चंद्र शर्मा सहित सैकड़ो लोग सचिवालय में उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद प्रखंड के बैराव उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जाने के लिए सड़क नहीं

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के बैराव उत्क्रमित मध्य विद्यालय की स्थापना सन् 1956 में हुई थी इस विद्यालय का उद्घाटन एकाकृत बिहार झारखंड के हुसैनाबाद हरिहरगंज के पूर्व विधायक सह सहकारिता मंत्री स्व.अवधेश कुमार सिंह के करकमलों द्वारा किया गया था। तब से लेकर आतक विद्यालय तक आने जाने के लिए सड़क नहीं बन पाई।

सबसे आश्चर्य जनक बात यह है कि तब से लेकर आज तक कितने कितने विधायक और सांसद आए और गए लेकिन अभी तक किसी जनप्रतिनिधि की नजर नहीं गया ।इस विद्यालय में वर्ग



एक से वर्ग आठ तक के छात्र छात्रों की पढ़ाई होती है , वर्तमान में इस विद्यालय में वर्ग एक से वर्ग पांच में नामकित छात्र छात्रों की संख्या 141 है और वर्ग 6 से 8 तक 137 छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन होता है कल 278 छात्र-छात्रा है

इस विद्यालय में शिक्षको की कुल यूनिट तीन है एवम प्राध्यापक 6 जिसमे एक शिक्षक सेवा निवृत हो चुके है।

## एक जुलाई से 30 सितंबर तक बंद रहेगा बेतला नेशनल पार्क

**मेदिनीनगर।** पलामू बेतला नेशनल पार्क एक जुलाई से 30 सितंबर तक तीन महीने के लिए पार्क मे पर्यटको के प्रवेश पर विभागीय पाबंदी लगा दी गई है। पर्यटक अब तीस सितंबर तक पार्क मे प्रवेश नही कर सकते है। डायरेक्टर कुमार आशुतोष ने कहा कि मानसून ऋतू वन जीवो का पज्जन काल होने की वजह से वन नियमावली के तहत एक जुलाई से तीस सितंबर तक तीन महीने के लिए पार्क को बंद रखा गया है। उन्हों ने कहा कि वन्य प्राणियों को प्रज्जन के लिए शांत वातावरण जरूरी होता है। वन्य प्राणियों के प्रज्जन मे कोई दखल नही पड़े इस लिए मानसून ऋतू के दौरान वन नियमावली मे बेतला नेशनल पार्क एक जुलाई से तीस सितंबर तक पार्क बंद रखने का प्रवधान है।

उन्हों ने कहा कि पार्क बंद के दौरान पार्क का रख रखाव और पार्क के अंदर सड़क मरम्मती कार्य को लेकर विभागीए वाहनों का पार्क मे प्रवेश की अनुमति दी गई है। पर्यटको को पार्क बंद की जानकारी के लिए सूचना पट पर नोटिस के साट दी गई है। इसके अलावा दैनिक अखबार के माध्यम से जानकारी दी जा रही है ताकि पर्यटक को वेतला पार्क आकर परेशान न हो।

# बारिश ने किसानों के चेहरे पर लाई खुशी धान के बिचड़े तैयार करने में आई तेजी

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है।दो दिनों से हो रही बारिश ने अब रफ्तार पकड़ ली है। बारिश ने धान की बिचड़े तैयार करने के लिए व्याकुल किसानों को काफी राहत दी है। आसमान में उमड़ते काले बादलों से झमाझम हुई बारिश के बाद कई दिनों की तपिश और उमस भरी गर्मी से जहां लोगो को राहत मिली है वहीं धान के बिचड़े तैयार करने वाले किसानों के चेहरे पर भी मुस्कुराहट लौट आई है। किसानों को बारिश का साथ मिलने से धान



की बिचड़े करने में तेजी आ गई है।वही धान की बिचड़े तैयार करने का लक्ष्य कृषि विभाग ने निर्धारित किया है।अब तक बीस प्रतिशत तक धान की बिचड़े तैयार हो गई है। अगर तीन-चार दिनों तक और मौसम का साथ किसानों को मिला, तो धान की बिचड़े तैयार करने का आंकड़ा तेजी से बढ़ेगा। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी नहीं रहने के कारण धान के बिचड़े में तेजी नहीं आ रही थी। थोड़े बहुत किसानों ने मोटर पंप की सहायता से बिचड़े तैयार किए है।

## हुल दिवस को संघर्ष दिवस के रूप में मनाए आम अवाम : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने हूल दिवस के अवसर पर सिंदो -कांदो,फुलो -झारो के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया।मोके पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि आज अमर शहीदो की जयंती है सिंदो -कांदो ने अपने चट्टानी ऐकता एवं हौसला के बदौलत अंग्रेजी हुकूमत के नींव को हिला कर रख दिया। इन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के साथ साथ जमींदारी प्रथा,सुदखोरी,महाजनी, एवं जल जंगल जमीन के बचाओ के नारा के साथ संघर्ष को तेज कर आन्दोलन कर लोगों को एकजुट कर उलगुलान किया।

## सहायक अध्यापक परिवार के द्वारा स्वर्गीय अवध किशोर राम की पत्नी को मिला सहयोग

**हुसैनाबाद /पलामू।** प्रखंड हुसैनाबाद के सहायक अध्यापक अवध किशोर राम का लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण के दौरान लू लगने के कारण सदर अस्पताल मेदिनीनगर से रची रिम्स में बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था,परंतु रांची रिम्स पहुंचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई थी। पूर्व से निर्धारित तिथि 29/06/2024 को स्वर्गीय अवध किशोर राम के पैतृक गांव बैराव में हुसैनाबाद के सहायक अध्यापक परिवार के तरफ से उनकी पत्नी को एक लाख उंचालिस हजार रुपए सहयोग राशि दी गई साथ ही साथ यथासंभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## पलामू की साहित्यिक विरासत की धरोहर हैं सुभाष चंद्र मिश्रा : युवा वाहिनी

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धार्मिक, सामाजिक, सेवा के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने साहित्य जगत के दो चर्चित चेहरों को सम्मानित कर नई परंपरा का शुभारंभ किया है।

80 साल पूरा होने पर कई पीढ़ियों को ज्ञान देने वाले गुरुवर प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा एवं झारखंड गौरव सम्मान से सम्मानित हुए कविवर हरिवंश प्रभात को सम्मानित कर युवा वाहिनी गौरवान्वित हुई। मेदिनीनगर के रेड़मा, रांची रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में युवा वाहिनी के सदस्यों ने भारी बारिश के बीच उत्साह के साथ जोरदार स्वागत किया।

वही संरक्षक मंडल मनु प्रसाद तिवारी, बलराम पाण्डेय, कृष्णा कांत चौबे, रतन कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया, साथ ही केक काटकर जन्मोत्सव के लम्हे को यादगार बनाया गया। मौके पर समाज को शिक्षा एवं साहित्य को रुचिकर बनाने पर बल देते हुए प्रो सुभाष चंद्र मिश्रा को विरासती धरोहर बताया गया।

उनसे पलामू के इतिहास, भूगोल एवं नागरिक की सच जानने और खुद को जीवन में लक्ष्य पाने का राह सीखने का अवसर तलाशना चाहिए।

इस दौरान सुभाष सर के जीवन से सीख लेने वाली घटनाओं का जिक्र किया गया। वहीं कवि हरिवंश प्रभात की लेखनी को संजोने का संकल्प लिया गया।

मौके पर प्रो एस सी मिश्रा ने मानस का धनुष भंग प्रसंग का जिक्र करते हुए भगवान परशुराम जैसा बनने के लिए प्रेरित किया, सत्य का साथ देने का सबक भी सिखाया।

युवा वाहकों का सम्मान पाकर हरिवंश प्रभात गदगद होकर ढेरों आशीर्वाद दिया। समारोह का संचालन सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी एवं धन्यवाद

ज्ञापन प्रवक्ता संजय मिश्रा ने किया। मौके पर राकेश पाण्डेय, त्रिपुरारी पाण्डेय, प्रभात सुमन, प्रदीप दूबे, प्रवीण पाठक, राज शेखर दिवेदी, सुशील तिवारी, विकाश दूबे, अमित पाण्डेय, विक्रांत त्रिपाठी, चंदन तिवारी, बिट्टू दुबे, दिलीप तिवारी, भास्कर दुबे, ज्ञान रंजन समेत कई युवा वाहक मौजूद रहे।

## सहायक पुलिस कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर किया काम



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अपनी लंबित मांगों के समर्थन में राज्य भर के सहायक पुलिस कर्मी आंदोलन पर हैं. वर्दी-ए-इंसाफ-3 के तहत आंदोलन के पहले चरण में पलामू जिले के सहायक पुलिस कर्मियों ने विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर काम किया।झारखंड सहायक पुलिस एसोसिएशन शाखा पलामू के जिलाध्यक्ष राज कुमार ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले चार वर्ष से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन झारखंड सरकार अब तक सिर्फ आश्वासन ही दे रही है. आंदोलन के पहले चरण में वर्ष 2020 में 10 से 23 सितंबर तक रांची के मोरहाबादी मैदान में शांतिपूर्वक धरना दिया गया था।उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि मिथिलेश ठाकुर ने मौके पर आकर सभी मांगों को पूरा करना का आश्वासन दिया, लेकिन मांगे आज तक पूरी नहीं हुई उनका दिया हुआ आश्वासन खोखला साबित हुआ।उन्होंने कहा कि दूसरा आंदोलन वर्ष 2021 में किया गया था, जो 38 दिन तक चला था, लेकिन सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।उन्होंने कहा कि सरकार के ढुलमुल रवैया को देखते हुए 30 जून से वर्दी-ए-इंसाफ-3 के तहत आंदोलन शुरू किया गया है।एक दिन तक काला बिल्ला लगा कर विरोध किया जायेगा।इसके बाद 1 जुलाई को जिले के सहायक पुलिस कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।वहीं दो जुलाई को रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा।

# झारखंड में स्वर्ण व्यवसाई सुरक्षित नहीं : विनोद सोनी

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सोनी अधिवक्ता ने, प्रेस बयान जारी कर कहा है कि झारखंड में स्वर्ण व्यवसाई सुरक्षित नहीं है।स्वर्ण व्यवसायियों के साथ दिन-दहाड़े छीन तई,चोरी डकैती आम बात हो गई है।

झारखंड के राजधानी रांची में व्यवसाय सुरक्षित नहीं है तो झारखंड के प्रत्येक जिला और प्रत्येक प्रखंड में स्वर्ण व्यवसाई सुरक्षित कैसे होंगे, रांची के पंडरा पंचवटी ज्वेलर्स, रांची के विरसा चौंक,डीपी ज्वेलर्स में करोड़ों रुपए कि गहना एवं नगदी दिन दहाड़े डकैती और लूट की घटना हो सकती है तो झारखंड के प्रत्येक जिला और प्रखंड कैसे सुरक्षित रह सकता है।

पलामू जिला के प्रखंड सतबरवा के दुकानदार विजय सोनी, नावां बाजार के मिस्टी ज्वेलर्स राकेश सोनी एवं अन्य दुकानदार को दिन



दहाड़े छोला में रखा जेवरात छीन लिया जाता है।

इस तरह की दर्जनों घटनाएं 2 महीनों के अंतर्गत पलामू में हो चुकी है इसी तरह पूरे झारखंड के प्रत्येक जिला और प्रखंड में घटनाएं हो रही है।

स्वर्ण व्यवसाय के साथ जब लूट होती है और थाने में एफआईआर के लिए भुक्तभोगी दुकान दार जाते हैं तो थानेदार स्वर्ण व्यवसाई को संदेह के दृष्टिकोण से दुकानदार को देखते हैं तथा एफआईआर लिखने में कतराते है स्वर्ण व्यवसाई के लूट के घटना में शायद ही अपराधी गिरफ्तार होती हैं और दुकानदार का लूटा हुआ सामान बरामद नहीं हो पाती है। झारखंड प्रदेश के, प्रदेश अध्यक्ष को प्रदेश स्वर्ण व्यवसाई के लिए ठोस नीति बना कर सरकार को घेराव करने चाहिए।

स्वर्ण व्यवसाई संघ पूरे झारखंड में स्वर्ण व्यवसाईयों का विरोध स्वरूप दुकान अनिश्चित काल के लिए बंद कर दें और झारखंड के मुख्यमंत्री को दुकान का चाबी शॉप दें,झारखंड सरकार से प्रेस के माध्यम से मांगा हैं कि 1. स्वर्ण व्यवसाई को सुरक्षा प्रदान करें 2. अपराधी को अविलंब गिरफ्तार कर स्वर्ण व्यवसाय से लूट गया माल स्वर्ण व्यवसाई को दिया जाएं 3. स्वर्ण व्यवसाय को आर्म्स का लाइसेंस दिया जाएं 4. स्वर्ण व्यवसाई को सुरक्षा मुहैया कराई जाएं,जब तक सरकार मांगें नहीं मानतीं हैं तब तक झारखंड के स्वर्ण व्यवसाई दुकान को बंद रखा जाए।

# भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने पहल कर उतर कोयल नहर का पानी छोड़वाया



संवाददाता

**हुसैनाबाद /पलामू।** हुसैनाबाद भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने चीफ इंजीनियर से बात कर किसानों की समस्या से अवगत कराया और जानकारी दिया की उतर कोयल नहर से मोहम्मदगंज हैदरनगर हुसैनाबाद के सैकड़ों गांव के किसान अपने खेतों में सिंचाई का लाभ लेते है अगर समय से पानी नहीं दिया गया तो किसान सिंचाई करने से वंचित रह जाएंगे।और हमलोगो का अधिकतर इलाका किसानी पे ही निर्भर है।भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह मोहम्मदगंज के भीम बराज पे कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर धन्यवाद दिया और कहा कि अपने सभी इलाके में जल्द ही पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा।

श्री सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि उतर कोयल नदी में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिससे उतर कोयल नहर में पानी पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

## सड़को पर बेरोकटोक दौड़ रहे काली फिल्म लगे वाहन

# चालकों पर नहीं हो रही चालानी कार्रवाई

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार किसी भी चार पहिया वाहन के कांच पर काली फिल्म नहीं लगी होना चाहिए। लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद भी शहर की सड़को पर इन दिनों खुलेआम काली फिल्म लगी गाड़ियां दौड़ रही हैं।पुलिस भी ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने मे पता नहीं क्यो कतरा रही है।मामला पलामू जिला के मेदिनीनगर शहर का है।शहर मे इन दिनों काली फिल्म लगी वाहन खूब दौड़ रही है। लेकिन पुलिस की ओर से काली फिल्म लगे वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी हैं या वीआईपी, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है न लोगों को। काला शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक



गतिविधियों के लिए होता आया है। कारों से हत्या और अपहरण की वारदातों को अंजाम दिया जा सकता है। आपराधिक चरित्र वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं। देश में चाहपहिया वाहनों में हो रहे अपराध को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने काली फिल्म लगाने पर पाबंदी लगा दिया गया है। वाहन में काली फिल्म लगने से अंदर कौन बैठा है उसे पुलिस को भी पता नहीं चल पाता।बताते चले की कुछ दिन पहले शहर के ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के द्वारा काला सीसा लगे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी।उन्होंने काला सीसा लगे दर्जनों वाहनों को पकड़ कर चालान कराया था।लेकिन न जाने यह कार्यवाइ फिर से क्यों थम गई है।क्यों ट्रैफिक पुलिस के द्वारा काला सीसा लगे वाहनों के चालकों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी का जनप्रतिनिधियों ने किया विरोध

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा जो ब्लॉक में दिनांक 30/06/2024 को जो कार्यक्रम रखा गया है उसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा केवल विभाग को ही प्रेषित किया गया है।

इसमें किसी जनप्रतिनिधि को प्रेषित करना उचित नहीं समझे हैं इस चलते इस कार्यक्रम में कोई भी जनप्रतिनिधि भाग नही लेंगे ।

इस प्रकार प्रखंड विकास पदाधिकारी के तानाशाही रवैया को घोर निन्दा करते हुए हम सभी जनप्रतिनिधि विरोध करते है।

# झालसा के निर्देश पर विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देशानुसार डालसा पलामू के द्वारा रविवार को सदर प्रखंड के सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार व अन्य न्यायिक पाधिकारियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रचलित कर कार्यक्रम का किया। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार ने कहा कि सशक्तिकरण शिविर का उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो का जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है ।उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से अपना ही नहीं बल्कि अन्य लोगों का जीवन स्तर में सुधार हो सकता है। इसी उद्देश्य से अवकाश के दिन में भी सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक विधिक जानकारी पहुंचाने की है।




उन्होंने कहा की जानकारी के अभाव में ही हम अपने अधिकार से वंचित होते हैं। अन्याय के विरुद्ध हमें आवाज उठाना होगा ।उन्होंने कहा कि प्राधिकार के द्वारा न सिर्फ लोगों की विधिक रूप से सशक्त किया जा रहा है बल्कि सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाई जा रही है ।उन्होंने कहा कि पीएलभी दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक रूप से सशक्त कर रहे हैं। और उनकी सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाएं सुदूरवर्ती इलाके तक पहुंचे इसके लिए अब डालसा भी सहयोग कर रहा है ।उन्होंने कहा कि बालिका स्वालंबन के तहत व बालिका समृद्धि योजना के तहत भी बालिकाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है ।साथ ही महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है।जिससे महिलाएं आत्म निर्भर हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत कल्याणकारी राज्य है। झारखंड में खनिज संपदा काफी है फिर भी गरीबी रेखा से निचे रहने वाले लोग ज्यादा हैं। हमें समाज के कमजोर वर्ग के लिए भी कुछ करना होगा। जब तक समाज की अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सही तरीके से नहीं मिल पाएगा। तब तक सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता । इस मौके पर मनरेगा से जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस से महिला समूह को स्वीकृत ऋण ,शिक्षा विभाग से छात्रों को पुस्तक, साइकिल, बाल विकास परियोजना से गोद भराई हल,मुह जुठी ,कृषि विभाग से केसीसी ऋण व मूंगफली का बीज का वितरण किया गया। अबुआ आवास योजना,बृद्धावस्था पेंशन, का लाभ,बतक के चूजा का बितरण आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम श्वेता ढींगरा, अष्टम आयशा खान, संजय सिंह यादव,सिविल जज सीनियर डिवीजन, सी जे एम आनंद सिंह, ए सी जे एम संदीप निशित बारा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, एस डी जे एम कमल प्रकाश, सिविल जज सीनियर डिविजन परमानंद उपाध्याय, निशिकांत, शिखा अग्रवाल, रीतू कुजूर,मजिस्ट्रेट रोजलिना बारा, समीरा खान, रश्मि चंदेल, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ,डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट उत्तम कुमार ,वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, सदर बीडीओ,अभिषेक पांडेय, सी ओ अमरदीप बल्होत्रा, संजीव सिंह सुनील कुमार,नितेश कुमार रवि, समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सीएससी प्रबंधन समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पलामू पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की। बैठक में अस्पताल के बाहर दुकान बनाने कई आवश्यक निर्णय लिए गए। अस्पताल में एक्स-रे संयंत्र के अधिष्ठापन का निर्णय लिया गया। मॉड्यूलर ओटी, प्रसव कच्छ तथा डॉक्टर एवं एएनएम रूम को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। प्रभारी चिकित्सा प्राधिकारी ने अस्पताल के कई आवश्यक जगह पर ऐसी लगाने का प्रस्ताव लाया जिसे पारित किया गया। अस्पताल का सुंदरीकरण एवं आय संवर्धन के लिए अस्पताल परिसर के बाहर खाली पड़े जमीन पर विधायक निधि से दुकान एवं सामुदायिक शौचालय बनवाने का निर्णय लिया गया।

## एक नजर

### विक्षिप्त युवती ने थाना परिसर में किया हंगामा



**भागलपुर।** जिले के ललमटिया थाना के पुलिस पदाधिकारियों का पाला एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती से पड़ गया। उक्त युवती ने सिर्फ थाने में घुसकर रखे कागजातों को तितर बितर करते हुए थाने के तीन महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी सहित अपने चार स्वजनों को दांत काट कर लहूलुहान कर दिया। लगभग आधे घंटे तक थाना परिसर और सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा होता रहा। फिर किसी तरह उक्त युवती को काबू कर उसके स्वजन घर ले गए। तब पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। ललमटिया थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के फांड़ी गली के रहने वाले मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती की छोटी बहन मीनू कुमारी ने थाने में मारपीट की शिकायत की थी। उसी आवेदन की जांच के लिए महिला पुलिस पदाधिकारी उसके घर पर गई थी। पुलिस जब घर पर पहुंची तो उसके पिता ने कहा थाने पर इसे ले जाकर थोड़ा समझा दीजिए। पुलिस पदाधिकारी उसे थाने लेते आए।

### हत्या व मघ निषेध मामले में फरार चार अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी थाना क्षेत्र में हत्या व मघ निषेध के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर चार अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिसमें हत्या में एक व मघ निषेध मामले में तीन अपराधी शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों में हत्या मामले में पीपराकोठी के बिरेंद्र महतो, शराब कांड में विश्वनाथ सहनी, अवधेश सहनी व धुरेंद्र सहनी का नाम शामिल है। उक्त गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस अधिकारी, सदर 2 के नेतृत्व में गहन छापामारी कर किया गया। बताया गया कि हत्या के मामला में वीरेन्द्र महतो वर्ष 21 से ही फरार था। वही वर्ष 22 के शराब कांड में फरार विश्वनाथ सहनी, अवधेश सहनी व वर्ष 23 से शराब कांड में धुरेंद्र सहनी फरार था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### गिट्टी के खदान में नहाने गए बालक की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत लोमष ऋषि पहाड़ी के समीप रविवार को गिट्टी के खदान के गड्ढों में जमे पानी में नहाने गए एक बच्चे की मौत डूबने से हो गई। मृतक रजौली पूर्वी पंचायत के राजा बिगहा गांव निवासी मनोज मांझी के 9 वर्षीय पुत्र दयानन्द कुमार है। लोग खदान में जमे पानी के पास जमा होने लगे।गांव के ही महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा पानी में रहे बच्चे को उठाकर गांव लाकर बचाने की भरपूर कोशिश की गई। ग्रामीण एवं परिजन बच्चे को बचाने में असफल रहे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार एवं एसआई गौतम कुमार ने दल- बल के साथ मृतक के घर जाकर परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कहा कि भीषण गर्मी से बचने को लेकर गांव के पांच-छः बच्चे रविवार को लोमष ऋषि पहाड़ के समीप गिट्टी के खदानों में जमे हुए पानी मे नहाने चले गए।

### रजौली चेक पोस्ट से 25 शराबी गिरफ्तार

**नवादा।** बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित चितरकोली पंचायत अंतर्गत समेकित जांच चौकी पर उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर उत्पाद एसआई पिंटू कुमार द्वारा वाहन जांच के दौरान विभिन बसों से 25 शराबी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को उत्पाद विभाग की टीम रजौली चेक-पोस्ट पर झारखंड की ओर से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघन जांच कर रही थी।इसी बीच विभिन बसों को जांच के लिए रोका गया।जिसमें 25 शराबी को नशे के हालत में पाया गया।उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।जांच के दौरान उत्पाद विभाग के एसआई सनी कुमार के साथ कई अधिकारी मौजूद थे।

### भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया-फारबिसगंज एनएच-57 पर डोरिया सोनापुर के पास हुए भीषण सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक रानीगंज प्रखंड क्षेत्र के धामा रूपौली निवासी स्वेज (21) है। घायल डोरिया सोनापुर निवासी इरशाद है। बताया जा रहा है की दो युवक बाइक पर अररिया से फारबिसगंज की ओर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसे टक्कर मार दी,जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिसके बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दूसरी ओर सर्विस रोड पर चढ़ गई। जहां उसने एक ऑटो में भी टक्कर मार दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच 57 को जाम कर दिया और सड़क पर जमकर हंगामा किया और मौके पर पहुंचे एंबुलेंस का शीशा फोड़ दिया। जिसके बाद में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध ग्रामीणों के सहयोग से मौके पर पहुंची सिमराहा थाना पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क मार्ग को खाली करा कर यातायात को चालू करवाया।

# विधानसभा में तृणमूल व भाजपा का धरना-प्रदर्शन



**संवाददाता**

**कोलकाता।** उपचुनाव में निर्वाचित दो तृणमूल विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर जारी गतिरोध के खिलाफ विधानसभा परिसर में तृणमूल के विधायक लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी इसे जारी रखने की योजना है। दूसरी तरफ, भाजपा ने कूचबिहार में पार्टी की महिला नेता पर हमले के खिलाफ सोमवार को वहां धरना प्रदर्शन का आह्वान किया है। उत्तर 24 परगना बराहनगर विधानसभा उपचुनाव जीतने वाली तृणमूल उम्मीदवार और अभिनेत्री सायंतिका बनर्जी और मुर्शिदाबाद भगवानगोला से जीतने वाले रेयात हुसैन विधायक के रूप में शपथ लेने की मांग को लेकर पिछले हफ्ते से विधानसभा परिसर में अंबेडकर प्रतिमा के नीचे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में तृणमूल के अन्य मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे। दूसरी ओर कूचबिहार में पार्टी की महिला नेता पर हमले के खिलाफ भाजपा की महिला विधायक भी सोमवार को धरना प्रदर्शन करेंगी। इसे लेकर आसनसोल दक्षिण से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने कहा कि वे हर हाल में सोमवार से धरना शुरू करेंगी। वहीं, बराहनगर की तृणमूल विधायक सायंतिका ने भी कहा कि वे भी राज्यपाल को जल्द से जल्द शपथ दिलाने की मांग को लेकर धरना जारी रखेंगी। तृणमूल विधायक दल ने पार्टी विधायकों को सायंतिका और रेयत के धरना में भाग लेने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य में विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, कूचबिहार में भाजपा की महिला नेता की पिटाई की घटना के विरोध में भाजपा की कुछ महिला विधायक सोमवार को विधानसभा में धरने पर बैठेंगी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि विधानसभा अधिकारियों ने भाजपा विधायकों को धरना देने की इजाजत नहीं दी है। भाजपा संसदीय दल की ओर से विधानसभा सचिव सुकुमार रॉय को धरने पर बैठने के लिए आवेदन दिया गया था। विधानसभा सूत्रों के मुताबिक सचिव ने इस आवेदन को खारिज कर दिया। इसके बावजूद भाजपा संसदीय दल की महिला सदस्य धरना कार्यक्रम आयोजित करने पर अड़ी हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा के अंदर नहीं तो भी वे विधानसभा के दक्षिणी दरवाजे के बाहर बैठ सकते हैं। हिन्दुस्थान समाचार/ गंगारकार के शपथ ग्रहण को लेकर तृणमूल धरना दे रही है। सोमवार को भी इसे जारी रखने की योजना है। दूसरी तरफ, भाजपा ने कूचबिहार में पार्टी नेता पर हमले के खिलाफ सोमवार को धरना प्रदर्शन का आह्वान किया है।

उत्तर 24 परगना बराहनगर विधानसभा उपचुनाव जीतने वाली तृणमूल उम्मीदवार और अभिनेत्री सायंतिका और मुर्शिदाबाद भगवानगोला से जीतने वाले तृणमूल उम्मीदवार रेयात विधायक के रूप में शपथ लेने की मांग को लेकर पिछले हफ्ते से अंबेडकर प्रतिमा के नीचे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों प्रदर्शनकारियों के अनुसार, इस धरना प्रदर्शन में तृणमूल के अन्य मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे।

इस प्रदर्शन को लेकर आसनसोल दक्षिण से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने कहा कि वे हर हाल में सोमवार से धरना शुरू करेंगी। वहीं, बराहनगर की तृणमूल विधायक सायंतिका ने भी कहा कि वे भी राज्यपाल को जल्द से जल्द शपथ दिलाने की मांग को लेकर धरना जारी रखेंगी। तृणमूल परिषद पार्टी ने पार्टी विधायकों को सयंतिका और रेयत धरना में भाग लेने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य में विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, कूचबिहार में भाजपा की महिला नेता की पिटाई की घटना के विरोध में भाजपा की कुछ महिला विधायक सोमवार को विधानसभा में धरने पर बैठेंगी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि विधानसभा अधिकारियों ने भाजपा विधायकों को धरना देने की इजाजत नहीं दी है। इसके बावजूद भाजपा संसदीय दल की महिला सदस्य धरना कार्यक्रम आयोजित करने पर अड़ी हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा के अंदर नहीं तो भी वे विधानसभा के दक्षिणी दरवाजे के बाहर बैठ सकते हैं।

## भाजपा नेत्री पर हमले के पांच दिनों बाद पुलिस ने दर्ज किया पीड़िता का बयान




**एजेंसी**

**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता पर हमले के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा संज्ञान लेने के बाद पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद पीड़िता का बयान दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़िता के घर कूचबिहार गया था। जिसके बाद राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा दबाव दिया गया जिसके बाद पुलिस ने महिला का बयान दर्ज किया। रविवार सुबह जिला भाजपा नेता विराज बसु और दीपा चक्रवर्ती पीड़िता को महिला थाने ले गए। जहां महिला पुलिस अधिकारियों ने उनका बयान दर्ज किया। इसके बाद पीड़िता भाजपा पार्टी कार्यालय गई। इस घटना के बारे में भाजपा के कूचबिहार जिला सचिव विराज बसु ने कहा कि पांच दिनों से पुलिस तृणमूल की दास बनकर सो रही थी। जब राष्ट्रीय महिला आयोग पहुंची तो वे हरकत में आई। अगर पुलिस ने अब भी कार्रवाई नहीं की तो हम कोर्ट जाएंगे। पुलिस ने दिखावे के लिए पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया है। लेकिन पुलिस अब भी तृणमूल को बचाने की कोशिश कर रही है। उल्लेखनीय है कि 25 जून को काम से लौटते समय, कुछ महिला तृणमूल कार्यकताओं ने 'मुस्लिम महिला के भाजपा में शामिल होने के कारण बाल पकड़कर एक किलोमीटर तक सड़क पर घुमाया। इसके बाद महिला को निर्वस्त्र कर पीटा गया।

## पूर्णिया में दुस्साहसिक लूट का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**एजेंसी**

**पूर्णिया।** स्थानीय पुलिस ने एक माह पूर्व हुई दिनदहाड़े लूट के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 1 जून को हुई थी, जब एल एंड टी कंपनी के एक अधिकारी से 71,080 रुपये और एक मोबाइल फोन लूटा गया था। पीड़ित दीपक कुमार, जो एक एंड टी फाइनेंस के फाइनेंस ऑफिसर हैं। उन्होंने बताया कि वे 1 जून को सुबह लगभग 9 बजे रामपुर वार्ड नंबर 8 में एक ग्रुप मीटिंग के लिए अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी तीन अज्ञात व्यक्तियों ने बिना नंबर प्लेट की अपाची मोटरसाइकिल से उन्हें रोका और देसी कट्टा दिखाकर उनके कनपट्टी पर सटाकर उनसे पैसे और मोबाइल छीन लिया। जानकीनगर थाना के पुलिस अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय जांच के बाद उसी दिन पहले संदिग्ध, गोविंद कुमार (रामपुर तिलक वार्ड नंबर 10 निवासी) को गिरफ्तार किया। गोविंद के बयान के आधार पर 28 जून को दो अन्य संदिग्धों - लड्डू शर्मा (लादूगढ़ निवासी) और सोनू साह (मधुबन निवासी) - को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया हमारी टीम ने अथक प्रयास किया और डिजिटल साक्ष्यों का उपयोग करते हुए अपराधियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। सभी तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने कहा, यह घटना हमारे शहर में बढ़ती अपराध की घटनाओं पर ध्यान आकर्षित करती है।

## चार बच्चे नदी में डूबे, दो की मौत, एक की हालत गंभीर



**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत देउरा गांव में तिलैया नदी में नहाने गये चार बच्चे डूब गये। घटना में दो बच्चों की मौत हो गयी जबकि एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मृतक बच्चों में प्रवीण सिंह का 12 साल का बेटा प्रिंस राज और शिवकुमार चौधरी का 10 वर्षीय बेटा सतीश कुमार उर्फ कारू है जबकि ओम कुमार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उज्जवल कुमार का इलाज गांव में ही किया गया और वह ठीक है। बताया गया है कि पांच बच्चे तिलैया नदी में नहाने गये थे। चार बच्चे नदी में उतरे। नहाने के दौरान गहराई का पता नहीं चला और सभी गहरे पानी में डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख पांचवा बच्चा जोर-जोर से चिलाने लगा, जिसे देख स्थानीय गोताखोरों ने नदी में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्त के बाद नदी में डूबे बच्चों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक दो बच्चों की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## जिला परिषद की बैठक में भाग नहीं लेनेवाले अधिकारियों से जवाब-तलब



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिला परिषदीय महात्मा गांधी सभा भवन में अध्यक्ष ममता राय की अध्यक्षता में हुई सामान्य बैठक अनुपस्थित पदाधिकारियो एवं अनुपालन प्रतिवेदन नही उपलब्ध कराने वाले पदाधिकारियो से जबाब-तलब करने का निर्देश अध्यक्ष ने दिया है। उन्होंने कहा है कि संबंधित पदाधिकारियों एवं विभागों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु उनके मूल विभाग को सूचित करें। अध्यक्ष ने बताया कि जिला परिषद् को आर्थिक रूप से सुदृढ़ के निमित सैरातो की निलामी हेतु अखबारो एवं सोशल मीडिया के माध्यम से काफी प्रचार प्रसार कराया गया, नतीजतन एक करोड़ व चौदह लाख अड़सठ हजार छः सौ पचास रुपए की प्राप्ति हुई, जबकि जिला परिषदीय बकायादारों पर सख्ती कर एक करोड़ एक्कीस लाख पचीस हजार दो सौ उन्तालीस रुपए की वसूली की गई। अब भी आवंटित दुकानदारों के पास किराया बाकी है,उन्हे शीघ्र जमा कराने तथा जिनका एकरारनामा नहीं हुआ है ।उन्हे शीघ्र एकरारनामा के लिए हिदायत दिया गया। उन्होने कहा कि जो लोग एकरारनामा नही करते है, तो वैसे लोगो का आवंटन रद्द करने के लिए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को कहा गया। उन्होने चिन्ता प्रकट करते हुए कहा कि जिले के विद्यालयो में बेंच डेस्क के आपूर्ति एवं विद्यालयो की मरम्मति, शौचालय, एवं चापाकल में हुई घोर अनियमितता तथा समग्र विद्यालय अनुदान में ली गई योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है, जिसके लिए टीम बनाकर जांच कराई जायेगी। इसके लिए उन्होने मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया। सदर अस्पताल की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन, मनरेगा में हो रहे गड़बड़ी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। लिहाजा मामले में जिलाधिकारी एवं विभाग को सूचित करने का निर्णय लिया गया। जबकि पटवन के लिए संबंधित विभाग को नहरो के आरंभ से अंत तक पानी पहुंचाने के लिए कहा गया।

### बेसरबाटी मुखिया अनुपमा ठाकुर पर जानलेवा हमला

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड स्थित बेसरबाटी पंचायत की मुखिया अनुपम ठाकुर पर बीती देर रात जानलेवा हमला किया गया। वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। वह मुखिया के साथ किशनगंज जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी है।

घटना के बाद जिला भाजपा और समर्थकों में पूरा रोष है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप और राज्य के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने इस घटना की तीव्र निंदा की है। घटना में लिप्त सभी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ उसे सख्त सजा दिलाने की मांग की गई है। बताया जाता है की मुखिया का पति विमलेश ठाकुर कटिहार में प्रधान शिक्षक की परीक्षा देने गए हुए है। परिवार के अभिभावक उमेश ठाकुर ने बताया की घायल मुखिया अभी कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। जब वह पूरी तरह होश में आएगी तभी पूरी घटना पर उनके द्वारा प्रकाश डाला जा सकेगा। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार शनिवार की देर रात मुखिया अपने क्षेत्र से घर लौट रही थी।

## पीएम के मन की बात समग्र विकास का प्रतिबिंब : प्रवीण कुमार



**एजेंसी**

**अररिया।** मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री का संवाद भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब व शासन में जन भागीदारी के अभिव्यक्ति को दशार्ता है। उक्त बातें भाजयुमो नेता व विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने कही। भाजयुमो नगर अध्यक्ष किशन शर्मा की अगुवाई में प्रधानमंत्री मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल की पहली मन की बात कार्यक्रम के 111वें कड़ी के दौरान बूथ संख्या 151 पर कही। विधानसभा प्रभारी कुमार ने पीएम के संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, भगवान जगरनाथ रथयात्रा, अमरनाथ यात्रा, कुवैत रेडियो के हिंदी शो लोकल प्रोडक्टस तथा पर्यावरण एवं योग दिवस की चर्चा करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु बीते दिनों शुरू किये गए एक विशेष अभियान एक पेड़ माँ के नाम पर प्रकाश डाला। वही अमर शहीद सिद्धों कान्हो के साहस व पराक्रम से जुडे हूल दिवस की ऐतिहासिक बातों की चर्चा की। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, नगर अध्यक्ष किशन शर्मा,मंडल प्रभारी विपुल सिंह, आदित्य शर्मा,प्रमोद साह,गौरी शंकर शर्मा, जितेंद्र साह, मोनू रजक,अजित कुमार, शंकर कुमार, फूलो मण्डल, मुन्ना चौधरी आदि अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्यपाल ने दिया टीएमसी को पश्चिम बंगाल की वित्तीय स्थिति पर श्वेत्र पत्र जारी करने का आदेश



**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के वित्तीय संकट पर ममता बनर्जी सरकार को आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने को कहा है। राज्यपाल ने नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका यह बयान आया है। निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कई राजकोषीय जोखिमों और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के मुद्दों का सामना कर रही है। यह सरकार की गंभीर खामियों को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आर्थिक स्थिति गंभीर होने के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से मंत्रिपरिषद के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि सीतारमण के साथ बैठक के दौरान बोस ने मत्स्य पालन क्षेत्र पर निर्भर लोगों के लिए आर्थिक विकास कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने मंत्री को मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना सौंपी। इसके बाद ही राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर उनका बयान आया है।

## खेल खेल में बच्ची की मौत

**एजेंसी**

**हुगली।** हुगली जिले के बांसबेड़िया नगरपालिका 18 नंबर वार्ड के खुदीराम पल्ली इलाके में गले में गमछा फंसने से एक बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची का नाम तियाशा ठिकादार था। वह खुदीराम पल्ली, वार्ड नंबर 18, बांसबेड़िया नगरपालिका की निवासी थी। वह चौथी कक्षा में पढ़ती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर घर पर कोई बुजुर्ग नहीं थे। दोपहर के भोजन के बाद दो बहनें एक साथ खेल रही थीं। इसी दौरान गमछे में फंसकर एक नौ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। दीदी को तड़पते देख उसकी बहन घर से बाहर निकली और पड़ोसियों को बताया। जब तक पड़ोसी दौड़कर आए तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। बच्ची मर चुकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिल्म की नकल करने के दौरान यह हादसा हुआ। रविवार सुबह उनकी मां अपनी दोनों बेटियों को घर पर छोड़कर काम पर चली गई। घर पर दो बहनें अकेली थीं। इसी दौरान खेल खेल में तौलिया तियाशा के गर्दन में फंदे की तरह फंस गया और उसकी मौत हो गई।

पड़ोसियों ने बताया कि दोनों बहनें ज्यादातर समय घर में अकेली रहती थीं। एक बच्ची रोते हुए घर से बाहर निकली और बताया कि उसकी बहन के गर्दन में गमछे का फंदा फंस गया है। यह सुनकर लगभग सभी लोग तेजी से भागे। उन्होंने जाकर देखा तो तियाशा का शव लटका हुआ था। तियाशा को मोगरा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## राजद ने लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर की समीक्षा बैठक




**एजेंसी**

**अररिया ।** अररिया लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनीष यादव को अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई, जिसमें मुख्य तौर पर गठबंधन के प्रत्याशी रहे जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष , विभिन्न मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं जिले के पदाधिकारीयों ने अपने-अपने विचार रखे और हार के कारणों पर गहन चर्चा की गई। मौके पर लोकसभा प्रत्याशी शाहनवाज आलम ने कहा कि जीत हार राजनीति का हिस्सा है पर 2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार पार्टी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। फलस्वरूप एक लाख से अधिक मतों की बढ़ोतरी हुई। जो जनता के आशिर्वाद और महागठबंधन के साथियों के समर्पण सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस हार से सबक लेकर हम अपनी कमियों को दूर करेंगे। संगठन और मजबूत होगी और आनेवाले विधानसभा चुनाव में जिले में राजद गठबंधन का परचम लहराएगा। राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने बूथ एजेंट, पंचायत, प्रखंड एवं जिले के पदाधिकारी समेत तमाम राजद कार्यकताओं समर्थकों और मतदाताओं को पुरजोर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया ।

# आवर हैप्पी फैमिली कैंसर पेशेंट की सेवा के लिए समर्पित संस्था : संजय शर्मा




संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** कैंसर, पेशेंट के लिए एक बेहद पीड़ादायक और परिजनों के लिए मानसिक भावनात्मक और वित्तीय रूप से लगभग बर्बाद करने वाली बीमारी है। नए कैंसर पेशेंट को सही सलाह देने के लिए, उन्हें तथा उनके परिजनों को काउंसलिंग करने के लिए, झुमरी तिलैया के पेशेंट्स और सरवाइवर्स (लगभग 10 लोगों से) मिलकर 2019 के अगस्त-सितंबर में एक टीम का गठन किया और नाम दिया गया आवर हैप्पी फैमिली, जो कालांतर (जनवरी 22) में अरुण मिश्रा के चेयरमैनशिप में ट्रस्ट के रूप में कार्य करने लगा। शुरूआत में ट्रस्ट का उद्देश्य था नए कैंसर पेशेंट को इस अति पीड़ादायक बीमारी के ट्रीटमेंट के दौरान होने वाले तकलीफ से लड़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना और सही अस्पताल के चुनाव में सहयोग देना था। हम लोगों की इच्छा थी कि किसी नामचीन अस्पताल से जुड़कर अपने द्वारा भेजे गए पेशेंट्स को उचित चिकित्सा प्रदान कराना था। शुरूआत में काफी प्रयास के बावजूद हम सफल नहीं हो पा रहे थे। ईश्वर की कृपा से मेहनत रंग लाई और टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के डॉक्टर कुमार प्रभास, मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट, का सहयोग मिलने लगा और हम लोग पेशेंट का काउंसलिंग कर टीएमएच मुंबई भेजने लगे। विगत दो ढाई वर्षो में लगभग 130 से ज्यादा पेशेंट हम लोग भेज चुके हैं और अधिकांश पेशेंट की प्रगति सकारात्मक है। अब हमें टीएमएच मुंबई द्वारा एक डेस्क अलॉट किया गया है, जहां पहुंचने पर पेशेंट को बिना किसी परेशानी के शीघ्र ही ट्रीटमेंट की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। टीएमएच मुंबई के अलावा हमें मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली, एचसीजी अस्पताल एवं अन्य कैंसर अस्पताल से भी सहयोग मिलता है। अपनी सफलता से उत्साहित होकर हम लोगों में इस क्षेत्र में होली फैमिली अस्पताल, कोडरमा और हमारे समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरेश झांझरी द्वारा मुक्त हस्त के सहयोग से होली फैमिली अस्पताल परिसर में झांझरी कीमोथेरेपी सेंटर तथा पैलिएटिव केयर यूनिट संचालित है, जहां टीएमएच द्वारा ट्रेंड नर्सेज और डॉक्टरों द्वारा सेवा प्रदान किया जाता है। अब हाल ही से हर शुक्रवार को संध्या 4:00 बजे से रांची कैंसर हॉस्पिटल के ऑकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमर प्रेम की सेवा स्थानीय पेशेंट को मिलने लगा है। यह भी हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हम लोगों ने गरीब पेशेंट के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट हेतु फंड रेस कर रहे हैं इसमें एक एसोसिएट मेंबरशिप है कोई भी व्यक्ति 11000 देकर इस संस्था का एसोसिएट मेंबर बन सकता है। हम लोगों से हमारी यूनिट योजना को खरीदने का भी अनुरोध किया है कि आप अपने किसी भी पारिवारिक फंक्शन पर जैसे शादी ब्याह, किसी बच्चे के जन्म के अवसर पर या या किसी बुजुर्ग की मृत्यु पर उनके सम्मान यानी किसी पर 5000 की राशि दान कर हमें मदद करें।

# विश्रामपुर बीडीओ ने किया भंडार पंचायत में निर्माणाधीन अबुआ आवास का निरीक्षण



संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू ।** विश्रामपुर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद रविवार को प्रखंड के भंडार पंचायत पहुंचे। जहां पंचायत को आवंटित निमार्णाधीन अबुआ आवास का निरीक्षण किया। आवास की वास्तविक स्थिति को देखते हुए अविलंब निर्माण कार्य पूरा करने की बाते कही। कई लाभुकों के द्वारा फाउंडेशन आदि कार्य भी नहीं किए गए हैं। वही कई लोगों के द्वारा फाउंडेशन या डोर लेवल तक ले जाकर छोड़ दिया गया है। ?लाभूकों को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा एक माह के अंदर निर्माण कार्य पूरा करें। इसमें लापरवाही तनिक भी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। वहीं लाभूकों सहित निरीक्षण स्थल पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता शेष पासवान आदि को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि पहले चरण का आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें। पूरा नहीं होने के कारण दूसरे फेज के अबुआ आवास पंचायत को आवंटित नहीं किया जा सकते। इससे अन्य लोग भी प्रभावित होंगे। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधि सहित सामाजिक कार्यकर्ता आगे बढ़कर निर्माण कार्य को अविलंब पूरा कराए। ऐसे में सभी की जिम्मेवारी बनता है कि पंचायत में अधिक से अधिक योजना का लाभ मिले।

## एक नजर

### हेमंत सोरेन की रिहाई की खुशी में झामुमो ने किया लड्डू का वितरण



**जमशेदपुर ।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पांच माह बाद जमानत पर जेल से रिहा होने की खुशी में झामुमो सोनारी कमिटी अध्यक्ष युग कुमार के नेतृत्व में सोनारी राम मंदिर चौक पर राहगीरों के बीच लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान जबर्दस्त आतिशबाजी भी की गई। मौके पर शफीक मल्लिक, किरण क्षितिज, गुठलू, देवेन्द्र दास, स्वामी दास समेत झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, दो मोबाइल बरामद

**जमशेदपुर ।** बीते दिनों बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 6 ज्ञानदीप स्कूल के पास रहने वाले मुकेश कुमार श्रीवास्तव के घर पर चोरी की घटना घटी थी। जिसके बाद उन्होंने मामले की लिखित शिकायत थाने में जाकर की थी। वहीं शिकायत पर थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी के नतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। गठित पुलिस टीम ने अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर बिरसानगर जोन नंबर 1 बेदी टेंट के पास रहने वाले अप्राथमिकी अभियुक्त रोहित कारुआ उर्फ कचछु को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने दो साथी का नाम भी पुलिस को बताया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने बिरसानगर जोन नंबर 6 मदर टेरेसा पुलिया के पास रहने वाले आरोपी अजय मुखी उर्फ बड़का और राहुल मुखी उर्फ छोटका को भी गिरफ्तार किया। इस दौरान इनके पास से चोरी के दो मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपी को रविवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। टीम में थाना प्रभारी नेमधारी रजक, एसआई पांडू सामड, आरक्षी अभिमन्यु कुमार सिंह और सूरज देव सिंह शामिल थे।

### भाजपा सीतारामडेरा मंडल ने मनाया हूल दिवस, वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर ।** भाजपा सीतारामडेरा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को हूल दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्वी विधानसभा अंतर्गत भुइंयाडीह चौक स्थित हुल क्रांति के नायक सिद्धू कानू की आदमकद प्रतिमा पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उपस्थित कार्यकताओं ने उनके बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने हुल दिवस को आजादी की पहली लड़ाई बताते हुए संथाल विद्रोह के नायकों को नमन करते हुए कहा कि झारखंड के वीर सपूतों ने हुल क्रांति कर अंग्रेजी हुकूमत की जड़े दिला दी थी। यह विशेष दिन स्वाधीनता संग्राम में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले आदिवासियों के संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को याद करने का है। उन्होंने सभी वीरों के प्रति श्रद्धांजलि भी अर्पित की। जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री रमेश नाग, रमेश बास्के, मिथलेश साव, शैलेश गुप्ता, काजू सांडिल भाजपा सीतारामडेरा मंडल के महामंत्री संतोष कुमार, उमेश साव, गौरव साहू, रामचंद्र साव, संतोष साव, मुकेश कुमार, ओम कश्यप, बिपिन साहू, दिलीप पासवान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधायक राज सिन्हा ने अमर शहीदों को नमन किया



**धनबाद।** हूल दिवस पर विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के बरमसिया स्थित अमर शहीद सिद्धो-कान्हू चौक पर अमर शहीदों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर हूल दिवस पर झारखण्ड के सभी अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने हूल दिवस को स्वतंत्रता संग्राम का सबसे महत्वपूर्ण संग्राम बताते हुए कहा कि हमारे अमर शहीद सीधो कान्हों, चांद भैरव व फूलो झानों ने अंग्रेजों के खिलाफ जितनी जीवंतता के साथ संग्राम छेड़ा वह अविस्मरणीय है। वे अपने जीवट संग्राम के लिए हमेशा भारत भूमि पर श्रद्धा के साथ याद किए जाएंगे। मौके पर दर्जनों लोग मौयुद थे।

# सबौना में किया गया मतदाता सूची का सत्यापन

**सत्यापन के क्रम में सभी घरों में बीएलओ व सुपरवाईजर के द्वारा एक स्टीकर चिपकाया जाना है।**



संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू ।** विश्रामपुर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा रविवार को शहरी क्षेत्र नगर परिषद के सबौना में मतदाता सूची का पन्ना सत्यापन (होम टू रोल वेरिफिकेशन) किया गया। जहां घरों में पहुंच मतदाता सूची से संबंधित जानकारी ली। साथ हीं जानना चाहा कि मतदाता सूची में अगर किसी व्यक्ति का नाम अभी तक शामिल नहीं किया गया हो तो उसे शामिल करें।

बताया कि मतदाता सूची का पन्ना सत्यापन को ले विभागीय पत्रांक 1871 दिनांक 27.06.2024 के द्वारा निर्देश प्राप्त है। जिसके तहत बीएलओ व सुपरवाइजर के द्वारा शहरी क्षेत्रों के सभी घरों का भ्रमण कर मतदाता का शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाना है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ व सुपरवाइजर के द्वारा कम से कम 10 प्रतिशत घरों के सभी मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सत्यापन के क्रम में किसी भी इलाके व मोहल्ले में अवस्थित लगातार 6 घरों का सत्यापन मतदाता सूची का पन्ना सत्यापन प्रविधि के द्वारा किया जाएगा।

सत्यापन के क्रम में सभी सत्यापित घरों में बीएलओ व सुपरवाईजर के द्वारा एक स्टीकर चिपकाते हुए उसपर तिथि अंकित करते हुए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। बीएलओ व सुपरवाईजर के द्वारा सत्यापित घरों में से 1 प्रतिशत का पुनः सत्यापन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा करते हुए हस्ताक्षर अंकित किया जाएगा। इतना हीं नहीं अधोहस्ताक्षरी के द्वारा औचक रूप से समय-समय पर भौतिक निरीक्षण व सत्यापन किया जाएगा।

बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि सत्यापन के क्रम में सभी घरों में बीएलओ व सुपरवाईजर के द्वारा एक स्टीकर चिपकाया जाना है। इसके लिए मुद्रित स्टीकर सहित प्रपत्र 6, 7, 8, 9 व 10 की मुद्रित प्रति उपलब्ध कराई जा रही है। साथ हीं बीएलओ को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कराते हुए छुटे हुए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन मतदाता सूची में करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# सुनीता चौधरी ने स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक में लिया हिस्सा



संवाददाता

**रामगढ़ ।** डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल मुर्रामकला के प्रांगण में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सुनीता चौधरी ने स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक में हिस्सा लिया और झारखंड सरकार द्वारा स्कूल को प्राप्त अनुदान राशि को स्कूल शिक्षकों के बीच वितरित किया।साथ ही साथ विधायक ने पिछले वर्ष की प्रबंध समिति की बैठक में क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में खोरठा की पढ़ाई शुरू करने के लिए सुझाव दिया था जिसे स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने पूरा करते हुए स्कूल में खोरठा की पढ़ाई सत्र 24 - 25 से शुरू कर दी गई। इस बात को लेकर उपस्थित सभी लोग और विधायक महोदया उत्साहित और खुश नजर आई और अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए उनकी पहला हमेशा रहती है और उन्होंने अपने माध्यम से सभी क्षेत्रों में स्थानीय भाषा को आगे बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। मौके पर उपस्थित शिक्षाविद वासुदेव महतो ने खोरठा की पढ़ाई शुरू किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की और उन्होंने भी पिछली बार स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए पुरजोर समर्थन दिया था और स्कूल में खोरठा भाषा की पढ़ाई शुरू होने पर उन्होंने भी प्रसन्नता जाहिर की सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने डिवा इन ओंकार मिशन स्कूल के सभी कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की और हमेशा इसे आगे बढ़ाने में अपनी ओर से समर्थन देने की बात कही स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के द्वारा विधायिका महोदय से एक स्कूल परिसर में मस्ट लाइट भी लगाने का आग्रह किया गया जिसे उन्होंने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया बैठक में शिक्षाविद वासुदेव महतो जी सुजीत कुमार, अनुपमा सिंह, नीरज मंडल अरुण बनर्जी संजय बनारसी और विधायक के समर्थक उपस्थित थे साथ ही साथ डिवाइन ओंकार मिशन के प्रचार्य मुकुंद कुमार, उप प्राचार्य अनीता निर्मला, पूनम, सविता, पुनीत कुमार चुरामन महतो, गीता, गुड़िया, बिरसा एवं और भी तमाम लोग उपस्थित थे।

# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर महज खाना पूर्ति : प्रमुख



संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू):** प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को झालसा के तत्वावधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन प्रखंड प्रमुख सुनिल कुमार पासवान, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में वृद्धा पेंशन योजना के 8 लाभुक, राशन कार्ड के 10 लाभुक, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 2 लाभुक, प्रधानमंत्री आवास योजना से के 10 लाभुक तथा उज्वला योजना से 2 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने कहा कि विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर ग्रामीणों के लिए काफी लाभप्रद है परंतु प्रचार प्रसार के आभाव में प्रखंड क्षेत्र से एक भी जनता यहां उपस्थित नहीं हुए हैं। सिर्फ संख्या दिखाने के लिए जेएसएलपीएस के द्वारा दीदियों को बुला लिया गया। कुल मिलाकर शिविर लगाने का खाना पूर्ति की गई है। मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता ने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा दीदियों का शोषण किया जाता है। चाहे मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हो या कोई भी सरकारी कार्यक्रम जेएसएलपीएस इन्हें भीड़ लगाने का एक साधन मात्र बना के रखा है। मौके पर पी एल वी रंजना कुमारी ने के द्वारा जिला विधिक प्राधिकरण के द्वारा चल रहे कार्यक्रम की जानकारी दी गई । वहीं जेएसएलपीएस के बीपीएम ने आपदा से होने वाले मौत जैसे ठनका, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना पर सरकारी मुआवजा के बारे में बताया। शिविर में जेएसएलपीएस के दीदीयों के द्वारा स्टॉल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक महेंद्र राम, पंचायत समिति सदस्य कमेश यादव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी दिलीप कुमार मेहता, पीएम आवास ऑर्डिनेटर रुस्तम गहलोत सहित जेएसएलपीएस की समूह के कई दीदियां दीदीय उपस्थित थे।

# यूनियन का नाम भी बदला, अब होगा टाटा वायर इंप्लाईज यूनियन



संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की सहायक कंपनी आइएसडब्ल्यूपी ( पुराना नाम तार कंपनी) और जमशेदपुर इंजीनियरिंग एंड मशीन मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी (जेम्को) के दोनों यूनियनों के विलय के प्रस्ताव को शनिवार सदस्यों ने पूर्ण बहुमत से पारित किया। वहीं दोनों यूनियनों के मर्जर के बाद इसका नया नाम टाटा वायर इंप्लाईज यूनियन रखा गया है। इससे पूर्व वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन और जेम्को वर्कर्स यूनियन की अलग अलग वार्षिक आम सभा हुई। जिसमें पहले जेम्को यूनियन की आमसभा 5 बजे आयोजित हुई। जिसका संचालन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने किया। साथ ही महामंत्री अमित सरकार ने प्रतिवेदन दिया। इस दौरान यूनियन का अकाउंट भी बताया गया। जिसे सारे लोगो ने ध्वनी मत से पारित किया। इसी बीच पुनः जेम्को यूनियन और वायर प्रोडक्ट यूनियन का मर्जर का प्रस्ताव महामंत्री द्वारा रखा गया। जिसे भी सर्वसम्मती से पारित किया गया दूसरी तरफ वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन की आमसभा का आयोजन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने दिवंगत लोगों के लिए शोक भी रखा। पुन महामंत्री द्वारा यूनियन का अकाउंट लोगों को बताया गया और जिसे सारे लोगो ने पास किया। इसी तरह पुनः दोनो यूनियन का मर्जर का प्रस्ताव रखा गया और जिसे भी सारे लोगो ने पास किया। जिसके बाद पुनः दोनो यूनियन का सामूहिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो यूनियनों के सदस्य वहां मौजूद थे। जहां को ऑप्शन कर पुनः अध्यक्ष का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी लोगों ने पारित किया। साथ ही अध्यक्ष ने बताया कि इस नए यूनियन का नाम टाटा वायर इंप्लाईज यूनियन होगा। जिसका सारे लोगो ने दोनो हाथ उठाकर स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रदेश इंटक के ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी महेंद्र मिश्र भी उपस्थित रहे। अंत में नव नियुक्त अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय द्वारा सभी को धन्यवाद भी दिया गया। बैठक में महामंत्री पंकज सिंह, श्रीकांत सिंह, दानी शंकर तिवारी, अमरीक सिंह, मंजीत सिंह, गुरविंदर सिंह समेत अन्य सभी कमेटी मेंबर भी मौजूद थे।

## अन्याय और दास्ता से मुक्ति की विजय गाथा है हूल दिवस : चन्द्रदेव महतो

**सिन्दरी।** बिरसा समिति सिन्दरी के तत्वावधान मे आयोजित हूल यानी विद्रोह दिवस पर सिध्दो-कान्हू, चांद- भैरव को याद किया गया। बता दें कि अंग्रजो के छक्का छुडाने वाले नायकों का खास दिन है हूल दिवस। सर्वप्रथम सिध्दो कान्हू के चित्र पर मलयार्पण कर क्रान्तिकारी अभिनन्दन किया गया। अमर शहीदो हम तुम्हे नही भूलेगे के नारे लगाए गए। बिरसा समिति के महासचिव चन्द्रदेव महतो ने अपने संदेश मे कहा कि अन्याय और अत्याचार से मुक्ति का रास्ता है विद्रोह दिवस। क्रान्ति के नायको का पवित्र स्मरण आज भी हम सवको अपने अधिकार के प्रति सचेत रहने का मार्गदर्शन कराता है। वर्तमान केन्द्रीय सरकार का भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति उदासीन रवैय्या विद्रोह के लिए ललकारता है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मनाएगी कारगिल विजय रजत दिवस



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के तत्वाधान में आयोजित होने वाले कारगिल रजत दिवस समारोह में घाटशिला और शहर के वीरों एवं नारियों का सम्मान किया जाएगा। वहीं रविवार को एग्रिको स्थित राम मंदिर में आगामी 28 जुलाई को संध्या 5 बजे कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें संगठन के अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने के साथ साथ इसका सम्मान करना है। इस कार्यक्रम के संयोजक विनय कुमार यादव, संयोजक अवधेश कुमार और सुखविंदर सिंह हैं। वहीं सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश पांडे संबोधन करेंगे। जबकि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद विधुत वरण महतो, कमान अधिकारी 324 रेजिमेंट और एशिया अध्यक्ष इंदर अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। मौके पर अवधेश कुमार, राजेश पांडे, विनय कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, अवधेश कुमार, एसके सिन्हा, मनोज कुमार, सुखविंदर सिंह, गौतम लाल, योगेश कुमार और डीएन सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

# कोहली ने की टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

## एक नजर

### मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री ने भारतीय ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब भी ताजा हैं। टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। टोक्यो ओलंपिक के बाद से ही हमारेएथलीट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी-जान से जुटे हुए थे। सभी खिलाड़ियों को मिला दें, तो इन सबने करीब नौ सौ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। ये काफी बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा साथियो, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं।

### टीम को विश्व विजेता बनाने के साथ द्रविड़ ने कोच के रूप में खत्म किया अपना शानदार सफर



**नई दिल्ली।** साल 2007 के वनडे विश्वकप में वेस्ट इंडीज की धरती पर सितारों से सजी टीम इंडिया पहले ही राउंड में बाहर हुई तो कप्तान राहुल द्रविड़ की आंखों से आंसू निकल आए थे, शनिवार रात जब उसी सरजमीं पर टीम इंडिया टी-20 विश्वकप विजेता बनी तो कोच राहुल द्रविड़ भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। कोहली ने जब द्रविड़ के हाथों में ट्रॉफी थमाई तो उन्हें पहली बार सार्वजनिक तौर पर खुशी से शोर मचाते देखा गया। इसी शानदार मोड़ पर रोहित शर्मा-विराट कोहली का टी-20 सफर खत्म हुआ और द्रविड़ का टीम इंडिया के मुख्य कोच का कार्यकाल। राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में आधिकारिक तौर पर भारत का पूर्णकालिक मुख्य कोच जब बनाया गया तो इसकी यह कहते हुए कड़ी आलोचना हुई कि टेस्ट क्रिकेट के धुरंधर रहे द्रविड़ को तीनों फॉर्मेट का कोच बनाना कहां तक उचित है। कोहली, रोहित जैसे सितारों से भरी टीम इंडिया को द्रविड़ कुशलता से हैंडल कर पाएंगे, इसपर भी गहरा संदेह था। बैकग्राउंड में कोच के रूप में रवि शास्त्री के बेहतर रिकॉर्ड द्रविड़ के लिए अलग चुनौती थे। द्रविड़ का कार्यकाल नवंबर 2023 में वनडे विश्वकप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 विश्वकप तक उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए मना लिया।



दिल्ली। एजेंसी

टी20 क्रिकेट में टीम इंडिया के दूसरी बार विश्वविजेता बनने की खुशी के साथ ही भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए आंखें नम कर देने वाली भी एक खबर है। टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनने के साथ ही विरोट कोहली ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में 76 रनों की पारी खेलने के लिए प्लेयर

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर विश्वकप का खिताब अपने नाम किया

ऑफ द मैच का खिताब जीता। मैच के बाद कोहली ने कहा यह मेरा आखिरी टी20 वर्ल्ड कप था और हम यही हासिल करना चाहते थे। एक दिन आपको लगता है कि आप रन नहीं बना पा रहे, तो कई चीजें घटित होती हैं। ईश्वर महान है, और जिस दिन टीम के लिए महत्वपूर्ण दिन था उस दिन मैंने टीम के लिए काम को पूरा किया।

कोहली ने आगे कहा कि अभी नहीं तो कभी नहीं, भारत के लिए यह मेरा आखिरी टी20 मैच था। मैंने इसका भरपूर फायदा उठाना चाहा और सफल भी रहा। कप उठाना चाहता था, स्थिति को मजबूर करने के बजाय उसका सम्मान करना चाहता था। यह एक खुला रहस्य था, अब अगली पीढ़ी के कार्यभार संभालने का समय आ गया है, कुछ अद्भुत खिलाड़ी टीम को आगे ले जाएंगे और ध्वज को ऊंचा लहराएंगे। बतादें कि वेस्टइंडीज के बारबाडोस में खेले गए 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। जहां मैन ऑफ द मैच कोहली को चुना गया, वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम रहा। भारतीय टीम पहली ऐसी टीम भी बनी है, जो विश्वकप के एक संस्करण में एक भी मैच नहीं हारी। टी20 विश्वकप 2024 के पूरे टूनामेंट में टीम इंडिया अपराजेय रही।

## एक युग का अंत : रोहित शर्मा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



नई दिल्ली। एजेंसी

रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ मिलकर बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में हराकर विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह वनडे और टेस्ट खेलना जारी रखेंगे। रोहित ने फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह मेरा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैंने इसके हर पल का लुत्फ उठाया है। मैंने अपना भारतीय करियर इसी प्रारूप में खेलते हुए शुरू किया था। मैं यही चाहता था, मैं कप जीतना चाहता था। मैं यह बहुत चाहता था। शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल था। मैं अपने जीवन में इस खिताब के लिए बहुत बेताब था। खुश हूं कि हमने आखिरकार यह मुकाम हासिल कर लिया। रोहित ने इस प्रारूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया है। उन्होंने 159 मैचों में 4231 रन रन बनाए हैं, साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक (पांच) का रिकॉर्ड भी उनके नाम है।

रोहित ने दो टी20 विश्व कप खिताब जीते हैं, 2007 में खिलाड़ी के तौर पर पहला खिताब और अब 2024 में कप्तान के तौर पर रोहित और कोहली का टी20 प्रारूप से संन्यास लेना पूरी तरह से अप्रत्याशित नहीं था। दोनों खिलाड़ियों ने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद कोई टी20 मैच नहीं खेला था और इस साल जनवरी में ही 2024 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस प्रारूप में खेलना शुरू किया। रोहित ने टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना प्रदर्शन जारी रखा उन्होंने, टूर्नामेंट में 156.70 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए वो भी अमेरिका और वेस्टइंडीज में मुश्किल बल्लेबाजी परिस्थितियों में। उन्होंने अपने आक्रामक दृष्टिकोण से भारत को तेज शुरूआत देने की जिम्मेदारी ली और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी सुपर आठ गेम और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में महत्वपूर्ण मैच जीतने वाले अर्धशतक बनाए।

## ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास लिया

बारबाडोस। एजेंसी

ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा कर दी है हालांकि वह अन्य प्रारुपों में खेलते रहेंगे। जडेजा ने ड्रेसिंग रूम में विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया के जरिये अपने संन्यास की जानकारी दी है। इससे पहले भारतीय टीम की जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की थी। इस प्रकार अब तक तीन खिलाड़ियों ने खेल को अलविदा कह दिया है।



जडेजा ने लिखा, मैं गर्व के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास किया है। वहीं अन्य प्रारूपों में अब भी मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करता रहूंगा। साथ ही कहा कि टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर।

यादों, जयकारों और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जडेज ने टीम में जगह मिलने के बाद से ही लंबा सफर तय किया है। इस बार हालांकि वह अपने नाम के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। फरवरी 2009 में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से उन्होंने 74 मैचों खेलते हुए कुल 515 रन बनाए हैं और 54 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ रहा जिसमें उन्होंने 29 गेंदों में46 रन बनाएथे। वहीं गेंदबाजी करते हुए उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 2021 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ था, जिसमें उन्होंने 15 रन देकर तीन विकेट लिए थे। जडेजा आक्रामक बल्लेबाजी , स्पिनर गेंदबाजी के अलावा अपनी शानदार फिल्डिंग के लिए भी जाने जाते हैं।

## टी-20 विश्व विजेता बनने के साथ टीम इंडिया को मिली रिकॉर्ड पुरस्कार राशि



नई दिल्ली। एजेंसी

बारबाडोस में खेले गए टी-20 विश्वकप फाइनल में शनिवार रात टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हरा कर 17 साल बाद टी-20 का विश्व विजेता बना। इस शानदार जीत के साथ टीम इंडिया ने 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) की भारी-भरकम पुरस्कार राशि भी अपने नाम कर ली। आईसीसी की घोषणा के मुताबिक टी-20 की विश्व विजेता बनी भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) मिले। पिछले किसी भी टी-20 विश्वकप विजेता टीम को इतनी बड़ी पुरस्कार राशि नहीं मिली। उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये (1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मिले। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये (787,500 यूएस डॉलर) मिले। उल्लेखनीय है कि इस साल टी-20 विश्वकप में कुल 20 टीमें शामिल थीं। इस वजह से यह अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्वकप रहा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही आईसीसी ने पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए प्राइज मनी का बजट 93.51 करोड़ रुपये (11.25 मिलियन यूएस डॉलर) रखा था। यह पिछले सभी आईसीसी टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट से ज्यादा है। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्वकप में प्राइज मनी का बजट 82.93 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।

## चक दे इंडियाः पूर्व क्रिकेट सितारों ने टीम इंडिया की तारीफों के पुल बांधे



नई दिल्ली। एजेंसी

टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत पर पूर्व क्रिकेट सितारों ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया की जमकर तारीफ करते हुए शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए लिखा- 'चक दे इंडिया। टीम इंडिया की जर्सी में मौजूद हर सितारा देश के बच्चों को अपने सपनों की तरफ कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। भारत को चौथा विश्व कप मिला, टी-20 में दूसरा। वेस्ट इंडीज में भारतीय क्रिकेट का जीवन पूर्ण हो गया है। 2007 वनडे विश्वकप में हमारे खराब प्रदर्शन से लेकर उसी जगह क्रिकेट की ताकत बनने और 2024 में टी-20 विश्वकप जीतने तक, जीवन ने क्या मोड़ लिया है।

मेरे दोस्त राहुल द्रविड़ के लिए बहुत खुश हूं, जो 2011 विश्वकप जीतने से चूक गए, लेकिन इस टी-20 विश्वकप जीत में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। रोहित के बारे में कोई क्या कह सकता है। शानदार कप्तानी! टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लिखा- 'रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई। धोनी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थीं। शांतचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रख कर भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व कप्तान और पूर्व कोच अनिल कुंबले ने लिखा- 'बधाई टीम इंडिया। शानदार जीत। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, 'ये मेरा इंडिया। हम चैंपियन हैं।

टीम पर गर्व है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा- 'टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अपराजेय टीम। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।' टीम इंडिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने लिखा, 'आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तानी। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।' पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, 'ये मेरा इंडिया। हम चैंपियन हैं। टीम पर गर्व है।'

### नजीर, पवन ने टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को दी बधाई



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और उपमुख्यमंत्री के पवन कल्याण ने टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को रविवार को बधाई दी। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी शानदार जीत के लिए कप्तान रोहित शर्मा और पूरी भारतीय टी20 क्रिकेट टीम को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि पूरे देश और लोगों को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है तथा वह उन्हें भविष्य में ऐसी और भी उपलब्धियों की कामना करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने के लिए क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इंडिया क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप जीत लिया। भारतीय टीम ने दबाव से उबरकर कप जीता है। उन्होंने कामना की कि भारतीय क्रिकेट टीम भविष्य में भी इसी भावना को जारी रखेगी और अधिक टूर्नामेंट जीतेगी।

# वाणिज्य

## विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच आईआईपी, पीएमआई और वाहन बिक्री के आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। एजेंसी

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस और अल्ट्रासिमको की उड़ान के साथ ही नयी सरकार में चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट से सबकी उम्मीदें पूरी होने की आस लगाए निवेशकों की लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह 2.4 प्रतिशत तक चढ़े घरेलू बाजार की अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी), पीएमआई और वाहन बिक्री के जारी होने वाले आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1822.83 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79032.73 अंक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज



(एनएसई) का निफ्टी 509.5 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की उड़ान भरकर पहली बार 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 24010.60 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई।

इससे मिडकैप 191.3 अंक अर्थात 0.42 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 46158.35 अंक और स्मॉलकैप 193.9 अंक यानी 0.4 प्रतिशत की तेजी के साथ 52130.41 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से शेयर बाजार को पंख लग गए। इसी तरह इंडिया सीमेंट में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा के बाद अल्ट्रासिमको के शेयरों के पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी ने भी बाजार को एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाने में मदद किया। अगले सप्ताह इस वर्ष जून के आईआईपी के साथ ही विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के पीएमआई का आंकड़ा जारी होने वाला है। इन आंकड़ों का बाजार पर असर दिखेगा। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को सेंसेक्स 620.73 अंक चढ़कर 78,674.25 अंक और निफ्टी 147.50 अंक मजबूत होकर 23,868.80 अंक पर रहा।

### जून में वाहनों की हुई बिक्री के आंकड़े भी जारी

**इसके अलावा अगले सप्ताह जून में वाहनों की हुई बिक्री के आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन आंकड़ों की भी अहम भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह घरेलू बाजार में चार दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, ऑटो, कैपिटल गुड्स और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 131.18 अंक उछलकर 77,341.08 अंक और निफ्टी 36.75 अंक की बढ़त के साथ 23,537.85 अंक हो गया। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नयी सरकार में चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट से सबकी उम्मीदें पूरी होने की आस लगाए निवेशकों की वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग और टेक समेत सात समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 712.44 अंक की छलांग लगाकर 78,053.52 अंक और निफ्टी 183.45 अंक उछलकर 23,721.30 अंक पर बंद हुआ।**

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्तहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.34 प्रतिशत गिरकर 81.46 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 1.73 प्रतिशत उतरकर 84.84डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर से बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर



मुंबई। एजेंसी

स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की कमी के साथ 4.57 अरब डॉलर रह गया।

एक नजर

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर मुरादाबाद में क्रिकेट प्रेमियों ने मनाई दिवाली



**मुरादाबाद।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम की 17 वर्ष बाद जीत का जश्न पीतलनगरी मुरादाबाद में हर्षोल्लास से मनाया गया। फाइनल मैच के अंतिम ओवर की लास्ट गेंद पर जैसे ही भारतीय टीम के खाते में जीत दर्ज हुई वैसे ही लोगों ने आसमान में आतिशबाजी छोड़ने शुरू कर दी। शनिवार को टी 20 विश्व कप 2024 का खिताबी मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया। भारत ने अजेय रहते हुए चैंपियनशिप जीती है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में सात विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 169 रन ही बना सकी।

## वाहन से लटका मिला युवक का शव

**देहरादून/बागेश्वर।** राजस्व पुलिस क्षेत्र में देर रात एक युवक का शव वाहन से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। क्षेत्रवासियों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार राजस्व पुलिस क्षेत्र के भैरूचौबट्टा क्षेत्र में शनिवार की देर रात मैक्स वाहन से रस्सी के सहारे एक युवक का शव लटका था। युवक की पहचान मनोज कुमार पुत्र केसर राम के रूप में हुई है। युवक क्षेत्र का ही बताया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद राजस्व उप निरीक्षक जगदीश परिहार मौके पर पहुंचे और शव को रस्सी से उतारकर कब्जे में लिया।

## स्मार्ट सिटी परियोजना की अवधि बढ़ायी गयी

**देहरादून।** देहरादून को स्मार्ट शहर बनाने वाली परियोजना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की अवधि 2025 तक बढ़ाई गई है। केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम पूरा करने की टाइमलाइन जून 2024 से बढ़ाकर मार्च 2025 कर दी है। यह निर्देश आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर जारी किए गए। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत दून में ग्रीन बिल्डिंग के अलावा अन्य योजनाओं का काम लगभग पूरा हो चुका है। दून में प्रस्तावित स्मार्ट रोड, चाइल्ड फ्रेंडली सिटी प्रोजेक्ट, सीवर लाइन का कुछ कार्य पूरा होना बाकी है। साथ ही साथ ग्रीन बिल्डिंग परियोजना के लिए परियोजना की अवधि 2025 तक बढ़ा दी है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर सारंगपुर थाना क्षेत्र में गोपालपुरा बाइपास के समीप शनिवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मौके से वाहन को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार गोपालपुरा बाइपास के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गजराजसिंह (55) पुत्र दुलेसिंह निवासी बमोरी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## कार की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर करनवास थाना क्षेत्र में बस स्टेण्ड के समीप शनिवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे 29 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल युवक ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और कार को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात हाइवे पर बसस्टेण्ड के समीप तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 07 सीएच 0706 ने पैदल जा रहे लक्की (29) पुत्र रोशनलाल राव निवासी बकानी हालमुकाम करनवास को टक्कर मार दी।

## सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत

**धार।** जिले के बाकानेर पुलिस चौकी क्षेत्र में मनावर-खलघाट रोड पर शनिवार की रात जननी 108 एंबुलेंस और बाइक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के भेजे। बाकानेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की मनावर से बाकानेर जा रही एंबुलेंस क्रमांक सीजी-04, एनजेड-6067 ने कोलीपुरा गांव में बाइक क्रमांक एमपी 09 वीबी-7778 को सामने से टक्कर मार दी।

## रेलवे लाइन पार कर रही महिला की मौत

**यमुनानगर।** मोबाइल फोन पर बात करते हुए रेलवे लाइनों को पार करते वक्त एक महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। पुलिस के अनुसार 174 के तहत कार्यवाही की गई। मृतक महिला की पहचान कुसुम निवासी नानकपुरा फरकपुर के रूप में हुई। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने रविवार को बताया कि कुसुम आज सुबह साढ़े आठ बजे अपनी बहन से मिलने गांव परवालो जाने के लिए निकली थी।

# शारीरिक, मानसिक के साथ सामाजिक स्वास्थ्य भी सुधारेगी 'एकीकृत चिकित्सा': संभागायुक्त

- अरबिंदो विवि में एकीकृत (इंटेग्रेटिव) चिकित्सा के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए संभागायुक्त दीपक सिंह



**इन्दौर। एजेंसी**

कोविड महामारी के दौरान महसूस किया गया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे लिए सामाजिक और आर्थिक स्वास्थ्य भी बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि एकीकृत (इंटेग्रेटिव) चिकित्सा के माध्यम से हम इन मानकों पर भी समाज का समग्र विकास कर सकते हैं। यह बात संभागायुक्त दीपक सिंह ने शनिवार को श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय में आयोजित एकीकृत चिकित्सा के राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोटापा और उससे होने वाली समस्यायें लोगों के लिए परेशानियों का कारण बन रही हैं वहीं कई लोग कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

ऐसे में किसी एक चिकित्सा पद्धति पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय अगर हम आधुनिक, प्राचीन और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से मरीजों का इलाज करेंगे तो उनके जल्द रिकवर होने के चांसेस बढ़ जाएंगे। खासतौर पर, हमारे देश में वाचिक (मौखिक) परंपरा के तहत जो चिकित्सा संबंधी जानकारियाँ, पीढ़ी दर पीढ़ी मिलती रही हैं, उनका डाक्यूमेंटेशन और एथेंटिकेशन बहुत जरूरी है। जंगल में उत्पानदित होने वाली प्रत्येरक वनस्परति का अपना महत्व है। कार्यशाला को सेवानिवृत्त पीसीसीएफ डॉ. पीसी दुबे ने संबोधित करते हुए पूरे आयोजन की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जंगलों के स्वास्थ्य और विविधता बढाने के लिए विशेष प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। जंगल में उत्पा्दित होने वाली वनस्पाति का अपना महत्व है। जंगल को पुनः स्थापित करना होगा। प्रकृति और जंगल के ताने बाने को सशक्त करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। चिकित्सा विधि में जड़ी बूटियों का विशेष महत्व है। दूरस्थ वन क्षेत्र में रहने वाले जंगल जडी बूटियों के जानकारों के ज्ञान को सहेजने की आवश्यकता है। इसके लिए उनके ज्ञान को संकलित कर वैज्ञानिक तरीके से स्थापित किया जाएगा। यह पहल जंगलों के संरक्षण, वन प्रबंधन को नई दिशा प्रदान करेगी।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा औषधियों का फायदा**

विवि के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि ऐसी कई हर्बल मेडिसिंस हैं, जिनके इलाज से ठीक हुए मरीजों का साक्ष्य एकत्र कर विश्व स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाएगा। इससे इस औषधियों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मरीज लाभान्वित हो सकेंगे। रिटायर्ड पी.सी.सी.एफ. डॉ. पी.सी. दुबे ने कहा कि संभागायुक्तआ सिंह की विशेष पहल और श्री अरबिंदो अस्पताल के साथ इस प्रयास से इंसानों के साथ-साथ जंगलों, जानवरों, जमीनों, जल स्त्रोतों के साथ-साथ समूची प्रकृति के बेहतर स्वा स्य्शन में यह प्रयास लाभकारी सिद्ध होगा।

## गोली मारकर घायल करने वाला युवक पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** दुकानदार को गोली मारकर घायल करने वाले युवक को शालीमार गार्डन पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से यह युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने रविवार को बताया कि थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत लोहिया पार्क के पास पाइप मार्केट से आने वाली रोड पर चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पाइप मार्केट की तरफ से आता दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुका और अपनी मोटरसाइकिल को तेजी से डीएवी स्कूल की तरफ भागने लगा शक होने पर पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाश के द्वारा मोटरसाइकिल को तेजी से भगाने के कारण मोटरसाइकिल डीएवी स्कूल गेट नंबर 3 के सामने फिसल कर गिर गई और पुलिस पार्टी को पीछे आते देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

## बच्चों के लिए मैगी लेने बाजार गए पिता की ईंट से मारकर हत्या

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की देर रात बाजार में बच्चों के लिए मैगी लेने गए एक पिता की ईंट से मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस अज्ञात हमलावरों की तलाश में जुट गई है। बच्चों को लिए मैगी लेने बाजार आये पिता अनिल सरोज(40) पुत्र गुड्डू सरोज की हत्या बाद पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। महिमापुर गांव का रहने वाला अनिल सरोज शनिवार की रात 10 बजे जलालपुर बाजार में बच्चों के लिए मैगी लेने गया था। बेटी किरण ने बताया कि बाजार में सुनील और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों से उसके पिता से कहासुनी हो गई। सुनील ने लात घुसों से पीटने के बाद ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी केराकत प्रतिमा वर्मा ने रविवार को बताया कि जलालपुर थाना अंतर्गत महिमापुर गांव निवासी दिलीप सरोज ने बताया कि अनिल सरोज उसके भाई थे। सुनील सोनकर, जो लालपुर के निवासी हैं। शराब पीने को लेकर दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ा और दोनों में मारपीट शुरू हो गयी।

# फोरलेन निर्माण कार्य की डंपिंग ने बढ़ाई मुसीबतें

**शिमला। एजेंसी**



सोलन जिले के कैथलीघाट से शिमला के ढली तक फोरलेन के निर्माण कार्य के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। फोरलेन के निर्माण के लिए लगाई गई रिटेनिंग वॉल मॉनसून की पहले ही बारिश में गिर गए हैं, जिससे मलबा लोगों के खेतों तक पहुंच गया। इससे लोगों के घरों पर भी खतरा मंडराने लगा है।

फोरलेन के निर्माण कार्य में लगी कंपनी मलबे को जगह-जगह अवैध रूप से डंप करने लोगों का परेशानी हो रही है, जो कभी भी कहर बरपा सकता है। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने निर्माण कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मल्याणा शिमला में ग्रामीणों ने फोरलेन कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन निर्माण में उनकी जमीनें गई हैं। वे फोरलेन बनने के विरोध में नही हैं लेकिन कम्पनी मनमर्जी से काम कर रही है और मलबे को हर कही भी डंप कर रही है। इससे लोगों का परेशानी हो रही है। कंपनी की ओर से जो डंगे लगाए जा रहे हैं, वो भी धंस गए है और कभी भी वे गिर सकते हैं, जिससे भवनों को भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी के खिलाफ ढली थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जिला प्रशासन से लेकर सरकार को कंपनी की मनमर्जी पर रोक लगाने की मांग की गई लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य सही से हो और मलबा चिन्हित स्थानों पर ही डाला जाए। यदि कंपनी का यही रवैया रहा तो उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

## ट्रक से टकराई बाइक युवती की मौत, दो गंभीर

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत नैड़ी कठारी गांव के पास शनिवार की शाम नेशनल हाई-वे पर ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवती की मौत हो गई। बाइक चालक समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रयागराज जनपद के खीरी थाना क्षेत्र के खरका गांव निवासी सबिता (19) पुत्री बुद्धसेन, राजेश (19) निवासी सहजी थाना लालगंज और वासुदेव (35) निवासी पथरहा थाना हलिया के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर सहजी जा रहे थे। नेशनल हाई-वे पर नैड़ी कठारी गांव के पास मीरजापुर की ओर से आ रहे ट्रक से टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सबिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दोनों युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बरौंधा चौकी इंचार्ज जय शंकर राय ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के लिए भिजवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त बाइक और ट्रक को हटवा कर चालक को हिरासत में लिया।

# हिमाचल में 6549 बूथों पर सुनीं गईं पीएम मोदी के 'मन की बात'

**शिमला। एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल में 'मन की बात' का 111वां संस्करण रविवार को प्रदेश के 6549 बूथों पर सुना गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम के प्रमुख संजीव कटवाल ने बताया कि बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कार्रवाई। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नालागढ़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक राजीव बिंदल ने देहरा और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में मन की बात कार्यक्रम सुना। यह कार्यक्रम प्रदेश भर में संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, पदाधिकारियों, विधायकों और जिला मंडल यूनिट द्वारा सुना गया। यह कार्यक्रम सीधा-सीधा प्रधानमंत्री और देश को जोड़ने वाला कार्यक्रम है कुछ समय से यह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव की वजह से स्थगित था और अब फिर प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने विदेशों में भारत की धाक के उदाहरण गिनाए जो की हमारे लिए गर्व की बात है। तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहां के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम तथा सेंट विंसेंट और द ग्रेनेडाइंस ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया।

# बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा का विजय अभियान जारी रहेगा : विनोद

**गोपेश्वर। एजेंसी**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा कि जनता मन बना चुकी है कि भाजपा ही वह पार्टी है जो उनका विकास चाहती है और कर सकती है। जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीता कर यह साबित कर दिखाया है। लोकसभा चुनाव की तरह इस उपचुनाव में भी भाजपा का विजय अभियान जारी रहेगा।

प्रदेश प्रवक्ता सुयाल ने रविवार को गोपेश्वर में बदरीनाथ से भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भंडारी के समर्थन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा उम्मीदवार लंबे समय से बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने इस विधानसभा में कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। यहां हम सबने डबल इंजन लगाना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रहे हैं। आज उत्तराखंड कई क्षेत्रों में मॉडल राज्य के रूप में आगे आया है।

उन्होंने कहा कि जनता की मांग पर काम करते हुए सरकार ने सबसे पहले प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है और इसका गौरव प्रत्येक उत्तराखंडवासी को प्राप्त है। धामी सरकार ने राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अब सरकारी नौकरियों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। अब परिश्रम करने वाले छात्र परीक्षा में पास हो रहे हैं। कड़े आदेशों पर राज्य में सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण हटाने का काम निरंतर जारी है। अभी तक प्रदेश भर में पांच हजार एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाया गया है। हल्द्वानी के बनपुरा में कुछ लोगों ने दंगा करने का प्रयास किया था, अब इस तरह की घटना फिर से ना हो उसके लिए मुख्यमंत्री ने दंगारोधी कानून लागू किया गया है।

उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों का लोककल्याण के कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

# पुजारी के हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा : मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद। एजेंसी**



फरीदाबाद में स्थित जनता कॉलोनी में घर के बाहर सोए हुए बीजेपी के कार्यकर्ता और काली जनता कॉलोनी में मंदिर के पुजारी रवि भगत की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। उन पर रात को सोते हुए कुछ बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया था। इस बीच हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को अस्पताल में पहुंच कर घायल रवि भगत का हाल जाना और उनके परिवार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है।

एक-एक आरोपी को उठाकर जेल में डाला जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि लंबे ऑपरेशन के बाद अभी रवि भगत आइसीयू में उपचाराधीन है। शर्मा ने कहा जिला हो या प्रदेश किसी के साथ भी ऐसी वारदात करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी। 28 जून की रात भाजपा कार्यकर्ता और मंदिर के पुजारी रवि भगत पर चार बदमाशों ने चाकू और नुकीली चीज से हमला कर दिया था। रवि की पत्नी पुष्प कश्यप द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके का फायदा उठाकर भाग गए थे। इसके बाद से रवि भगत को फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रवि भगत की हालत अभी स्थिर बनी हुई है। फिलहाल रवि भगत का आईसीयू में इलाज चल रहा है। वहीं सारन थाना पुलिस ने हमला करने वाले मेहताब, गोलू, इकबाल, साजिद व गोलू वाधवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## गाड़ी की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में रतिया रोड पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जमालपुर स्टेशन के पास बनी ढाणी में रहने वाली महिला सीतो देवी ने कहा है कि वह अपने पति हंसराज के साथ जीरी लगाने के लिए गई हुई थी। शाम को जब वह वापस घर आई तो उसका पति टोहाना से परचून का सामान लेने की बात कहकर मोटरसाइकिल पर चला गया। जब वह टोहाना से वापस ढाणी आ रहा था तो रास्ते में नई अनाज मंडी, रतिया रोड के पास अज्ञात गाड़ी का चालक गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार हंसराज गंभीर रूप से घायल हो गया।

विकास

भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद की स्टडी में निकलकर सामने आई यह बात

# 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ। एजेंसी**

- अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदर्यीकरण से जुड़े हुए मुख्यत: 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है



योगी सरकार वर्ष 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए वहां संचालित विभिन्न परियोजनाओं में 85 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। यह बात उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कराई गई एक स्टडी में सामने आई है। यह स्टडी भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), अहमदाबाद गुजरात ने की है। ईडीआई ने अपनी स्टडी में बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदर्यीकरण से जुड़े हुए मुख्यतः 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इनमें से बहुत सारे प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं। वहीं कुछ पर अभी काम संचालित है, जिनके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

**इन 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है विकास**

रोड और पार्किंग, रेल लाइन का दोहरीकरण, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, गुप्तारघाट, मंदिर संग्रहालय, वैक्स संग्रहालय, सांध्य सरोवर, अयोध्या बाजार, 37 धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण, 25 पौराणिक एवं 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, साउंड लाइट शो के साथ वाटर स्पोर्ट्स और सरयू में क्रूज का संचालन, सरयू के घाटों पर 500 प्रीफैब शौचालय की स्थापना, परिक्रमा मार्गों का विकास, विभिन्न मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास, 140 भाषाओं में मौसम का पूर्वानुमान, सोलर बोट्स का संचालन, 28 भाषाओं में पथ प्रदर्शक बोर्ड, हेलीकॉप्टर की सुविधा, ई-कार्ट सुविधा, दिव्यंगों एवं वृद्धजनों के लिए व्हीलचेयर, रेल ओवरब्रिज, लक्ष्मण पथ का निर्माण, सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, कैफेटेरिया एवं ओपन थियेटर की सुविधाएं, सफाई मित्रों की तैनाती और स्ट्रीट लाईट जैसे अन्य प्रोजेक्ट शामिल हैं।

**वैश्विक मानकों को ध्यान में रखकर बनी हैं परियोजनाएं**

ईडीआईआई स्टडी में इस बार की पुष्टि की गई है कि नव्य अयोध्या के विकास के लिए बनी परियोजनाएं विश्वस्तरीय हैं।

## पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 को फतेहाबाद में

# कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह: प्रहलाद

**फतेहाबाद। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 जुलाई को फतेहाबाद में सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करेंगे। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की अध्यक्षता में 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे रतिया रोड स्थित शीश महल रिसोर्ट में यह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। कांग्रेस नेता एकजुट होकर जोर-शोर से इसकी तैयारियों में जुटे हैं।

कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा के कार्यालय गिलांखेड़ा संवाद भवन में कांग्रेस नेताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रतिया के पूर्व विधायक स. जरनैल सिंह ने की। इस बैठक में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा, पूर्व विधायक जरनैल सिंह, पूर्व विधायक स. निशान सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, सुरेन्द्र लेगा, गोपाल चौधरी, आनंदवीर गिलांखेड़ा सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक में सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 जुलाई को फतेहाबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे लोकसभा चुनावों में कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के चलते कांग्रेस को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए कार्यकताओं का आभार जताएंगे। पूर्व विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मुख्य रूप से प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है।

# पंजाबी हिन्दू बिरादरी की त्रिवार्षिक आम चुनाव संपन्न

## पुनः अध्यक्ष बनाये गये एससी वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह



संवाददाता

**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी की 38वीं वार्षिक आम सभा शनिवार की देर शाम झंडा चौक के माता वैष्णों देवी मंदिर स्थित बिरादरी हॉल में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एससी वासुदेव और संचालन महासचिव महेश मारवाह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री वासुदेव ने बिरादरी की भूमिका को और अधिक कारगर बनाने के लिए अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर जोर दिया। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किए जाने वाले संभावित कार्यक्रमों की रुप-रेखा से सभा को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रम किए जाने की योजना बनाई गई है। सभा के दूसरे सत्र में पंजाबी हिन्दू बिरादरी का चुनाव बिरादरी के वरिष्ठ सदस्य रमण मेहरा की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। जिनका सहयोग बलवंत राय मारवाह ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, महासचिव महेश मारवाह, सहसचिव नरेश चन्द्र मारवाह, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार खोसला को बनाया गया। बिरादरी के महासचिव महेश मारवाह ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष सत्र 2023-24 में संपन्न हुए सभी सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की सफलता को सशक्त एकता एवं सदस्यों की सक्रियता का परिणाम बताया। उन्होंने एक वर्ष के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी एवं भावी विकास योजनाओं की रूपरेखा से सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी टीम पर जिस प्रकार आपने विश्वास जताते हुए पिछले 14 वर्षों से हमें बिरादरी की सेवा करने का मौका दिया है, हम उस विश्वास को कायम रखते हुए अगले तीन साल बिरादरी की सेवा और अधिक तत्परता से करेंगे। वहीं बिरादरी के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार खोसला ने पिछले एक वर्ष के दौरान हुए आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इधर चुनाव समिति के अध्यक्ष रमण मेहरा ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 38 वर्षों से आप सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाते हुए सर्वसम्मति से बिरादरी का आम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया है। मौके पर मुख्य रूप से सुभाष चन्द्र मारवाह, ओमकार मल्होत्रा, सुरेन्द्र सोबती, प्रवीण शर्मा, संजीव चड्डा, हरि ओम भसीन, संजीव धमीजा, रविंद्र कुमार, महेंद्रपाल मारवाह, विजय सोबती, द्वारिका नाथ सिल्ली, राजीव चड्डा, कैलाश शर्मा, मनीष मारवाह, नितिन कपूर, जितेंद्र कैंथ, पवन मारवाह, विशाल वासुदेव, निशांत जैन, अशोक सोबती, विशाल मारवाह, अनिल छाबड़ा आदि मौजूद थे।

# ज्ञान महिला समिति ने चितरपुर में चलाया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान



संवाददाता

**रामगढ़।** चितरपुर कुर्मी टोला में 30 जुन को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा खत्म हो रैली निकालकर चलायक जागरूकता अभियान। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुषमा देवी व संचालन कुंती देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल उपस्थित रहें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा खत्म हो कार्यक्रम को संबोधित किया। जायसवाल ने कहा कि दहेज मुक्त विवाह करने वाले परिवार को सम्मानित किया जाएगा। जागरूकता अभियान में घर-घर जाकर बेटियों को जागरूक करें, 18 साल के बाद ही विवाह, बेटी को अच्छी शिक्षा के लिए स्कूल व कॉलेज में दाखिला के लिए जागरूक करें। समाज से दहेज प्रथा खत्म हो इसके लिए लड़की लड़का के माता-पिता को जागरूक करें ।समाजसेवी अनीता देवी ने कहा कि आज 30 जून को चितरपुर कुर्मी टोला में 50 घरों में जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा खत्म हो बेटियों की अच्छी शिक्षा दो को लेकर जागरूक किया गया है। आगे भी अभियान जारी रहेगा। जागरूक किया जाएगा ।कुंती देवी ने कहा कि ज्ञान महिला समिति बचाओ बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा खत्म हो कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ।बेटियों की शादी में मदद पहुंचा रहे हैं, दहेज मुक्त विवाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक कर रहे हैं।

## एक नजर

### कैंट मंडल में सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात



**रामगढ़ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर महीने के अंतिम सुने जाने वाली मन की बात कार्यक्रम को पूरे कैंट मंडल में सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। इसी क्रम में बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर वार्ड नंबर छः अंतर्गत आने वाले सभी नौ बूथ क्रमशः 47,48,49,50,51,52,53,54,55 के अध्यक्षों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सुना गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कुंटू बाबू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सूर्यवंश श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

### कोफिमयु सयाल डी परियोजना शाखा समिति का हुआ गठन

**भुरकुण्डा ।** सयाल डी परियोजना में कोल फिल्ड मजदुर युनियन की शाखा समिति का गठन किया गया । बरका सयाल क्षेत्रिय सचिव अशोक गुप्ता ने सभी चयनित शाखा पदाधिकारियो व सदस्यों के नामित पत्र को पीओ सयाल डी को सौंपा और कहा की सयाल डी परियोजन में कोफिमयु की शाखा समिति परियोजना में मजदुर की समस्या के निदान करने में प्रबंधन का सहयोग करेगी। नव गठित समिति में सयाल डी परियोजना शाखा सचिव सुजीत कुमार पटेल, अध्यक्ष संजय यादव उपाध्यक्ष संजय सिंह, बाबु नन्दन प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रयाग महतो, सहायक सचिव प्रदीप उराँव, मो युनुस, आयोजन सचिव मनोज कुमार सहित दस कार्यकारी सदस्य बंधु घांसी, त्रिवेणी साव, परमेश्वर राणा, राजू राम, सुरेश मांझी, बंशी बेदिया, संतोष सतनामी, कृष्णा पासी, महतो का चयन किया गया। नव गठित शाखा समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारियो को युनियन के लोगो ने बधाईयां देकर स्वागत किया ।

### भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला कमेटी का हुआ विस्तार



**भुरकुण्डा ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (युवा प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कमिटी का विस्तार करते हुये कई पदाधिकारियो का मनोनयन किया और नियुक्ति पत्र सौंपा। जिसमें उपाध्यक्ष - कुंवर प्रसाद बक्शी व रवि प्रकाश श्रीवास्तव भुरकुंडा, महामंत्री अभिषेक कुमार सिन्हा गोला ,मंत्री मनोज कुमार सिन्हा भुरकुंडा,मंत्री मनीष कुमार बक्शी सेंट्रल सौदा, भुरकुण्डा,सदस्य निरंजन कुमार सिन्हा भुरकुंडा,सदस्य जीवन बक्शी गोला,सदस्य सागर सिन्हा भुरकुंडा, का मनोनयन किया गया। सभी नये पदाधिकारी और सदस्यो को बधाई देते हुये जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रशांत कुमार ने कहा की नये टीम चित्रांश परिवार के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी। संगठन का उद्देश्य सभी चित्रांश परिवार को संगठित और मजबूत करना है।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने 150 गरीबों के बीच किया भोजन का वितरण




**भुरकुंडा ।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत वैंकटेश स्पंज आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दुर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन पत्तल बेचने आने वाले 150 गरीब महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पूरी-सब्जी , बुदियां का वितरण किया। मौके पर गरीबों के बीच भोजन का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, अशोक झा, उदयभान दुबे, मो शाहिद , संजू सिन्हा , जेपी पाण्डेय सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

# बुद्धिजीवी मंच मैट्रिक में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 50 छात्र - छात्राओं को किया सम्मानित



संवाददाता

**रामगढ़।** बरकाकाना क्षेत्र के पांच उच्च विद्यालयों के 50 छात्र छात्राओं को बुद्धिजीवी मंच द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही बरकाकाना क्षेत्र के उन युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जो 2023-24 में सरकारी नौकरी प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सम्मान समारोह नया नगर बरकाकाना दो नंबर गेट के समीप सामुदायिक भवन में हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर सेन्ट्रल रिपेयर शॉप, बरकाकाना के महाप्रबंधक श्री प्रवीण कुमार ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच के कोशिशों को सलाम करता हूं शिक्षा के प्रेरित करना अच्छी बात है। शिक्षा विकास की धुरी है मैं भी क्षेत्र को शिक्षित और विकसित बनाने में सहयोग दूंगा। बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच का प्रयास सराहनीय है। उन्होनें कहा कि शिक्षा से विकास के रास्ते खुलते हैं मंच उन गरीब ग्रामीण को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर रहा है जिनके यहां उच्च शिक्षा का प्राप्त करने का सोच और संकल्प की कमी है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एस ओ पी सुनील सहारे ने कहा कि आज के इस युग में शिक्षा के बिना विकास और संपन्नता की कल्पना असंभव सा है। अतः शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते रहें। सीनियर अधिवक्ता धनंजय यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और विकास के लिए कार्य करना बुद्धिजीवी का असल परिचय है। मंच के कार्यों से में प्रभावित हूं। बरकाकाना ओ पी प्रभारी अख्तर अली ने कहा कि शांति और सद्भावना बनाए रखने की पहल से प्रशासन को भी सहयोग मिलता है। पिछले कुछ दिनों से बुद्धिजीवी मंच का ऐसा भी प्रयास रहा है। मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमली ने कहा कि क्षेत्र को एजुकेशन हब बनाने में आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है। क्षेत्र में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों की भी जरूरत है। जैसे पर मेडिकल एंड नर्सिंग स्टाफ कॉलेज की स्थापना होनी चाहिए। मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि बहुत जल्द बरकाकाना क्षेत्र में एक पब्लिक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी जिस से क्षेत्र के छात्र युवा को सरकारी और गैर सरकारी नौकरियां लेने में मदद मिलेगी।

## झारखंड पेंशनर कल्याण समाज ने पुण्यतिथि पर संरक्षक डॉ निर्मल कुमार बनर्जी को याद किया

**रामगढ़।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज रामगढ़ जिला के कार्यालय में संरक्षक स्व. डॉ निर्मल कुमार बनर्जी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई।इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह ने सभा की अध्यक्षा की। सर्व प्रथम डॉ स्व निर्मल बनर्जी की चित्र पर उपस्थित पेंशनरों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। डॉ बनर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए वृंदावन सिंह, सचिव छोटू मोदी, संरक्षक पन्ना लाल राम, देवशरण महतो, अशोक गुप्ता, लाल बहादुर चौधरी आदि नें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाले। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से वृंदावन सिंह, छोटू लाल मोदी, पन्ना लाल राम, देवशरण महतो, मधुसूदन साहू, लाल बहादुर चौधरी, महेंद्र मोहन मिश्रा, कृष्णा प्रसाद अनिल बनर्जी, सुनील बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने सिद्धू कान्हु की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



संवाददाता

**हजारीबाग।** हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदानों को याद किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह एवं प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी समाज,सभ्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिद्धू कान्हु चांद भैरव के योगदानों को हमेशा याद रखा जाएगा। 30 जून 1855 को मौजूदा साहेबगंज ज़िले के भोगनाडीह गांव में वीर सिदो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में 400 गांवों के लगभग 50000 लोगों ने उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंका था। उनके कुबार्नों को नमन कर हम आज हूल दिवस मनाते है।

# अकाकुम्बा फुटबॉल मैदान में 169 वां हूल दिवस धूम - धाम से मनाया गया



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग दारू प्रखण्ड दिगावर पंचायत अकाकुम्बा फुटबॉल मैदान में सिद्धू कान्हु का 169 वां हूल दिवस दिवस के अवसर पर तिरंजदाजी नचागण प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी व मांडू विधानसभा प्रत्याशी आनंद सोरेन विशिष्ट अतिथि के रूप में दिगावर पंचायत मुखिया महेंद्र मुर्मू सहदेव किस्कू महालाल हंसदा शामिल हुए। मुख्य अतिथि का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। सभी विजेता विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वांही हूल दिवस के अवसर पर समाज सेवी सह मांडू विधानसभा प्रत्याशी आनंद सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धू-कान्हू ने हूल को सजीव और सफल बनाने के लिए धर्म का भी सहारा लिया। मरांग बूरू (मुख्य देवता) और जाहेर - एस (मुख्य देवी) के दर्शन और उनके आदेश बात का प्रचार कर लोगों की भावना को उभारा। सखुआ डाली घर - घर भिजवा कर लोगों तक निमंत्रण पहुंचाया कि मुख्य देवी - देवता का आशीर्वाद लेने के लिए 30 जून को भगनाडीह में इकठ्ठा होना है। फलतः 30 जून को भगनाडीह में कोई 30 हजार लोग शस्त्रो के साथ इकट्ठे हो गये। उस सभा में सिद्धू को राजा, कान्हू को मंत्री, चाँद को प्रशासक और भैरव को सेनापति मान कर नये संथाल राज्य के गठन की घोषणा कर दी गई। महाजन, पुलिस, जमींदार, तेल अमला, सरकारी कर्मचारी के साथ ही अंगेजों गोरों को मार भगाने का संकल्प लिया गया तथा लगान नहीं देने व सरकारी आदेश नहीं मानने का निश्चय भी किया गया। था पर जल्द ही उनका शोषण शुरू हो गया था जो बढ़ता ही गया। संचाल उनसे भी क्रोधित थे।

# हूल दिवस : भोगनाडीह से सिद्धो-कान्हू ने की थी क्रांति की शुरुआत



संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शहीद सिद्धो और कान्हू की शहादत को हूल दिवस को हजारीबाग महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा 30 जून 1855 को क्रांतिकारी नेता सिंधु मुर्मू एवं कान्हू मुर्मू के आव्हान पर बरहेट के भोगनाडीह में 20 हजार संथालों ने ब्रिटिश हुकूमत के अधीन महाजनी प्रथा और सरकार की बंदोबस्ती नीति के खिलाफ विद्रोह किया था। इस विद्रोह का मूल कारण था आदिवासियों से 50 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक खेती कर वसूल करना। इस अन्याय के खिलाफ जब भाई सिन्धो, कान्हू, चांद, भैरव और बहने फूलों झानो ने आवाज उठाई तो सैकड़ो लोगों ने इनका स्वागत किया और अपने परंपरागत तीर धनुष के साथ भोगनाडीह गांव में जमा होकर खुद को स्वतंत्र घोषित किया तथा स्थानीय जमींदार, पूंजीपतियों, सूदखोरों के खिलाफ जंग छेड़ने की शपथ ली। इसके लिए इनका एकमात्र नार था। जुमीदार ,महाजन, पुलिस ,राजदेन आमला को गुजकमाड' अर्थात जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो। यह क्रांति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उग्र क्रांतियां में से एक था जिसमें सैकड़ो लोग शहीद हुए थे ।

## रामगढ़, माण्डू व पतरातू प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायतों में झारखंड किसान महासभा कमिटी का हुआ गठन

# किसान महाजुटान की तैयारी पूरी : संतोष महतो



संवाददाता

**रामगढ़।** कैथा के समीप रांची हजारीबाग फोरलेन में स्थित पार्थ होटल सभागार में बैठक रखा गया जिसमें निकटवर्ती अगुवा किसानों का बैठक सह परिचर्चा आयोजित किया गया। बैठक में आगामी किसान महाजुटान को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड किसान महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने किया बैठक का संचालन अशोक महतो और कपिल देव महतो ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में झारखण्ड में मिलेट खेती के विशेषज्ञ पंकज रॉय ने आधुनिक खेती के साथ साथ खेती आधारित उद्यमों के विकास और आम किसान के संयोजन के एजेंडे पर विस्तृत बात रखी और महासभा द्वारा हर संभव सहायता और प्रशिक्षण आदि के प्रक्रिया पर लोगों को सुझाव दिये।मुख्य वक्ता रामगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय युवा नेता संतोष महतो ने महासभा के आगामी योजनाओं का विस्तार से बताया और कहा कि- झारखण्ड राज्य के किसान असंगठित हैं इनकी स्थिति दिहाड़ी मजदूरों से भी अधिक खराब हो गई है लेकिन राज्य में किसी पार्टी और नेता इनके ऊपर बात तक करने को जरूरी नहीं समझते हैं।इनके मुद्दों और समस्याओं को एक कोरम से ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। अन्य राज्यों में जहां किसान विकास के नये नये आयाम गढ़ हैं वहीं झारखण्डी किसान आभाव को अपना किस्मत समझ चुके हैं।दूसरे राज्यों में किसान अपने बुनियादी जरूरतों के आधार पर सरकार बनाते और गिराते हैं लेकिन हमारे राज्य में इनके बारे बात करने से भी राजनीतिक पार्टी और इनके नेता कतराते हैं।इसलिए ऐन झारखण्ड के किसानों ने एकजुट होने और अपने समाधान के लिए वृहद् आंदोलन की तैयारी कर ली है।मुख्य मुद्दों में महासभा ने तय किया है कि-इस वर्ष सरकार को किसानों से तय एमएसपी दर पर ससमय धान खरीद करना होगा किसानों के खाते में इसका भुगतान चौबीस घंटे के अंदर देने ,गैर मजरुआ खास जमीन का रसीद किसानों के नाम निर्गत करना शुरू करना होगा और अंचल और प्रखण्ड कार्यालयों में भ्रष्टाचार खत्म करने को लेकर मुख्य रूप से आंदोलन करने को लेकर प्रस्ताव पारित हुए।राज्य के प्रभावी किसान संगठन झारखण्ड किसान महासभा के दीगवार पंचायत प्रभारी शांति देवी,करमा दक्षिणी सुमिला कुमारी,करमा उत्तरी प्रभारी-कीर्ति देवी,वार्ड 27 में महिला प्रभारी विनीता कुमारी,सह प्रभारी सीमा बेदिया संयोजक सरिता कुमारी और प्रतिभा देवी नियुक्त किए गए।

## जिला कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ ने बूथ सशक्तिकरण अभियान का किया गया शुभारंभ

संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ के माइंस रेस्क्यू स्टेशन के सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ जिला ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदन प्रसाद ने किया, संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन आसिफ इकबाल के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी उपस्थित थी ।कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत दीप प्रज्वलित कर उनके द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बूथों में सक्रिय कार्यकताओं की अहम भूमिका होगी उपस्थित कार्यकताओं को उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग अभी से ही अपने-अपने बूथों को और भी सशक्त बनाने का प्रयास करें और जहां भी हमारी जरूरत महसूस हो बताएं हम अभी से ही गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे ।ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंदन प्रसाद ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम आयोजित की जाएगी और सभी बूथों पर कमेटी को और भी सशक्त बनाया जाएगा ताकि आने वाले चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम को रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी,जिला बिस सुत्री श्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, प्रदेश सचिव सी पी संतन, प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू जोशी, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता मुकेश यादव, 20 सूत्री के प्रखंड उपाध्यक्ष समसूद खान इत्यादि ने भी संबोधित किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999